S.O. 4478.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 11 of the Regional Rural Banks Act, 1976 (21 of 1976), the Central Government hereby appoints Shri M. R. Vijairania as the Chairman of the Saran Kshetriya Gramin Bank, Chapra and specifies the period commecning on 21-7-84 and ending with the 31-7-87 as the period for which the said Shri M. R. Vijairania shall hold office as such Chairman.

[No. F. 2-94/84-RRB]

का. आ. 4479.—प्रादेशिक ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 (1976 का 21) की धारा 11 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री खगेश्वर पूहन को धेनकनाल ग्राम्य बैंक, धेनकनाल का अध्यक्ष नियुक्त करती है तथा 24-9-84 से प्रारम्भ होकर 30-9-87 को समाप्त होने वाली अवधि को उस अवधि के रूप में निर्धारित करती है जिसके दौरान श्री खगेश्वर पूहन अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे ।

[संख्या एफ. 2-103/84-आर. आर. बी.]

S.O. 4479.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 3 of the Regional Rural Bank Act, 1976 (21 of 1976), the Central Government hereby appoints Shri Khageswar Puhan as the Chairman of the Dhenkanal Gramya Bank, Dhenkanal and specified the period commencing on the 24-9-84 and ending with the 30-9-1987 as the period for which the said Shri Khageswar Puhan shall hold office as such Chairman.

[No. F. 2-103/84-RRB]

का०आ० 4480.—प्रादेशिक ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 (1976 का 21) की धारा 11 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री एस. के. घटक को मुंगेर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, मुंगेर का अध्यक्ष नियुक्त करती है तथा 13-9-84 से प्रारम्भ होकर 30-9-87 को समाप्त होने वाली अवधि को उस अवधि के रूप में निर्धारित करती है जिसके दौरान श्री एस. के. घटक अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे ।

[संख्या एफ. 2(45)/81-आर. आर. बी.]
एस. एस. हुसूरकर, निदेशक

S.O. 4480.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 11 of the Regional Rural Banks Act, 1976 (21 of 1976), the Central Government hereby appoints Shri S. K. Ghatak as the Chairman of the Monghyr Kshetriya Gramin Bank, Monghyr and specifies as the period commencing on the 13-9-84 and ending with the 30-9-87 as the period for which the said Shri Ghatak shall hold office as such Chairman.

[No. F. 2(45)/81-RRB]
S. S. HASURKAR, Director

नई दिल्ली, 19 नवम्बर, 1984

का.आ. 4481—भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 53(2) के अनुसरण में केन्द्रीय निदेशक बोर्ड ने भारत सरकार को 30 जून 1984 को समाप्त हुए वर्ष के लिये भारतीय रिजर्व बैंक के कामकाज पर वार्षिक रिपोर्ट भेजी है जो नीचे उद्धृत की जाती है —

[संख्या एफ० 12/88/84-बी० ओ-1]

भारतीय रिजर्व बैंक के कामकाज के संबंध में वार्षिक रिपोर्ट

1 जुलाई 1983 से 30 जून 1984 तक

भाग 1—आर्थिक स्थिति

1983-84 में अर्थ-व्यवस्था ने विशेष रूप से कृषि उत्पादन में तीव्र वृद्धि के परिणामस्वरूप उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की । हालांकि औद्योगिक उत्पादन ने भी पिछले वर्ष की तुलना में उच्चतर वृद्धि दर्शायी, फिर भी यह वृद्धि दर योजना लक्ष्य से काफी नीचे थी । राष्ट्रीय आय 1982-83 की 2 प्रतिशत से भी कम की वृद्धि की तुलना में लगभग 8.5 प्रतिशत बढ़ने की संभावना है । व्यापार अंतराल में बढ़ोतरी के बावजूद विदेशी भुगतानों की स्थिति में भी सुधार हुआ । इन सब अनुकूल गतिविधियों के बावजूद मूल्य स्थिति लगातार चिंता का कारण बनी रही ।

कृषि उत्पादन

2. वर्ष के दौरान कृषि उत्पादन ने उल्लेखनीय वृद्धि दर्शायी । खाद्यान्न उत्पादन के अद्यतन आकलनों के अनुसार वर्ष के दौरान कुल उत्पादन 150 मिलियन टन से ऊपर रहा । यह 1981-82 के उत्पादन के उच्चतम स्तर से लगभग 13 प्रतिशत अधिक था । अधिकतर वाणिज्यिक फसलों ने पिछले वर्ष के उत्पादन की तुलना में सुधार दर्शाया । हां इस मामले में रुई तथा गन्ना विशेष अपवाद रहे ।

3. हालांकि कृषि के क्षेत्र में अनुकूल परिणाम बुनियादी तौर पर मौसमी उपादनों के कारण रहे फिर भी इनके पीछे उपयुक्त कृषि नीति ने भी अपनी भूमिका निभाई है । उर्वरकों के मूल्य में कमी और उसकी वितरण प्रणाली में विस्तार से उर्वरकों के उपभोग को बढ़ावा मिला । सिंचाई वाले क्षेत्र में भी विस्तार हुआ । इनके साथ ही बेहतर किस्म के बीजों तथा अन्य निवेश वस्तुओं के वितरण में भी और प्रगति हुई ।

4. खाद्यानों का कुल उत्पादन अब तक के सर्वाधिक स्तर 150.6 मिलियन तक पहुंच जाने का अनुमान है । इसमें 88.8 मिलियन टन खरीफ उत्पादन तथा 61.8 मिलियन टन रबी उत्पादन शामिल है । उत्पादन का यह स्तर 1981-82 के 133.3 मिलियन टन के पिछले रिकार्ड उत्पादन से 17.3 मिलियन टन अधिक और 1982-83 के दौरान के 128.4 मिलियन टन के उत्पादन से 22.2 मिलियन टन अथवा 17.3 प्रतिशत अधिक है । 1983-84 का उत्पादन वर्ष के लिये की गयी अपेक्षाओं को पीछे छोड़ गया है तथा छठी पंचवर्षीय योजना के मध्यावधि मूल्यांकन में 1984-85 के लिये निर्धारित किये गये 153.6 मिलियन टन के लक्ष्य से सिर्फ 2.00 प्रतिशत नीचे है । चावल का 59.4 मिलियन टन उत्पादन 1978-79 में प्राप्त किये गये 53.8 मिलियन टन के पिछले सर्वाधिक उत्पादन पर 5.6 मिलियन टन अथवा 10.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है । गेहूं का उत्पादन भी 1982-83 में प्राप्त किये गये 42.5 मिलियन टन के पिछले बेहतरीन स्तर से बढ़ कर 44.7 मिलियन टन के नये सर्वोच्च स्तर पर जा पहुंचा है ।

5. जहां तक वाणिज्यिक फसलों का सवाल है तिलहनों, कच्चे जूट तथा मेस्ता का उत्पादन अधिक होने के आसार हैं जबकि गन्ने और रुई के उत्पादन में गिरावट की आशंका है । तिलहनों का उत्पादन 12.6 मिलियन टन के नये सर्वोच्च स्तर तक पहुंचने की आशा है । जूट और मेस्ता का उत्पादन 1982-83 के 7.2 मिलियन गांठों की तुलना में 7.5 मिलियन गांठों के उच्चतर स्तर पर है । रुई के उत्पादन का अनुमान फिलहाल 7.7 मिलियन गांठें लगाया जा रहा है । पिछले वर्ष रुई का उत्पादन 8.3 मिलियन गांठें रहा था । गन्ने का उत्पादन 1982-83 के 189 मिलियन टन की तुलना में 165.170 मिलियन टन के आस पास होने की आशा है ।

6. छठी पंचवर्षीय योजना के पहले चार वर्षों के दौरान कृषि क्षेत्र का निष्पादन कुल मिलाकर संतोषजनक रहा है । छठी योजना ने खाद्यान्नों के लिये वार्षिक बढ़ोतरी की चक्रवृद्धि दर 1979-80 के प्रवृत्ति आधार उत्पादन-स्तर पर 3.9 प्रतिशत रखी थी । इसकी तुलना में योजना अवधि के चार वर्षों में वार्षिक वृद्धि दर 4.2 प्रतिशत रही है । खाद्यान्नों में से चावल के लिये बढ़ोतरी की वार्षिक चक्रवृद्धि दर 4.2 प्रतिशत गेहूं के लिये 4.3 प्रतिशत मोटे अनाजों के लिये 1.8 प्रतिशत तथा दालों के लिये 4.6 प्रतिशत का लक्ष्य रखा गया था । इन लक्ष्यों की तुलना में 1983-84 तक वास्तविक वृद्धि दरें चावल के लिये 3.8 प्रतिशत, गेहूं के लिये 5.9 प्रतिशत, मोटे अनाजों के लिये 3.5 प्रतिशत तथा दालों के लिये 2.5 प्रतिशत रही हैं ।

7. वाणिज्यिक फसलों के संबंध में योजना में रुई के लिये 4.6 प्रतिशत, कच्चे जूट और मेस्ता के लिये 3.9 प्रतिशत तिलहनों के लिये 5.0 प्रतिशत, तथा गन्ने के लिये 4.1 प्रतिशत, की बढ़ोतरी की मिश्रित वार्षिक चक्रवृद्धि दरों का अनुमान लगाया गया था । योजना के पहले चार वर्षों के दौरान वास्तविक निष्पादन से पता चलता है कि सभी का उत्पादन लक्ष्यों से नीचे रहा सिवाय तिलहनों के, जिनका उत्पादन 5.4 प्रतिशत बढ़ा । रुई के लिये वास्तविक मिश्रित वृद्धि दर केवल 1.3 प्रतिशत थी । कच्चे जूट तथा मेस्ता ने कोई वृद्धि नहीं दर्शायी जबकि गन्ने के लिये 0.8 प्रतिशत की ऋणात्मक वृद्धि रही ।

8. उत्पादन में वृद्धि होने तथा खरीद लागतों में बढ़ोतरी होने की वजह से खाद्यान्नों की अधिक मात्राएं सार्वजनिक वितरण के लिये खरीदी गई हैं । विपणन वर्ष 1983-84 (अक्तूबर 1983—जून 1984) के दौरान चावल की खरीद 7.5 मिलियन टन रही जो 1982-83 की इसी अवधि के दौरान की गयी 6.9 मिलियन टन की खरीद से 8.7 प्रतिशत अधिक थी । विपणन वर्ष 1983-84 (अप्रैल-मार्च) के दौरान की गयी 8.3 मिलियन टन गेहूं की खरीद भी 1982-83 में की गयी 7.7 मिलियन टन की खरीद की तुलना में अधिक थी । 1984-85 के दौरान गेहूं की खरीद 9 मिलियन टन के अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गयी है और ये 1983-84 मौसम की इसी अवधि के दौरान की गयी 8 मिलियन टन की तुलना में 12.5 प्रतिशत अधिक थी । कुल खाद्यान्न उत्पादन प्रतिशत के रूप में खाद्यान्न की कुल खरीद 1979-80 के लगभग 9 प्रतिशत से बढ़कर पिछले दो वर्षों में 11.12 प्रतिशत हो गयी है । गेहूं उत्पादन का लगभग 20 प्रतिशत और चावल उत्पादन का लगभग 13 प्रतिशत खरीदा जा रहा है । खाद्यान्न की अधिकतर खरीद कुछ ही राज्यों तक सीमित रखी गयी है । इस तरह खरीदे गये गेहूं का लगभग 98 प्रतिशत मुख्य रूप से 3 ही राज्यों अर्थात् पंजाब (60 प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (20 प्रतिशत), हरियाणा (18 प्रतिशत) से है । इसी तरह खरीदे गये चावल का लगभग 89 प्रतिशत 5 राज्यों अर्थात् पंजाब (44 प्रतिशत), हरियाणा (11 प्रतिशत), आन्ध्र प्रदेश (18 प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (10 प्रतिशत) और तमिलनाडु (6 प्रतिशत) से है ।

9. खुले बाजार में उपलब्धताओं में सुधार होने के कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए खाद्यान्न उठाये जाने में 1982-83 से वृद्धि की जो प्रवृत्ति दिखायी दे रही थी वह सितम्बर 1983 से कम होती चली जा रही है । परिणामस्वरूप खाद्यान्नों के सरकारी क्षेत्र के स्टॉक जो एक वर्ष पहले 16.9 मिलियन टन थे, मई 1984 के अंत में 22.6 मिलियन टन हो गये ।

औद्योगिक उत्पादन

10. वर्ष के दौरान औद्योगिक क्षेत्र का निष्पादन हालांकि कृषि क्षेत्र के निष्पादन की तरह प्रभावशाली नहीं था, फिर भी पिछले वर्ष की तुलना मे बेहतर था । वर्ष भर के दौरान सुधार परिलक्षित होता रहा लेकिन हाल ही के महीनों में अधिक स्पष्ट रूप से सामने आया । वित्तीय वर्ष 1983-84 के दौरान औद्योगिक उत्पादन के सूचक में वृद्धि 5.4 प्रतिशत रही जबकि पिछले वर्ष यह वृद्धि 3.9 प्रतिशत ही थी। सामान्य सूचक के तीनों ही घटकों में वर्ष के दौरान वृद्धि दर्ज की गयी। यह वृद्धि "खनन और उत्खनन" में 1982-83 के 10.8 प्रतिशत की तुलना में 11.4 प्रतिशत, विनिर्मित वस्तुओं में 2.5 प्रतिशत की तुलना में 4.0 प्रतिशत और "विद्युत" में 7.1 प्रतिशत की तुलना में 6.8 प्रतिशत रही । चालू वित्तीय वर्ष 1984-85 के पहले दो महीनों के दौरान सूचक ने पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान की 3.5 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 7.6 प्रतिशत की और वृद्धि दर्ज की । तीनों ही क्षेत्रों ने इस अवधि के दौरान पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में अधिक बड़ी वृद्धियां दर्ज कीं।

11. तिमाही निष्पादन विश्लेषण से पता चलता है कि औद्योगिक उत्पादन एक तिमाही से दूसरी तिमाही में निरंतर बढ़ता हुआ अंतिम तिमाही में 7.3 प्रतिशत के सर्वोच्च स्तर पर जा पहुंचा । 1983-84 में केवल पहली तिमाही को छोड़कर बाकी तिमाहियों में वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में अधिक थी जैसा कि इस सारणी में दिखाया गया है :—

सारणी—1 औद्योगिक उत्पादन सूचक में तिमाही उतार-चढ़ाव

(प्रतिशत रूप में)

	1982-83	1983-84
पहली तिमाही	+6.0	+3.5
दूसरी तिमाही	+2.1	+4.9
तीसरी तिमाही	+3.5	+5.7
चौथी तिमाही	+4.0	+7.3

12. वित्तीय वर्ष 1983-84 के दौरान औद्योगिक उत्पादन के उपयोग आधारित वर्गीकरण के विश्लेषण से पता चलता है कि "उपभोक्ता वस्तु" उद्योग समूह के अलावा सभी समूहों ने वृद्धि दर्ज की पूंजीगत वस्तु उद्योगों ने 1982-83 में दर्ज की गयी 2.7 प्रतिशत की गिरावट के विपरीत वर्ष 1983-84 के दौरान 10.8 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। "मूल उद्योगों" ने पिछले वर्ष की 8.1 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 6.9 प्रतिशत की अपेक्षाकृत कम वृद्धि दर्ज की। "माध्यमिक वस्तु उद्योगों" ने 6.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जो 1982-83 की 2.6 प्रतिशत की तुलना में काफी अधिक थी । "उपभोक्ता वस्तु उद्योगों" में 1982-83 में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि के विपरीत 0.4 प्रतिशत की गिरावट मुख्य रूप से गैर-टिकाऊ माल के उत्पादन में 0.7 प्रतिशत की गिरावट के कारण हुई थी । दूसरी ओर टिकाऊ वस्तुओं के उत्पादन में 2.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी।

13. कृषि आधारित उद्योगों के उत्पादन ने 1983-84 के दौरान 1.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जो 1982-83 की 2.7 प्रतिशत की वृद्धि से कम थी । इसका मुख्य कारण 1983-84 की अंतिम तिमाही (जनवरी-मार्च में) 5 प्रतिशत की गिरावट थी । जनवरी मार्च में हुई गिरावट चीनी, जूट की वस्तुओं तथा पेय पदार्थों के काफी कम उत्पादन के कारण हुई थी ।

14. छः आधारभूत उद्योगों अर्थात् बिजली, कोयला, बिक्री योग्य इस्पात, कच्चा पट्रोलियम, पट्रोलियम रिफायनरी उत्पाद तथा सीमेंट सामान्य सूचक में जिनका भार 23.2 प्रतिशत है, ने वित्तीय वर्ष 1983-84 में 6.7 प्रतिशत की समग्र वृद्धि दर्ज की । यह वृद्धि 1982-83 में प्राप्त की गयी 8.8 प्रतिशत की वृद्धि के अलावा थी । बिक्री योग्य इस्पात के अलावा सभी आधारभूत उद्योगों ने वर्ष 1983-84 के दौरान उच्चतर उत्पादन दर्ज किया । अप्रैल-जून 1984 की तिमाही में इन उद्योगों के उत्पादन में कुल जमा वृद्धि 14.7 प्रतिशत के उच्च स्तर पर थी जबकि पिछले वर्ष को इसी अवधि में 2.5 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई थी ।

15. वित्तीय वर्ष 1983-84 के दौरान कुल बिजली उत्पादन 139.9 बिलियन किलोवाट रहा जो वर्ष 1982-83 के दौरान हुई 5.7 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है । फिर भी, यह खास तौर पर जलविद्युत उत्पादन में धीमी वृद्धि के कारण 144 बिलियन किलोवाट के लक्ष्य से कम रहा । दक्षिण तथा पूर्व में जलविद्युत उत्पादन औसत से काफी नीचे था । जलविद्युत को वर्ष के दौरान कई अड़चनों जैसे पुरानी मशीनरी, खराब रखरखाव तथा जलाशयों में पानी के अपर्याप्त स्तर और साथ ही निर्धारित की तुलना में कम क्षमता स्थापित किए जाने आदि का सामना करना पड़ा । वर्ष 1983-84 के दौरान ताप बिजली उत्पादन (परमाणु बिजली सहित) ने 10.2 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की । कोयले (लिग्नाइट को छोड़कर) का उत्पादन 1983-84 के दौरान 1982-83 में 4.6 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 6.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 138.6 मिलियन टन रहा लेकिन यह फिर भी 142 मिलियन टन के लक्ष्य से 3.4 मिलियन टन कम रहा हालांकि इसके लिए नई खदानों से कोयला निकालना वर्तमान खदानों का गहरा खनन आदि कई उपाय किए गए थे। वर्ष की दूसरी छमाही में खानों और कामगारों की परिचालनगत क्षमता म उल्लेखनीय सुधार हुआ। कोयले के उठाव में वृद्धि होने और प्रमुख उपभोगताओं द्वारा स्टाक बना लिए जाने के बावजूद मार्च 1984 के अन्त में कोयले के 22.91 मिलियन टन के विशाल पिट हैड स्टॉक जमा हो गए थे।

16 अप्रैल-जून 1984 की तिमाही के दौरान बिजली उत्पादन 37.4 बिलियन किलोवाट था जो 1983 की इसी अवधि की 1.3 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 15.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है । इस वृद्धि के लिए आणविक सहित ताप तथा जल विद्युत उत्पादन उत्तरदायी थे । इनमें इस अवधि के दौरान क्रमशः 14.3 प्रतिशत और 18.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी । इसी तरह इस अवधि के दौरान कोयले का उत्पादन 14.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 33.4 मिलियन टन रहा जबकि 1983 की इसी अवधि के दौरान इसके उत्पादन में 1.8 प्रतिशत की गिरावट आयी थी ।

17. पिछले कुछ वर्षों से कच्चे पैट्रोलियम और पैट्रोलिम रिफायनरी-उत्पादों के उत्पादन में निरन्तर वृद्धि हो रही है और इनमें 1983-84 के दौरान क्रमशः 23.6 प्रतिशत और 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई । यह वृद्धि 1982-83 के दौरान हुई 30.1 प्रतिशत और 10.2 प्रतिशत की वृद्धि के अलावा थी । सीमेंट का उत्पादन भी 1982-83 के दौरान की 10.8 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 14.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ काफी सुधरा । दूसरी ओर बिक्री योग्य इस्पात के उत्पादन में 12.3 प्रतिशत की गिरावट आयी जबकि 1982-83 में इसमें 0.5 प्रतिशत की मामूली सी वृद्धि हुई थी स्वदेश और विदेश दोनों में ही मांग में मंदी के कारण भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड को अपने उत्पादन में कटौती करनी पड़ी । कच्चे पैट्रोलियम रिफायनरी उत्पादों के उत्पादन में 1984-85 की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान क्रमशः 22.5 प्रतिशत और 0.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी । जबकि 1983 की इसी अवधि के दौरान यह वृद्धि 19.8 प्रतिशत और 8.9 प्रतिशत की रही । सीमेंट के उत्पादन में 1983 की इसी अवधि के दौरान 7.7 प्रतिशत की वृद्धि के बाद 13.9 प्रतिशत की और वृद्धि हुई जबकि बिक्री योग्य इस्पात के उत्पादन में 18.8 प्रतिशत की गिरावट के विपरीत 9.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शायी ।

18. अन्य प्रमुख उद्योगों में से कपड़े (मिल क्षेत्र) तथा ट्रैक्टरों में क्रमशः 14.0 प्रतिशत और 21.0 प्रतिशत की भारी वृद्धियां दर्ज की गयीं जबकि 1982-83 में मुख्य रूप से बम्बई मिलों में लम्बी हड़ताल के कारण मिल कपड़े के उत्पादन में 17.8 प्रतिशत और ट्रैक्टरों में 25.3 प्रतिशत की गिरावटें आयी थीं । दूसरी ओर चीनी के उत्पादन में 16.4 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गयी ।

तीव्र वृद्धि में अड़चनें

19. हालांकि आधारभूत उद्योगों के आंकड़े उत्साहजनक निष्पादकता दर्शाते हैं, लेकिन ऐसा प्रतीत नहीं होता कि विनिर्माण क्षेत्र को अनुपातिक

अंश तक सहायता मिली हो क्योंकि शक्ति की उपलब्धता और जरूरतों के बीच अभी भी एक अन्तराल बना हुआ है जिसने विशेष रूप से दक्षिणी और पूर्वी क्षेत्रों में औद्योगिक उत्पादन को प्रभावित किया है। हालांकि कोयले और सीमेंट के उत्पादन में वृद्धि हुई लेकिन फिर भी ये लक्ष्यों से कम रहे, साथ ही वैगनों की अपर्याप्त उपलब्धता के कारण उन्हें उपभोक्ता केन्द्रों तक ले जाने में कठिनाई सामने आयी। पंजाब में और औद्योगिक सम्बन्धों में अशान्ति की स्थिति के कारण भी विनिर्मित वस्तुओं के उत्पादन पर प्रभाव पड़ा।

20. 1970 की आधार अवधि के साथ औद्योगिक उत्पादन का सूचक, तेजी से बढ़ते हुए कुछ उद्योगों, जैसे, पैट्रोलियम, कृत्रिम रेशा उद्योग, इलैक्ट्रॉनिक उद्योग आदि, जिसका सूचक में भार कम है, के उच्च उत्पादन के प्रभाव को शायद पूरी तरह नहीं दर्शाता और इस कारण, हो सकता है, वास्तविक समय वृद्धि उस सूचक में उतार-चढ़ाव द्वारा कम आंकी जाती हो इस प्रयोजन के लिये सरकार ने एक पैनल नियुक्त किया है जो इन सभी घटकों पर विचार करने के बाद औद्योगिक उत्पादन में वास्तविक उतार-चढ़ाव को बेहतर तरीके से दर्शाने के लिये नयी सूचक श्रृंखला की सिफारिश करेगा।

21. कुछ विशेष उद्योगों के साथ भी समस्यायें जुड़ी रही हैं। उदाहरण के लिये, सूती वस्त्र उद्योग के मामले में, उद्योग अन्य समस्याओं के साथ-साथ इस समय कच्चे माल की कमी की समस्या का सामना कर रहा है। जूट वस्त्र उद्योग को लागत में वृद्धि, अन्य देशों के साथ प्रतियोगिता और पश्चिम बंगाल में जूट मिल कर्मचारियों की 1984 की पहली तिमाही की हाल ही की हड़ताल का सामना करना पड़ा। उद्योग को अब कच्चे जूट की कमी की स्थिति का भी सामना करना पड़ रहा है। कतिपय निवेश वस्तुओं की अपर्याप्त उपलब्धता और लागतों में बढ़ोतरी के कारण कागज उद्योग अल्प क्षमता-उपयोग से पीड़ित रहा जिसकी वजह से बड़ी इकाइयों के उत्पादन में गिरावट आयी और कई छोटी इकाइयां बंद हो गयीं। इंजीनियरी उद्योग पर अफ्रीकी देशों से कम निर्यात मांग और पश्चिमी यूरोप में धीमी वसूली की वजह से संकट जारी रहा। इसके अलावा कई मूल और पूंजीगत उद्योगों को अपने संयंत्रों और मशीनरी के आधुनिक न होने का सामना करना पड़ा।

राष्ट्रीय आय, बचत और निवेश

22. रिजर्व बैंक आकलनों के अनुसार निरपेक्ष रूप में शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (एन० एन०पी०) की दर 1983-84 में, 1978-79 के बाद सर्वोच्च अर्थात् 8.5 प्रतिशत के आसपास रहेगी। यह दर 1982-83 में 1.7 प्रतिशत और 1981-82 में 4.9 प्रतिशत थी। 1983-84 के लिये सकल शुद्ध देशी बचत का अस्थायी अनुमान चालू बाजार मूल्यों पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद का 16.6 प्रतिशत लगाया गया है। यह 1982-83 के 16.9 प्रतिशत से मामूली-सी गिरावट दर्शाता है। 1981-82 में शुद्ध देशी बचत शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद की 16.5 प्रतिशत थी। 1983-84 के दौरान शुद्ध देशी बचत के निरपेक्ष स्तर में वृद्धि हुई है और इस वर्ष के लिये बचत अनुपात में थोड़ी-सी गिरावट बचत की तुलना में शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद में काफी तीव्र वृद्धि के कारण हुई थी। सार्वजनिक क्षेत्र की बचत में लगातार दूसरे वर्ष भी गिरावट हुई, 1983-84 में यह गिरावट 0.9 प्रतिशत पाइंट थी। शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद में देशी निगम क्षेत्र की बचत का हिस्सा 0.8 प्रतिशत बना रहा। घरेलू क्षेत्र की बचत 1982-83 के शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के 13.3 प्रतिशत से बढ़कर 1983-84 में शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद प्रतिशत हो गयी। सकल देशी बचत 1983-84 में सकल राष्ट्रीय उत्पाद का 22.1 प्रतिशत निकलने का अनुमान है जबकि यह 1981-82 और 1982-83 में सकल राष्ट्रीय उत्पाद की क्रमशः 21.6 प्रतिशत और 22.7 प्रतिशत थी। क्रमशः शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (एन०एन०पी०) और सकल राष्ट्रीय उत्पाद (जी० एन०पी०) की प्रतिशतता के रूप में शुद्ध और सकल देशी बचत और निवेश के अनुमान, सारणी 2 में दिये गये हैं।

सारणी—2 शुद्ध देशी बचत एवं निवेश के अनुमान (चालू बाजार कीमतों पर)

क्षेत्र/मद	राजकोषीय वर्ष		
	1981-82	1982-83 (अनंतिम)	1983-84 (अस्थायी अनुमान)
1	2	3	4
1. शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद में घरेलू क्षेत्र की शुद्ध बचत जिसमें से वित्तीय परिसंपत्तियों में बचत	12.1 6.0	13.3 7.9	13.9 7.9
2. शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद में सार्वजनिक क्षेत्र की शुद्ध बचत	3.5	2.8	1.9
3. शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद में देशी निजी निगम क्षेत्र की शुद्ध बचत	0.9	0.8	0.8
4. शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद में कुल शुद्ध देशी बचत (1+2+3)	16.5	16.9	16.6
5. सकल राष्ट्रीय उत्पाद में कुल सकल देशी बचत	21.6	22.7	22.1
6. शुद्ध देशी बचत में विदेशी स्रोतों का आगमन	2.3	1.6	1.4
7. शुद्ध देशी बचत में कुल शुद्ध निवेश (4+6)	18.8	18.5	18.0
8. शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद में कुल सकल निवेश	23.7	24.2	23.3

टिप्पणी : 1981-82 तथा 1982-83 के अनुपात पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट के अनुपात से मेल नहीं खाते क्योंकि राष्ट्रीय आय के अनुमानों में बाद में तथा और आंकड़े उपलब्ध होने पर बचत एवं निवेश में संशोधन किये गये।

23. भौतिक आस्तियों में घरेलू क्षेत्र की बचत 1982-83 में शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के 5.4 प्रतिशत से बढ़कर 1983-84 में शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के 6.0 प्रतिशत के बराबर हो गयी जबकि वित्तीय आस्तियों के रूप में वर्ष 1983-84 में शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के 7.9 प्रतिशत पर अपरिवर्तित बनी रही। कुल वित्तीय आस्तियों में मुद्रा और जमा के रूप में वर्ष के दौरान थोड़ी-सी गिरावट आयी। शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के अनुपात के रूप में जमाराशियां 1982-83 के 5.4 प्रतिशत से गिरकर 1983-84 में 5.2 प्रतिशत रह गयीं। मुद्रा के रूप में बचत में थोड़ी सी वृद्धि हुई और वह 1982-83 के 1.4 प्रतिशत से बढ़कर 1983-84 में 1.5 प्रतिशत हो गयी। सरकार पर दावे, जो पिछले वर्ष बहुत तेजी से कम हो गये थे, 1983-84 में उनमें कुछ वृद्धि हुई। घरेलू क्षेत्र में देयताएं शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के 2.8 प्रतिशत पर अपरिवर्तित बनी रहीं।

24. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के बचत निष्पादन ने 1983-84 में कोई खास सुधार नहीं दर्शाया। केन्द्र सरकार के प्रशासन के बचत न करने पर भी 1983-84 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की कुल बचतों में 1982-83 की तुलना में गिरावट आयी। अलबत्ता, इस संदर्भ में यह नोट किया जाये कि तेल कंपनियों ने 1982-83 और 1983-84 के दौरान तेल समन्वयन समिति को काफी मात्रा में निधियां अंतरित कीं। यदि इन अंतरणों को हिसाब में लिया जाये तो सार्वजनिक क्षेत्र का समग्र बचत निष्पादन गिरावट नहीं दर्शाता।

25. वर्ष के दौरान स्रोतों के शुद्ध आवक में वृद्धि हुई लेकिन शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के रूप में 1982-83 के 1.6 प्रतिशत से थोड़ी सी गिरावट आयी क्योंकि चालू बाजार मूल्यों पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद में काफी वृद्धि हो गयी थी। शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के अनुपात के रूप में शुद्ध निवेश 18.9 प्रतिशत से गिरकर 1983-84 में 18.0 प्रतिशत रह

गया तथा सकल राष्ट्रीय उत्पाद के रूप में सकल निवेश भी 1982-83 में 24.2 प्रतिशत से गिरकर 1983-84 में 23.3 प्रतिशत रह गया।

ऋण नीति विषयक गतिविधियां

26. राजकोषीय वर्ष 1983-84 के दौरान ऋण नीति विषयक प्रतिक्रियाओं में, प्रारक्षित मुद्रा में बहुत अधिक वृद्धि पर और समूची नकदी निधि की वृद्धि पर उसके प्रभाव पर चिंता परिलक्षित हुई। प्रारक्षित मुद्रा बैंकों द्वारा भिन्नात्मक प्रारक्षित प्रणाली (फ्रैक्शनल रिजर्व सिस्टम) के अन्तर्गत ऋण बढ़ाने और निक्षेप सृजन के लिये आधार के रूप में कार्य करती है और प्रणाली को नकदी निधि में समग्र वृद्धि के लिये साधन मिलते हैं। ऋण नीति का सारा ध्यान नकदी की समग्र वृद्धि को नियमित करने पर लगा रहे, इसके वास्ते किये जाने वाले उपाय कारगर सिद्ध हों, इस लिये यह जरूरी है कि वे प्रारक्षित मुद्रा आधार की वृद्धि को कम करने और अर्थव्यवस्था में पहले ही सृजन की जा चुकी प्राथमिक मुद्रा को निष्क्रिय बनाने की दिशा में कार्य करें।

27. इसलिये राजकोषीय वर्ष 1983-84 के दौरान किये गये ऋण नीति विषयक उपायों का प्रमुख लक्ष्य प्राथमिक मुद्रा में तीव्र बढ़ौतरी के फैलाववादी असर को कम करना रहा। ऐसा करते समय ऋण नीति का मूल मंत्र, ऋण के विस्तार के लिये आवश्यक शर्तों के रूप में सामान्य ऋण मानदण्डों और अनुशासन के पालन के साथ, सभी उत्पादक गतिविधियों को पूरा समर्थन देने वाला बना रहा। 1983 के मंदी के मौसम में नकदी निधि को सक्षम बनाने की दृष्टि से नकदी प्रारक्षित अनुपात को बढ़ा दिया गया था और खाद्यान्न पुनर्वित्त के लिये कट ऑफ पाईंट में वृद्धि की गयी थी। हां, चूंकि प्रारक्षित मुद्रा और जमा वृद्धि में विस्तार लगातार बढ़ते रहे और मूल्य स्थिति चिंता का कारण बनी रही। नकदी निधि के विस्तार को काबू में रखने के लिये और भी उपाय करने पड़े। तदनुसार नकदी प्रारक्षित अपेक्षाएं अगस्त 1983, नवम्बर 1983 तथा फरवरी 1984 में बढ़ा दी गयीं, खाद्यान्न पुनर्वित्त के लिये कटऑफ पाईंट में नवम्बर 1983 में वृद्धि की गयी।

28. हाल ही के वर्षों में नकदी निधि में तीव्र वृद्धि की पृष्ठभूमि प्रारक्षित मुद्रा सृजन में उल्लेखनीय वृद्धि और रिकार्ड खाद्यान्न फसल के बावजूद मूल्यों में वृद्धि विपरीत 1984 मंदी के मौसम के लिए ऋण नीति ने एक बार फिर इस बात की जरूरत पर बल दिया कि नकदी की वृद्धि दर को कम किया जाये और इसके जरिये स्फीति अपेक्षाओं पर अंकुश लगाया जाये। बिना प्रारक्षित मुद्रा उत्पन्न किये राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के ढांचे के भीतर ही सार्वजनिक क्षेत्र के विशाल निवेश के लिए साधन जुटाने के वास्ते सांविधिक नकदी अनुपात में एक प्रतिशत पाईंट की वृद्धि का निर्णय किया गया। यह निर्णय किया गया कि 1984-85 के व्यस्त मौसम की शुरूआत से पहले 31 अक्तूबर 1980 की स्थिति के अनुसार अवरुद्ध नकदी शेष राशियों का एक हिस्सा जारी कर दिया जाय ताकि अपेक्षित उत्पादन में अधिकतर वृद्धि में सहयोग के आवश्यक संसाधनों में आने वाली कमी को उभरने से रोका जा सके।

नीति विषय उपाय—अगस्त 1983

29. अप्रैल 1983 में नकदी प्रारक्षित अनुपात में एक प्रतिशत पाईंट की वृद्धि करते हुए उसे सात प्रतिशत से आठ प्रतिशत करने की घोषणा की गयी थी। नकदी प्रारक्षित अनुपात में 27 अगस्त 1983 से, आधे प्रतिशत पाईंट की और वृद्धि करके उसे 8.5 प्रतिशत कर दिया गया ताकि मंदी के मौसम में बैंकिंग तंत्र में अतिरिक्त नकदी का कारगर प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

नीति विषयक उपाय—अक्तूबर 1983

30. 1983-84 के व्यस्त मौसम से कुछ ही पहले अक्तूबर 1983 में मौद्रिक नीति की समीक्षा की गयी और कतिपय नीति विषयक उपाय घोषित किये गये। अनुकूल मानसून की वजह से खरीफ की फसल शानदार रहने की संभावना थी। हालांकि औद्योगिक उत्पादन में मजबूती पकड़ने के आसार अभी तक दिखाई नहीं दिये थे, फिर भी कृषि उत्पादन की तेजी से सुधरती स्थिति से वित्तीय वर्ष 1983-84 की दूसरी छमाही में औद्योगिक सुधार को मजबूती मिलने की आशा थी। ऐसे वक्त पर यूं लग रहा था कि 1983-84 में वृद्धि की समग्र दर 6-7 प्रतिशत के आसपास रहेगी। साथ ही, 1983-84 में उस वक्त तक अर्थव्यवस्था में समग्र नकदी (एम 3) की वृद्धि दर भी पिछले वर्ष की तुलना में ऊंची रही थी। हालांकि प्रमुख पण्यों के मूल्यों में वृद्धि की गति में कुछ धीमापन आया था, फिर भी सितम्बर 1983 के अंत में मुद्रास्फीति की वर्ष-दर-वर्ष दर पिछले वर्ष के 2 प्रतिशत से भी कम की तुलना में 10 प्रतिशत के आस-पास थी और इसलिए यह जरूरी समझा गया कि 1983-84 में समग्र नकदी निधि की वृद्धि को कम करने लिए उपाय किए जाएं और साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि वास्तविक उत्पादक जरूरतों के लिए ऋण की मांगे पूरी की जाएं।

31. रिजर्व बैंक से पुनर्वित्त की गणना के आधार में आवधिक परिवर्तनों के एक भाग के रूप में दो परिवर्तनों की घोषणा की गयी थी। पहला परिवर्तन था बकाया खाद्यान्न ऋण का कट-आफ्-पाईंट, जिस पर 100 प्रतिशत पुनर्वित्त उपलब्ध था, 25 नवम्बर 1983 से 2,800 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 3,300 करोड़ रुपये कर दिया गया, तथा दूसरा परिवर्तन यह था कि निर्यात ऋण पुनर्वित्त फार्मूले में परिवर्तन किया गया। बैंकों को दो स्तरीय फार्मूले के अन्तर्गत निर्यात पुनर्वित्त दिया जा रहा था और उसकी हकदारी, 1980 के मासिक औसत स्तर से 1981 के मासिक औसत स्तर पर निर्यात ऋण में हुई वृद्धि के 50 प्रतिशत और 1981 में निर्यात ऋण के मासिक औसत स्तर पर वृद्धि के 100 प्रतिशत के जोड़ के बराबर थी। निर्यात ऋण में वृद्धि को सुदृढ़ प्रोत्साहन उपलब्ध कराने की दृष्टि से 25 नवम्बर 1983 से दो स्तरीय पुनर्वित्त फार्मला हटा दिया गया और उसके स्थान पर 1982 के लिए मासिक औसत स्तर पर निर्यात ऋण में वृद्धि के 125 प्रतिशत की एक समान दर का फार्मूला लागू किया गया।

32. ऋण संबंधी नीति के लक्ष्यों की सुविधा के लिए किये गये अन्य उपाय इस प्रकार थे :—

(1) राज्य विद्युत बोर्डों और राज्य सड़क परिवहन निगमों के लिए भारतीय औद्योगिक विकास बैंक बिल पुनर्भुनाई सुविधा की मात्रा बढ़ा कर 100 करोड़ रुपये से 150 करोड़ रुपये करने और सुविधा को जून 1984 के अंत तक बढ़ा कर कतिपय बड़े औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश प्रेरित करने के लिए अक्तूबर 1982 में किये गये उपायों को मजबूत करना

(2) ऋण प्राधिकरण योजना के अन्तर्गत आने वाली पार्टियों के लिए कट-ऑफ पाईंट 3 करोड़ रुपये से बढ़ा कर 4 करोड़ रुपये करना,

(3) निम्नलिखित पर ब्याज दरें कम करना (क) किसानों को चयनित अल्पकालिक ऋण, (ख) दालों और तिलहनों में मूल्य समर्थन कार्यों के लिए ऋण। ऋण दरों में भी कटौतियां नये बीस-सूत्री कार्यक्रम में निर्धारित किये गये लक्ष्यों में अधिक उद्देश्यपूर्णता लाने तथा साथ ही ऋणगत नीति के पुनर्वितरण-कारी प्रभाव को मजबूत बनाने के लिए की गयी थीं तथा

(4) सड़क परिवहन परिचालकों के मामले में ब्याज की रियायती दर पर ऋण की पात्रता में विस्तार करना ताकि वाणिज्यिक वाहन उद्योग की वृद्धि को और सहारा मिले और साथ ही छोटे सड़क परिवहन परिचालकों की और सहायता की जा सके।

33. बैंकों से कहा गया था कि वे समूचे प्राथमिक क्षेत्रों के लक्ष्यों और विशेष रूप से विनिर्दिष्ट किये गये उप लक्ष्यों की तुलना में अपने निष्पादन का मूल्यांकन करें कृषि और संबंधित गतिविधियों के लिए प्रत्यक्ष वित्त मार्च 1985 तक कुल ऋण के कम-से-कम 15 प्रतिशत तक के स्तर तक और मार्च 1987 तक कुल ऋण के कम-से-कम 16 प्रतिशत तक पहुंचना चाहिए और कमजोर वर्गों के लिए अग्रिम मार्च 1985 के अंत तक प्राथमिक क्षेत्र के अग्रिमों के 25 प्रतिशत तक के स्तर तक अथवा कुल बैंक ऋणों के 10 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच जाने चाहिए।

हालांकि एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत निष्पादन में सुधार हुआ फिर भी इन क्षेत्रों में तथा नये 20 सूत्री कार्यक्रम को लागू करने में बैंकिंग तंत्र को सौंपे गये कार्यों में और प्रगति की जानी थी। बैंकों को शिक्षित बेकार युवकों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए नयी योजना को कारगर ढंग से लागू करने तथा उसकी देखरेख करने के लिए कहा गया। इस बात पर भी जोर दिया गया कि छोटे उधारकर्ताओं की जरूरतों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। बैंकों से यह भी कहा गया कि वे मझौले और बड़े औद्योगिक क्षेत्र में अपने ग्राहकों पर अपना प्रभाव इस्तेमाल करें ताकि लघु उद्योगों में सप्लायरों को देय राशियों के भुगतान में विलम्ब न हो।

नीति संबंधी उपाय—नवम्बर 1983

34. जमाराशियों में वृद्धि की स्थिति मजबूत बनी रही और ऋण गतिविधियां धीमी रहीं। इसके परिणामस्वरूप बैंकिंग तंत्र के पास नकदी निधि के विपुल भण्डार जमा हो गये। प्राथमिक मुद्रा में विस्तार की मात्रा काफी अधिक रही और मूल्य स्थिति भी चिंता का कारण बनी रही। इसलिए बैंकिंग तंत्र की नकदी निधि को और स्थिर करने की जरूरत थी ताकि जमाराशियों की वृद्धि और बैंक ऋण में अपेक्षित विस्तार के बीच बेहतर संतुलन प्राप्त किया जा सके। इस प्रयोजन को ध्यान में रखते हुए एक वृद्धिशील नकदी प्रारक्षित अनुपात निर्धारित किया गया। बैंकों को 12 नवम्बर 1983 से शुरू होने वाले सप्ताह से शुक्रवार 11 नवम्बर 1983 के स्तर पर शुद्ध मांग और मीयादी देयताओं में वृद्धि के 10 प्रतिशत का वृद्धिशील नकदी प्रारक्षित अनुपात रखना था। जमाराशियों में वृद्धि के साथ बैंकों से यह आशा की गयी कि व्यस्त मौसम के दौरान उत्पादन में वृद्धि के समर्थन में पर्याप्त ऋण उपलब्ध कराने में उन्हें कोई कठिनाई नहीं होगी। जिस सीमा तक अलग-अलग बैंकों को नकदी समस्याओं का सामना करना पड़ा, वहां उन्हें यह आश्वासन दिया गया कि ऐसे बैंकों को गुणदोषों के आधार पर अल्प अवधियों के लिए विवेकाधीन पुनर्वित उपलब्ध कराया जायेगा।

नीति संबंधी उपाय—जनवरी 1984

35. जनवरी 1984 तक यह स्पष्ट हो चला था कि भुगतान संतुलन में सुधार से मिली आंशिक सहायता के साथ प्रारक्षित मुद्रा की वृद्धि मजबूत बनी रही। वित्तीय वर्ष 1983-84 (जनवरी 1984 के शुरू तक) यह पूरे वित्तीय वर्ष 1982-83 की वृद्धि की तुलना में स्पष्ट रूप से लगभग दुगुने तक पहुंच गयी थी और वर्ष दर वर्ष आधार पर मुद्रा स्फीति दर 10 प्रतिशत से भी अधिक थी। इन गतिविधियों को देखते हुए इस बात की तत्काल जरूरत महसूस की गयी कि बैंकिंग तंत्र में अतिरिक्त नकदी को और स्थिर किया जाये। तदनुसार 27 जनवरी 1984 को, 4 फरवरी 1984 से शुरू होने वाले सप्ताह से नकदी प्रारक्षित अनुपात में आधा प्रतिशत पाइंट की वृद्धि करके उसे 8.5 प्रतिशत से 9.0 प्रतिशत करने का निर्णय किया गया।

ऋण संबंधी नीति के लिए पृष्ठभूमि—1984-85 की पहली छमाही

36. 1983-84 में मौद्रिक तथा ऋण गतिविधियों और 1984-85 की पहली छमाही में अपेक्षित गतिविधियों की पृष्ठभूमि में अप्रैल 1984 के अंतिम सप्ताह में ऋण संबंधी नीति की समीक्षा की गयी। हालांकि वास्तविक आय वृद्धि 8 प्रतिशत से अधिक थी और मुद्रा स्फीति दर अंतिम तिमाही में नीचे आती प्रतीत हुई थी, फिर भी यह 1983-84 में समग्र रूप में 9 प्रतिशत से अधिक रही। वित्तीय वर्ष 1983-84 में नकदी (एम 3) की समग्र वृद्धि जो 17 प्रतिशत थी अपेक्षित रूप से बहुत अधिक थी और प्राथमिक मुद्रा में वृद्धि भी बहुत ऊंची दर पर थी। यह मान लेना स्वाभाविक ही था कि मौसम स्थितियां बेहतर होने के बावजूद 1984-85 में आर्थिक वृद्धि की समग्र दर, 1983-84 में रही वृद्धि की रिकार्ड दर से काफी कम ही होगी। हाल ही के वर्षों में नकदी में तीव्र विस्तार रिकार्ड खाद्यान्न फसल के बावजूद वित्तीय वर्ष 1983-84 में प्रारक्षित मुद्रा सृजन में उल्लेखनीय वृद्धि और थोक मूल्यों में लगभग 9 प्रतिशत की वृद्धि को ध्यान में रखते हुए यह जरूरी समझा गया कि व्यवस्थित वित्तीय प्रबंध और उचित मूल्य स्थिरता बनाए रखने के हित में 1984-85 में वित्तीय नीति का एक महत्वपूर्ण मुद्दा यह होना चाहिए कि समग्र नकदी के विस्तार और प्रारक्षित मुद्रा सृजन की गति को कम किया जाए। यह भी महत्वपूर्ण था कि छठी योजना के अंतिम वर्ष 1984-85 के दौरान उच्च प्राथमिक उद्योग में सार्वजनिक क्षेत्र का निवेश ठीक ठाक बना रहा। यह भी माना गया कि आधार भूत उद्योगों के सुधरे हुए निष्पादन और 1983-84 में रिकार्ड कृषि उत्पादन को देखते हुए 1984-85 में औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि दर में सुधार की उम्मीद की जा सकती है। तदनुसार ऋण नीति को यह सुनिश्चित करना था कि प्रमुख प्राथमिक क्षेत्रों की ऋण जरूरतों को पूरा करने के अलावा अपेक्षित औद्योगिक विस्तार के वित्तपोषण के लिए कार्यशील पूंजीगत आवश्यकताएं पूरी की जाएं। हालांकि उत्पादक क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए ऋण विस्तार के वास्ते काफी गुंजाइश रखी जानी थी, फिर भी ऋण नीति का सारा जोर नकदी की वृद्धि दर को धीमा बनाये रखने और मुद्रा स्फीतिगत अपेक्षाओं को बढ़ने से रोकने पर था।

37. 1984-85 में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की जमाराशियों में 9600 करोड़ रुपये (1.9 प्रतिशत) की वृद्धि को कार्यशील अनुमान के रूप में मान लेना उचित समझा गया। भूतकाल में जमा वृद्धि को आम तौर पर वित्तीय वर्ष के दो अर्धांशों में बराबर बराबर बांटा जाता रहा। तदनुसार बैंकों को सूचित किया गया कि वे अपने परिचालनों की योजनायें यह मान कर बनायें कि 1984-85 की पहली छमाही में जमाराशियों में वृद्धि 4,800 करोड़ रुपये के आसपास होगी। अनुमानित जमाराशि वृद्धि के स्तर पर बैंक 1984-85 की पहली छमाही में नकदी निधि में लगभग 800 करोड़ रुपये की वृद्धि करने और साथ ही 1,700 करोड़ रुपये का ऋण विस्तार उपलब्ध कराने की स्थिति में होगा।

38. 1984 की रबी फसल अच्छी होने की वजह से खाद्यान्न की खरीद विपुल मात्रा में होगी और इसलिए बैंकों से कहा गया था कि वे मार्च 1984 के अंत और जून 1984 के अन्त के बीच बैंकिंग तंत्र में खाद्यान्न ऋण में वृद्धि के लिए लगभग 900 करोड़ रुपये की व्यवस्था रखें। इसके बाद सितम्बर 1984 के अन्त तक खाद्यान्न ऋण में लगभग 600 करोड़ रुपये की गिरावट का अनुमान लगाया गया था। कुल मिला कर बैंकिंग तंत्र इस स्थिति में होना चाहिए कि 1984-85 की पहली छमाही में खाद्यान्न ऋण में पूरी वृद्धि का वित्तपोषण अपने ही स्रोतों से कर सकें।

नीति संबंधी उपाय—अप्रैल 1984

39. अपर्याप्त स्रोतों के समूचे परिवेश में राशनिंग करना निहायत जरूरी हो गया था। राष्ट्रीय प्राथमिकता और अनिवार्य सार्वजनिक क्षेत्र निवेशों की जरूरत को देखते हुए और साथ ही राष्ट्रीय बचतों में बैंक जमा राशियों को देखते हुए बैंक जमाराशियों के विभिन्न क्षेत्रों के दावों के रूप में स्रोतों के वितरण की समीक्षा की गयी थी। अप्रैल 1984 में घोषित विभिन्न नीति संबंधी उपाय इस प्रकार थे।

(क) सांविधिक नकदी अनुपात—

40. वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में नकदी को नियमित करने और साथ ही बिना प्रारक्षित मुद्रा उत्पन्न किये राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के ढांचे के भीतर ही, विशाल सार्वजनिक क्षेत्र के निवेशों के लिए स्रोत जुटाने की दृष्टि से सांविधिक नकदी अनुपात को कुल मांग और मीयादी देयताओं के 35 प्रतिशत से दो चरणों में बढ़ाकर 36 प्रतिशत करने का निर्णय किया गया। इसे 28 जुलाई 1984 से 35.5 प्रतिशत और पहली सितम्बर 1984 से 36 प्रतिशत किया जाना था। रिजर्व बैंक ने सूचित किया कि ऐसे बैंकों को अल्प अवधियों के लिए गुणदोषों के आधार पर विवेकाधीन पुनर्वित उपलब्ध कराया जायेगा जिन्हें उच्चतर प्रारक्षित जरूरतों से समायोजन करने के लिए इस प्रकार की सहायता की जरूरत हो।

(ख) अवरुद्ध नकद राशियां जारी करना—

41. भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 42 (1ए) के अंतर्गत अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को 14 जनवरी 1977 और 31 अक्तूबर 1980 के बीच जमा होने वाली वृद्धिशील शुद्ध मांग पर मयादी देयताओं के 10 प्रतिशत की अतिरिक्त नकदी प्रारक्षित निधि बनाये रखने

की जरूरत थी। ये नकदी शेष राशियां अवरुद्ध रही हैं। चूंकि बैंकों को वर्ष बीतने के साथ-साथ स्रोत जुटाने में कुछ हद तक अड़चनों का सामना करना पड़ सकता है, अतः बैंक 1984-85 के व्यवस्त मौसम की शुरुआत के पहले अपने स्रोतों का आबंटन बेहतर तरीके से कर सकें इसके लिए निर्णय किया गया कि 31 अक्तूबर, 1980 की स्थिति के अनुसार 10 प्रतिशत वृद्धिशील नकदी प्रारक्षित अनुपात के अन्तर्गत रखी गयी अतिरिक्त नकदी शेष राशियों का 5 वां हिस्सा 29 सितम्बर 1984 और 27 अक्तूबर 1984 को दो बराबर किस्तों में जारी कर दिया जाये। चूंकि 31 अक्तूबर 1980 की स्थिति के अनुसार अवरुद्ध नकदी शेष राशियां 1859 करोड़ रुपये की थी अतः लगभग 372 करोड़ रुपये की कुल राशि जारी की जायेगी।

(ग) ऋणों के लिए कट-ऑफ-पॉइंट—

42. निजी क्षेत्र के प्रत्येक उधारकर्ता को 50 लाख रुपए से अधिक और सार्वजनिक क्षेत्र के उधारकर्ता अथवा निजी क्षेत्र की निर्यातोन्मुख विनिर्माण इकाई को एक करोड़ रुपये से अधिक के (3 वर्ष से अधिक) की अवधि के एकल मीयादी ऋणों को मंजूर करने के लिए, चाहे वे किसी बैंक द्वारा अकेले दिये जा रहे हों या दूसरे बैंकों के साथ संयुक्त रूप से रिजर्व बैंक के पूर्व प्राधिकरण की आवश्यकता होती है। यदि उधारकर्ता पहले ही ऋण प्राधिकरण योजना के अंतर्गत आते हों तो पूर्व प्राधिकरण की आवश्यकता 3 वर्ष से अधिक की अवधि में चुकाये जाने वाले मीयादी ऋणों के लिए ही होती है, चाहे ऋण की राशि कुछ भी क्यों न हो। ऋण प्राधिकरण योजना के अंतर्गत न आने वाली निजी क्षेत्र की पार्टियों के मामले में बैंकों को अधिक विवेक शक्ति प्रदान करने की दृष्टि से, रिजर्व बैंक द्वारा पूर्व प्राधिकरण की जरूरत वाले (3 वर्ष से अधिक के) मीयादी ऋणों के लिए कट-ऑफ-पॉइंट 50 लाख रुपये के वर्तमान स्तर से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये कर दिया गया। इस प्रकार रिजर्व बैंक द्वारा ऋण प्राधिकरण के प्रयोजनों के लिए मीयादी ऋणों के लिए कट-ऑफ पॉइंट अब एक करोड़ रुपये के एक समान स्तर पर रहेगा।

(घ) विवेकाधीन पुनर्वित्त—

43. उस सीमा तक जहां तक अलग-अलग बैंकों के सामने निर्धारित तारीखों तक प्राक्षण अपेक्षाओं के साथ समायोजन की वास्तविक समस्यायें थीं, वहां ऐसे बैंकों को अल्पावधि के लिए उपयुक्त विवेकाधीन पुनर्वित्त उपलब्ध कराया जायेगा ताकि वे बढ़ी हुई प्रारक्षित अपेक्षाओं के अनुरूप ठीक-ठाक समायोजन कर सकें। हां, इस बात पर जोर दिया गया था कि ऋण मानदण्डों और अनुशासन का अनिवार्य रूप से पालन किया जाना चाहिए।

(ङ) ऋण मानदंड और अनुशासन—

44. समूची बैंकिंग नीति के हिस्से के रूप में बैंकों से अपने ऋण संविभागों की व्यवस्थित और नियमित समीक्षा करने के लिए कहा गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे गतिविधियों के एक क्षेत्र में अनुचित रूप से अधिक ध्यान न देते रहें या किसी अकेले ग्रहक या ग्रहकों के समूह के प्रति जरूरत से ज्यादा वचनबद्धता न दिखायें। भारतीय बैंकों के परिचालनों के बढ़ते हुए अंतर्राष्ट्रीयकरण के कारण विदेशी ऋण परिचालनों पर कड़ी निगाह रखने के लिए विशेष ध्यान देने की जरूरत थी ताकि अवांछित जोखिम और सुविधा देने की गुंजाइश न रहे। इसके लिए बैंकों के लिए यह जरूरी था कि वे विदेशी शाखाओं के परिचालन के पर्यवेक्षण और नियंत्रण के लिए कारगर प्रणाली की व्यवस्था करें।

45. इस तरह, मंदी के मौसम की शुरुआत में घोषित नीति संबंधी उपायों की अधिकल्पना इस बात की जरूरत को ध्यान में रखते हुए की गयी थी कि वास्तविक उत्पादन में, विशेषत : औद्योगिक क्षेत्र में, अपेक्षित वृद्धि के समर्थन के लिए पर्याप्त ऋण उपलब्ध कराया जा सके और साथ ही नकदी निधि में वृद्धि पर रोक लगायी जा सके ताकि शक्तिशाली मुद्रास्फीतिगत प्रवृत्तियां फिर न उभर सकें।

मुद्रा, ऋण तथा मूल्यों की प्रवृत्तियां

मुद्रा आपूर्ति

46. राजकोषीय वर्ष 1983-84 में मौद्रिक विस्तार पिछले वर्ष की तुलना में निरपेक्ष और प्रतिशत दोनों ही रूपों में अधिक था। एम 1 जिसमें जनता के पास मुद्रा, बैंकों की मांग जमाराशियां, और रिजर्व बैंक के पास अन्य जमाराशियां शामिल हैं, में 1982-83 की 3806 करोड़ रुपये अथवा 15.4 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 4491 करोड़ रुपये अथवा 15.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एम 3 (अर्थात् एम 1+बैंकों के पास मीयादी जमा राशियां) में पिछले वर्ष 10,442 करोड़ रुपये अथवा 16.7 प्रतिशत की तुलना में 12,699 करोड़ रुपये अथवा 17.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हालांकि जनता के पास मुद्रा और बैंकों के पास मीयादी जमाराशियों ने पिछले वर्ष की तुलना में अधिक विस्तार दर्शाया जबकि मांग जमाराशियों में विस्तार कम रहा। (सारणी 3)

47. 1983-84 के दौरान मौद्रिक विस्तार की गति बढ़ाने में जिन तत्वों का योगदान रहा, वे ये थे : सरकार को शुद्ध बैंक ऋण में 1982-83 के 4,734 करोड़ रुपये की तुलना में 1983-84 में 5,818 करोड़ रुपये की अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि तथा बैंकिंग क्षेत्र की शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियों में गिरावट का अल्प संकुचनशील प्रभाव (895 करोड़ रुपये की तुलना में 104 करोड़ रुपये) : दूसरी ओर वाणिज्यिक क्षेत्र को बैंक में 1982-83 के 8,796 करोड़ रुपये की तुलना में 7,929 करोड़ रुपये की अल्प वृद्धि दर्ज की गयी।

48. 1984 की अप्रैल जून की तिमाही के दौरान भी मुद्रा आपूर्ति में तेज वृद्धि जारी रही और एम 1 ने 1983-84 की इसी तिमाही की 1,576 करोड़ रुपये (5.5 प्रतिशत) की वृद्धि की तुलना में 2,285 करोड़ रुपये (6.9 प्रतिशत) की और वृद्धि दर्ज की। तीव्र वृद्धि में तीनों घटकों का योगदान रहा। जनता के पास मुद्रा में 1,289 करोड़ रुपये की तुलना में 1,605 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई, मीयादी जमाराशियों ने 306 करोड़ रुपये की तुलना में 584 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्शायी और रिजर्व बैंक के पास जमाराशियां पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान की 19 करोड़ रुपये गिरावट के विपरीत 96 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ तीव्र वृद्धि की दिशा में सक्रिय रहीं। बैंकों के पास मीयादी जमा राशियों में पिछले वर्ष की 2,605 करोड़ रुपये की वृद्धि की तुलना में 2,732 करोड़ रुपये की अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि हुई। परिणामस्वरूप अप्रैल-जून 1984 में एम 3 में हुई 5,017 करोड़ रुपये (5.9 प्रतिशत) की वृद्धि 1983-84 की इसी अवधि में 4,181 करोड़ रुपये (5.7 प्रतिशत) की वृद्धि की तुलना में अधिक थी।

49. 1984-85 की पहली तिमाही के दौरान विशाल मौद्रिक विस्तार को प्रेरणा, सरकार को उपलब्ध कराये गये शुद्ध बैंक ऋण तथा वाणिज्य क्षेत्र को उपलब्ध कराये गये बैंक ऋण से मिली थी। सरकार को उपलब्ध कराये गये शुद्ध बैंक ऋण में अप्रैल-जून 1984 की तिमाही में 4,335 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई तथा इसमें 1983 की इसी तिमाही में 3,519 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी। हालांकि वाणिज्य क्षेत्र को दिये गये बैंक-ऋण में 1983-84 की पहली तिमाही की 892 करोड़ रुपये की वृद्धि की तुलना में 1984-85 की पहली तिमाही में 2,281 करोड़ रुपये की उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी, यह वृद्धि खास तौर पर खाद्यान्न ऋण में हुई काफी बड़ी वृद्धि के कारण थी। इस विस्तारवादी प्रभाव को कुछ हद तक बैंकिंग क्षेत्र की शुद्ध आस्तियों में अप्रैल-जून 1984 में 87 करोड़ रुपये की अल्प वृद्धि ने निष्प्रभावी कर दिया था। अप्रैल-जून 1983 में यह वृद्धि 149 करोड़ रुपये थी।

प्रक्षित निधियां

50. राजकोषीय वर्ष 1983-84 के दौरान प्रारक्षित मुद्रा की वृद्धि दर 5,712 करोड़ रुपये अथवा 24.7 प्रतिशत के उच्चस्तर पर थी जो 1982-83 में हुई 2,647 करोड़ रुपये (12.9 प्रतिशत) के दुगुने के आसपास बैठती है। 1983-84 में इस अपेक्षाकृत बड़े विस्तार में जिन घटकों का योगदान रहा वे थे सरकार पर रिजर्व बैंक के दावों में बहुत अधिक वृद्धि और रिजर्व बैंक की शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियों में गिरावट में काफी कम कटौती। चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में प्रारक्षित

सारणी 3—मुद्रा स्टॉक (एम 3) में घट-बढ़

(करोड़ रुपये)

अंतिम शुक्रवार	निम्नलिखित के दौरान परिवर्तन							
	1982-83		1983-84		1983-84		1984-85	
	अप्रैल-मार्च		अप्रैल-मार्च		अप्रैल-जून		अप्रैल-जून	
	पूर्ण	प्रतिशत	पूर्ण	प्रतिशत	पूर्ण	प्रतिशत	पूर्ण	प्रतिशत
एम 3 (क+ख+ग)	+10442	+16.7	+12699	+17.4	+4181	+5.7	+5017	+5.9
(क) जनता के पास मुद्रा	+2167	+15.0	+2914	+17.5	+1289	+7.7	+1605	+8.2
(ख) बैंकों के पास कुल जमा राशियां (i+ii)	+8239	+17.2	+9654	+17.2	+2911	+5.2	+3316	+5.0
(1) मांग जमा राशियां	+1603	+15.9	+1446	+12.4	+306	+2.6	+584	+4.4
(2) मीयादी जमा राशियां	+6636	+17.6	+8208	+18.5	+2605	+5.9	+2732	+5.2
(ग) रिजर्व बैंक के पास अन्य जमा राशियां	+36	+24.0	+131	+70.4	−19	−10.2	+96	+30.3
II. (क+ख+ग)	+3806	+15.4	+4491	+15.7	+1576	+5.5	−2285	+6.9
III. (एम3) में घट-बढ़ के स्रोत (1+2+3 4—5)								
1. सरकार को शुद्ध बैंक ऋण (अ+आ)	+4734	+15.7	+5818	+16.7	+3519	+10.1	+4335	+10.7
(अ) रिजर्व बैंक को शुद्ध ऋण (i—ii)	+2772	+14.1	+4311	+19.3	+2068	+9.3	+2624	+9.9
(i) सरकार पर दावे (क+ख)	+6354	+31.9	+706	+2.7	−246	−0.9	+5303	+19.7
(क) केन्द्र सरकार	+7869	+43.6	−273	−1.1	−972	−3.8	+6088	+23.8
(ख) राज्य सरकारें	+1515	+79.5	+979	+368.0	+726	+272.9	−785	−63.1
(ii) रिजर्व बैंक के पास सरकारी जमा-राशियां (क+ख)	+3582	+1297.8	−3605	−93.4	−2314	−60.0	+2679	+1056.9
(क) केन्द्र सरकार	+3571	+1308.1	−3596	−93.5	−2309	−60.1	+2671	+1077.0
(ख) राज्य सरकारें	+11	+366.7	−9	−64.3	−5	−35.7	+8	+160.0
(आ) सरकार को अन्य बैंकों का ऋण	+1962	+18.7	+1507	+12.1	+1451	+11.7	+1711	+12.3
2. वाणिज्य क्षेत्र को बैंक ऋण (अ+आ)	+8796	+20.5	+7929	+15.5	+892	+1.7	+2281	+3.9
(अ) वाणिज्य क्षेत्र का रिजर्व बैंक का ऋण*	+564	+29.5	+451	+23.4	−4	−0.2	+15	+0.6
(आ) वाणिज्य क्षेत्र को अन्य बैंक ऋण (I+II+III)	+8232	+20.1	+7478	+15.2	+896	−1.8	−2266	+4.0
(i) वाणिज्य बैंकों द्वारा बैंक ऋण	+5812	+19.6	+5504	+15.5	+514	+1.4	+2061	+5.0
उसमें से सार्वजनिक क्षेत्र को	—	—	—	—	—	—	—	—
(ii) सहकारी बैंकों द्वारा बैंक ऋण	+1111	+18.7	+332	+4.7	+142	+2.0	—	—
(iii) वाणिज्य एवं सरकारी बैंकों द्वारा अन्य प्रतिभूतियों में निवेश	+1309	+24.3	+1642	+24.6	+240	+3.6	+205	+2.5
3. बैंकिंग क्षेत्र की शुद्ध विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (अ+आ)	−895	−34.7	−104	−6.2	+149	+8.8	+87	+5.5
(अ) रिजर्व बैंक की शुद्ध विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (I—II)	−894	−34.1	−105	−6.1	+149	+8.6	+88	+5.4
(i) सकल विदेशी परिसंपत्तियां	+993	+28.4	+1232	+27.4	+474	+10.6	+266	+4.6
(ii) मुद्रेतर विदेशी देयताएं	+1888	+216.0	+1337	+48.4	+325	+11.8	+178	+4.3
(आ) दूसरे बैंकों की शुद्ध विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां	—	—	—	—	—	—	—	—
4. जनता की सरकार की मुद्रा देयताएं	+25	+3.8	+37	+5.4	+12	+1.8	+12	+1.7
5. मीयादी जमाराशियों के अलावा बैंकिंग क्षेत्र की शुद्ध मुद्रेतर देयताएं (अ+आ)	+2218	+16.0	+981	+6.4	+391	+2.5	+1698	+10.4
(अ) रिजर्व बैंक की शुद्ध मुद्रेतर देयताएं	+239	+3.9	+458	−8.2	+238	+4.3	+683	+13.4
(आ) अन्य बैंकों की शुद्ध मुद्रेतर देयताएं (गृहीत)	+1979	+25.5	+1439	+14.6	+153	+1.6	+1015	+9.0

टिप्पणी : (1) आंकड़े अनंतिम आंशिक रूप संशोधित हैं।

(2) चूंकि अलग-अलग मदों के आंकड़े पूर्णांकित किये गये हैं, इसलिए जोड़ों में वे वृद्धि नहीं कर सकते।

*नाबार्ड की स्थापना के बाद से बैंकों को पुनर्वित्त, वाणिज्य क्षेत्र को रिजर्व बैंक के ऋणों में शामिल नहीं है।

मुद्रा में हुई 8.1 प्रतिशत की वृद्धि पिछले वर्ष की इसी अवधि में हुई 5.9 प्रतिशत की वृद्धि से काफी तेज थी। वि 1984-85 की पहली तिमाही में अधिक विस्तार के पीछे जो कारण थ वे थे सरकार पर तथा अनुसूचित वाणिज्य बैंकों पर रिजर्व बैंक के दावों में उल्लेखनीय वृद्धि । (सारणी–4)

बैंकिंग चल-राशियों में घट-बढ़

51. वर्ष 1983-84 (अप्रैल-मार्च) के दौरान बैंकिंग चल-राशियों में घट-बढ़ की गति से पता चलता है कि जमा राशियों की वृद्धि दर निरपेक्ष और प्रतिशत दोनों ही रूपों में 1982-83 के क्रमशः 7,625 करोड़ रुपये तथा 17.4 प्रतिशत की तुलना में अधिक अर्थात् 9,179 करोड़ रुपये और 17.9 प्रतिशत थी। हां, बैंक ऋण के विस्तार की गति धीमी रही और वह 1982-83 के 5,812 करोड़ रुपये अथवा 19.6 प्रतिशत की तुलना में केवल 5,504 करोड़ रुपये अथवा 15.5 प्रतिशत ही बढ़े। खाद्यान्न ऋण जो 1983-84 में 1,057 करोड़ रुपये रहे, पिछले वर्ष के 838 करोड़ रुपये की तुलना में विस्तार दर्शाते हैं परन्तु गैर-खाद्यान्न ऋण 1982-83 के 4,973 करोड़ रुपये की तुलना में कम बढ़े और 4,447 करोड़ रुपये रहे। बैंक निवेशों के वृद्धि निरपेक्ष और प्रतिशत दोनों ही रूपों में धीमी रही। यह 1982-83 के 3,193 करोड़ रुपये अथवा 21.1 प्रतिशत की तुलना में 2,956 करोड़ रुपये अथवा 16.1 प्रतिशत रही। रिजर्व बैंक के पास बैंकों की नकदी शेष राशियां 1983-84 में 325 करोड़ रुपये की तुलना में अपेक्षाकृत रूप से अधिक वृद्धि के साथ 2,575 करोड़ रुपये रहीं। इससे वर्ष के दौरान, बैंकों द्वारा बढ़ी हुई नकदी प्रारक्षण अपेक्षाओं के अनुपालन का पता चलता है।

52. वित्तीय वर्ष 1984-85 की पहली तिमाही (अर्थात् अप्रैल से जून) में जमा राशियों में 3,315 करोड़ रुपये की वृद्धि 1983-84 की तदनुरूपी तिमाही के दौरान हुई 2,681 करोड़ रुपये की वृद्धि की तुलना में अधिक थी। इसी अवधि के दौरान 2,061 करोड़ रुपये पर बैंक ऋण में विस्तार की गति 1983-84 की इसी अवधि के दौरान 513 करोड़ रुपये के विस्तार की गति से तेज थी। इस अवधि के दौरान खाद्यान्न ऋणों में 1,211 करोड़ रुपये की तथा गैर-खाद्यान्न ऋणों में 850 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई जबकि एक वर्ष पहले की तदनुरूपी अवधि में इनमें क्रमशः 624 करोड़ रुपये की वृद्धि और 111 करोड़ रुपये की कमी हुई थी। (सारणी–5)

ऋण का क्षेत्रवार वितरण

53. सारणी 6 में दर्शाये गये सकल बैंक ऋण* के क्षेत्रवार वितरण के आंकड़ों से वित्तीय वर्ष 1982-83 तथा 1983-84 के ऋण प्रवाह की दिशा का पता चलता है। वर्ष 1983-84 के दौरान सकल बैंक ऋण में 5,963 करोड़ रुपये (17.3 प्रतिशत) का विस्तार दर्ज किया गया जबकि 1982-83 में यह विस्तार 5,329 करोड़ रुपये (18.3 प्रतिशत) का था। खाद्यान्न वसूली ऋणों ने पिछले वर्ष की 837 करोड़ रुपये की वृद्धि की तुलना में 1,066 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्शायी और गैर-खाद्यान्न ऋणों में 1983-84 में 4,897 करोड़ रुपये (15.5 प्रतिशत) की वृद्धि हुई जबकि 1982-83 में इनमें 4492 करोड़ रुपये (16.6 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी। उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को उपलब्ध कराये गये ऋणों में उल्लेखनीय वृद्धि की 1983-84 के दौरान गैर-खाद्यान्न ऋणों में वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

54. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को दिये गये अग्रिमों ने 1983-84 में पिछले वर्ष की 1,646 करोड़ रुपये की वृद्धि की तुलना में 2,512 करोड़ रुपये की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। कुल वृद्धिशील गैर-खाद्यान्न सकल ऋण में इन क्षेत्रों का कुल हिस्सा 1982-83 के 36.6 प्रतिशत से बढ़ कर 51.3 प्रतिशत हो गया। मार्च 1984 के अंत में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को दिये गये अग्रिम कुल ऋणों का 38.0 प्रतिशत थे जबकि एक वर्ष पहले यह प्रतिशत 36.8 था। कृषि और लघु उद्योगों को दिये गये अग्रिमों में वर्ष के दौरान क्रमशः 858 करोड़ रुपये (16.3 प्रतिशत) तथा 926 करोड़ रुपये (20.6 प्रतिशत) की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष के दौरान क्रमशः 660 करोड़ रुपये (14.3 प्रतिशत) तथा 585 करोड़ रुपए (15.0 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज की गयी थी। मार्च 1984

सारणी 4—प्रारक्षित मुद्रा : घटक तथा उतार-चढ़ाव के स्रोत

(करोड़ रुपये)

	मार्च 1979 के अंतिम शुक्रवार के अनुसार बकाया	निम्नलिखित के दौरान उतार-चढ़ाव					मार्च 1984* के अंतिम शुक्रवार के अनुसार बकाया	निम्नलिखित के दौरान उतार-चढ़ाव	
		1979-80	1980-81	1981-82	1982-83	1983-84*		अप्रैल 1983 से जून 1983	अप्रैल 1984 से जून 1984*
प्रारक्षित मुद्रा (1+2+3+4)	13716	+2749 (+20.0)	+2323 (−14.1)	+1675 (+8.9)	+2647 (+12.9)	+5712 (+24.7)	28822	+1369 (+5.9)	+2323 (+8.1)
1. जनता के पास मुद्रा	10212	+1475 (+14.4)	+1777 (−15.2)	+1028 (+7.6)	+2167 (+15.0)	+2914 (+17.5)	19573	+1289 (+7.7)	+1605 (+8.2)
2. रिजर्व बैंक के पास अन्य जमा राशियां	203	+208 (+102.5)	−94 (+22.9)	−167 (+52.9)	+36 (+24.0)	+131 (+70.4)	−317	−19 (−10.2)	+96 (+30.3)
3. बैंकों के पास नकदी	615	+67 (+10.9)	+162 (+23.8)	+30 (+3.6)	+106 (+12.1)	+54 (+5.5)	1034	+156 (+15.9)	+252 (+24.4)
4. रिजर्व बैंक के पास बैंकों की जमा राशियां	2686	+999 (+37.2)	+478 (+13.0)	+784 (+18.8)	+338 (+6.8)	+2613 (+49.4)	7898	−57 (−1.1)	+369 (+4.7)

* आंकड़े रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाले 50 बैंकों से संबंधित हैं। सारणी 6 की पाद टिप्पणी भी देखें।

सारणी 4—प्रारक्षित मुद्रा : घटक तथा उतार-चढ़ाव के स्रोत (जारी)

(करोड़ रुपये)

	मार्च 1979 के अंतिम शुक्रवार के अनुसार बकाया	निम्नलिखित के दौरान उतार-चढ़ाव					मार्च 1984* के अंतिम शुक्रवार के अनुसार बकाया	निम्नलिखित के दौरान उतार चढ़ाव	
		1979-80	1980-81	1981-82	1982-83	1983-84*		अप्रैल 1983 से जून 1983	अप्रैल 1984 से जून 1984*
प्रारक्षित मुद्रा के स्रोत (1+2+3+4)									
1. निम्नलिखित पर रिजर्व बैंक के दावे (क+ख+ग+घ)	10919	+3389 (+31.0)	+3891 (+27.2)	+5099 (+28.0)	+3755 (+16.1)	+5322 (+20.3)	31586	+1446 (+5.5)	+2906 (+9.2)
(क) सरकार (शुद्ध)	8568	+2966 (+34.6)	+3698 (+32.1)	+4435 (+29.1)	+2772 (+14.1)	+4311 (+19.3)	26625	2068 (+9.3)	+2624 (+9.9)
(ख) अनुसूचित वाणिज्य बैंक	546	+193 (+35.3)	−150 (−20.3)	+242 (+41.1)	−16 (−1.9)	+521 (+63.9)	1336	−306 (−37.5)	+432 (+32.2)
(ग) राज्य सहकारी बैंक	557	−69 (−12.4)	+187 (+38.3)	+216 (+32.0)	−716 (−80.4)	−5 (−8.6)	53	−8 (−13.8)	+8 (−15.1)
(घ) वित्तीय संस्थाएं (I+II+III)	1248	+191 (+15.3)	+261 (+18.1)	+209 (+12.3)	+1716 (+89.9)	+495 (+16.1)	3572	−308 (−10.0)	−142 (−4.0)
(i) कृ. पु. वि. नि./नाबार्ड	209	+68 (+32.5)	+31 (+11.2)	+52 (+16.9)	+1340 (+372.2)	+44 (+3.8)	1196	−304 (−26.4)	−157 (−13.1)
(ii) भा. औ. वि. बैंक	868	+212 (+24.4)	+223 (+20.6)	+187 (−14.4)	+338 (+22.7)	+257 (+14.1)	2085	—	—
(iii) अन्य	171	−89 (−52.0)	+7 (+8.5)	−30 (−33.7)	+38 (+64.4)	+194 (+200.0)	291	−4 (−4.1)	+15 (+5.2)
2. रिजर्व बैंक की शुद्ध विदेशी मुद्रा देयतायें	5506	−12 (−0.2)	−784 (−14.3)	−2087 (−44.3)	−894 (−34.1)	−105 (−6.1)	1624	+149 (+8.6)	+88 (+5.4)
3. जनता के प्रति सरकार की मुद्रा देयतायें	604	−12 (−2.0)	+27 (+4.6)	+38 (+6.1)	+25 (+3.8)	+37 (+5.4)	719	+12 (+1.8)	+12 (+1.7)
4. रिजर्व बैंक की शुद्ध गैर मुद्रा-आस्तियां	3312	+618 (+18.7)	+811 (+20.6)	+1375 (+29.0)	+239 (+3.9)	−458 (−8.2)	5107	+238 (+4.3)	+683 (+13.4)

*आंकड़े अनंतिम/आंशिक रूप से संशोधित हैं।

टिप्पणी : 1. कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े प्रतिशत उतार-चढ़ाव दर्शाते हैं ।

2. चूंकि अलग-अलग मदों के आंकड़े पूर्णांकित किये गये हैं, इसलिए जोड़ों में वे वृद्धि नहीं कर सकते।

3. इन उतार-चढ़ावों पर, नाबार्ड की स्थापना की वजह से आवश्यक हो गये सकल राशियों के पुनर्वर्गीकरण के बाद 12 जुलाई, 1982 को स्रोतों के घटकों में परिवर्तनों का प्रभाव नहीं पड़ता।

सारणी 5 महत्वपूर्ण बैंकिंग निर्देशकों में उतार-चढ़ाव

(अनुसूचित वाणिज्य बैंक)

(करोड़ रुपये)

मदें	निम्नलिखित तारीखों को बकायाँ राशि			वित्तीयवर्षों में उतार-चढ़ाव			
	31 मार्च 1983	30 मार्च 1984*	29 जून 1984*	1982-83	1983-84	1983-84 (24 जून 1983 तक)	1984-85 (21 जून 1984 तक)*
	1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.
कुल मांग एवं मीयादी देयताएं (इसमें भा० रि० बैं० तथा नाबार्ड से लिये गये उधार शामिल नहीं हैं)	56420	68369	71925	+8827	+11949	+1847	+3556
कुल जमा-राशियां	51358	60537	63852	+7625 (+17.4)	+9179 (+17.9)	+2681 (+5.2)	+3315 (+5.5)
भा० रि० बैं० से उधार/बैंक ऋण	815	1336	1769	−16	+521	−306	+433
	35493	40097	43058	+5812 (+19.6)	+5504 (+15.5)	+513 (+1.4)	+2061 (+5.0)
खाद्यान्न ऋण	2965	4022	5233	+838	+1057	+624	+1211
गैर-खाद्यान्न बैंक ऋण	32528	36975	37825	+4973 (+18.0)	+4447 (13.7)	−111 (−0.3)	+850 (+2.3)
निवेश	18334	21290	23207	+3193 (+21.1)	+2956 (+16.1)	+1636 (+8.9)	+1917 (+9.0)
(क) सरकारी प्रतिभूतियां	12078	13497	15208	+1921 (+18.9)	+1418 (+11.7)	+1455 (+12.0)	+1711 (+12.7)
(ख) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां	62.56	7794	7999	+1272 (+25.5)	+1538 (+24.6)	+181 (+2.9)	+205 (+2.6)
हाथ में नकदी	878	926	1179	+90	+48	+134	+253
भारतीय रिजर्व बैंक के पास शेष राशियां	5208	7783	8105	+325 (+6.7)	+2575 (+49.4)	−65 (−1.2)	+322 (+4.1)
ऋण जमा अनुपात (प्रतिशत)	69.1	67.7	67.4				
गैर-खाद्यान्न ऋण जमा अनुपात (प्रतिशत)	63.3	61.1	59.2				

*अंशत: संशोधित

टिप्पणी 1. चूंकि पुनर्भुनाई बिल योजना के अंतगत पुनर्भुनाई किय जाने वाले बिल नहीं हैं अत: सकल बैंक ऋण बैंक ऋण के बराबर ही है।

2. कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े उतार-चढ़ाव का प्रतिशत दर्शाते हैं।

के अंत में कृषि क्षेत्र को दिये गये अग्रिमों की बकाया राशि 6133 करोड़ रुपये थी जो प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के कुल अग्रिमों की 41.3 प्रतिशत (एक वर्ष पहले 42.8 प्रतिशत) थी, जबकि लघु उद्योगों को दिये गये अग्रिमों की बकाया राशि 5412 करोड़ रुपये थी जो प्राथमिकता वाले क्षेत्र को दिये गये कुल अग्रिमों की 36.5 प्रतिशत (एक वर्ष पहले 36.4 प्रतिशत) थी ।

सारणी 6—सकल बैंक ऋण का क्षेत्रवार नियोजन

(करोड़ रुपये)

	बकाया			उतार-चढ़ाव	
	मार्च 1982	मार्च 1983	मार्च 1984 (अनंतिम)	अप्रैल मार्च 1982-83	अप्रैल मार्च 1983-84 (अनंतिम)
I. सार्वजनिक खाद्यान्न वसूली	2127	2964	4030	+837	+1066
II. (क) प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र	10676	1222	14834	+1646 (36.6)	+2512 (51.3

1	2		4	5	6
(i) कृषि	4615	5275	6133	+660 (14.7)	+858 (17.5)
(ii) लघु उद्योग	3901	4486	5412	+585 (13.0)	+926 (18.9)
(iii) अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र	2160	2561	3289	+401 (8.9)	+728 (14.9)
(ख) उद्योग (मझोले और बड़े)	11155	13276	14964	+2121 (47.2)	+1688 (34.5)
(ग) थोक व्यापार (खाद्यान्न-वसूली के अतिरिक्त)	2198	2353	2338	+155 (3.5)	—15 (—0.3)
(i) भारतीय कपास निगम	255	290	193	+35 (0.8)	—97 (—2.0)
(ii) भारतीय खाद्य निगम (उवरक ऋण)	411	412	241	+1 (—)	—171 (—3.5)
(iii) भारतीय जूट निगम	115	74	49	+41 (+0.9)	—25 (—0.5)
(iv) अन्य व्यापार	1417	1577	1855	+160 (3.6)	+278 (5.7)
(घ) अन्य क्षेत्र	3006	3576	4288	+570 (12.7)	+712 (14.5)
III. गैर-खाद्यान्न सकल बैंक ऋण (क+ख+ग+घ)	27035	31527	36424	+4492 (100.0)	+4897 (100.0)
उनमें से : निर्यात ऋण	1796	1726	2042	—70	+316
सकल बैंक ऋण (1+3)	29162	34491	40454	+5329	+5963

टिप्पणी 1. आंकड़ों का संबंध उन 50 बैंकों से है जो सकल बैंक ऋण का लगभग 96 प्रतिशत प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, इन आंकड़ों में रिजर्व बैंक के पास पुनर्भुनाये गये बिलों को शामिल करने के अलावा वे बिल भी शामिल हैं जो भा० औ० वि० बैंक तथा अन्य अनुमोदित संस्थाओं के पास पुनर्भुनाये जाते हैं और इसमें सहभागिता प्रमाणपत्र शामिल हैं ।

2. कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े गैर-खाद्यान्न वर्धमान ऋण के अनुपात के अनुसार हैं।

55. मझोले और बड़े उद्योगों के बुद्धिशील बैंक ऋण 1983-84 के दौरान 1688 करोड़ रुपये रहे जबकि 1982-83 के दौरान ये ऋण 2121 करोड़ रुपये के थे। कुल बुद्धिशील गैर-खाद्यान्न सकल बैंक ऋण में इनका हिस्सा 34.5 प्रतिशत रहा जो एक वर्ष पहले के 47.2 प्रतिशत की तुलना में कम था। मार्च 1984 के अंत में मझोले और बड़े उद्योगों पर बकाया ऋण 14,964 करोड़ रुपये थे जो सकल बैंक ऋण के 37.0 प्रतिशत थे (एक वर्ष पहले 38.5 प्रतिशत)।

56. लघु उद्योग सहित औद्योगिक ऋण का वितरण सारणी 7 में दिया गया है। जिन प्रमुख उद्योगों की वजह से ऋण में 1983-84 के दौरान वृद्धि हुई वे थे इंजीनियरी (603 करोड़ रुपये) सूती वस्त्र उद्योग (268 करोड़ रुपये) तथा अन्य वस्त्र (234 करोड़ रुपये) पेट्रोलियम (211 करोड़ रुपये) तथा रसायन 201 करोड़ रुपये) जबकि चाय के संबंध में गिरावट (21 करोड़ रुपये) दर्ज की गयी थी।

सारणी 7—सकल बैंक ऋण का उद्योगवार नियोजन

(करोड़ रुपये)

मद	बकाया			उधार-चढ़ाव	
	मार्च 1982	मार्च 1983	मार्च 1984 (अनंतिम)	अप्रैल-मार्च 1982-83	अप्रैल-मार्च 1983-84 (अनंतिम)
उद्योग (लघु, मझोले एवं बड़े उद्योगों का योग)	15056	17762	20376	+2706	+2614
1. कोयला	53	60	132	+7	+72
2. लोहा और इस्पात	856	1565	1591	+709	+26
3. अन्य धातुएं एवं उनके उत्पाद	527	593	675	+66	+82
4. सभी इंजीनियरी	3817	4375	4978	+558	+603

1	2	3	4	5	6
5. विद्युत (निर्माण एवं ट्रान्समिशन)	259	260	318	+1	+58
6 सूती वस्त्र उद्योग	1281	1380	1648	+99	+268
7 जूट वस्त्र उद्योग	187	208	213	+21	+5
8. अन्य वस्त्र उद्योग	842	957	1191	+115	+234
9. चीनी	403	588	607	+185	+19
10. चाय	265	265	244—		—21
11. वनस्पति तेल (वनस्पति सहित)	215	234	267	+19	+33
12. तम्बाकू एवं तम्बाकू के उत्पाद	133	127	170	—6	+43
13. कागज एवं कागज के उत्पाद	357	407	483	+50	+76
14. रबड़ एवं रबड़ के उत्पाद	280	319	390	+39	+71
15. रसायन, रंजक रंग, दवाईयां एवं औषधियों	1672	1891	2092	+219	+201
उनमें से : उर्वरक	329	327	378	—2	+51
16. सीमेंट	158	205	231	+47	+26
17. चमड़ा एवं चमड़े के उत्पाद	220	237	265	+17	+28
18. निर्माण	143	189	219	+46	+30
19. नयीयोजना के अंतर्गत विदेशों से प्राप्त जहाज	307	327	368	+20	+41
20. पेट्रोलियम	431	163	374	—268	+211
21 शेष उद्योग	2650	3412	3920	+762	+508

57. थोक व्यापार (खाद्यान्न खरीद से इतर) को दिये गये अग्रिमों ने 1983-84 में 15 करोड़ रुपये की गिरावट दर्शायी जबकि 1982-83 के दौरान 15 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गयी थी। भारतीय कपास निगम तथा भारतीय खाद्य निगम को (उर्वरक वितरण के लिए) दिये गये अग्रिमों में क्रमशः 97 करोड़ रुपये तथा 171 करोड़ रुपये की गिरावट आयी (पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि में वृद्धि क्रमशः 35 करोड़ रुपये तथा एक करोड़ रुपये थी), जबकि अन्य उद्योगों को दिये गये ऋणों में 278 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी। पिछले वर्ष इनमें 160 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी।

58. "अन्य क्षेत्रों" को, जो शेष क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं और जिनमें वित्तीय संस्थाएं, किराया, खरीद एजेंसियां, वैयक्तिक ऋण आदि शामिल हैं, दिये गये ऋणों में वर्ष के दौरान 712 करोड़ रुपये की अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि दर्ज की गयी थी। 1982-83 में 570 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी।

अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को रिजर्व बैंक की सहायता

59. वर्ष 1983-84 के दौरान रिजर्व बैंक की पुनर्वित्त सुविधा में कुछ मूलभूत परिवर्तन किये गये। ये खाद्यान्न पुनर्वित्त के संबंध में कट ऑफ पॉइंट को बढ़ाने तथा निर्यात पुनर्वित्त को उल्लेखनीय रूप से उदार बनाने के बारे में है तथा इनकी चर्चा पहले की जा चुकी है। अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को रिजर्व बैंक की सहायता के संबंध में आंकड़े नीचे सारणी 8 में दिये गये हैं।

सारणी 8—अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को रिजर्व बैंक की सहायता

(जहाजरानी ऋणों पर विशेष पुनर्वित्त तथा शुल्क वापसी को छोड़कर)

(करोड़ रुपये)

निम्नलिखित के अंतिम शुक्रवार को	खाद्यान्न-पुनर्वित्त		निर्यात पुनर्वित्त		सहयर्ती पुनर्वित्त		विवेकाधीन पुनर्वित्त		कुल पुनर्वित्त	
	सीमा	बकाया	सीमा	बकाया	सीमा	बकाया	सीमा	बकाया	सीमा	बकाया
	(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
जून 1982	341	28.6	163.3	31.9	—	—	—	—	510.4	60.5
जून 1983	1086.5	112.9	161.2	33.4	20.0	—	20.0	—	1287.7	146.3
जून 1984	1932.8	885.0	678.6	358.0	5.0	—	128.0	121.5	2744.4	1364.5

खाद्यान्न ऋण पुनर्वित्त

60. जून 1983 के अंतिम शुक्रवार की स्थिति के अनुसार कुल 1087 करोड़ रुपये की खाद्यान्न पुनर्वित्त सीमायें मंजूर की गयी थीं जिनमें केवल 113 करोड़ रुपये (अथवा 10.4 प्रतिशत उपयोग में लाये गये थे) बैंकिंग क्षेत्र की खाद्यान्न पुनर्वित्त सीमाएं 29 जून 1984 को 1,933 करोड़ रुपये के सर्वोच्च स्तर तक पहुंच गयीं और वर्ष के दौरान सर्वाधिक बकाया राशियां 29 जून 1984 को 885 करोड़ रुपये तक पहुंच गयी थीं जबकि उपभोग अनुपात 46 प्रतिशत के आस पास पहुंच गया था। तथापि सर्वाधिक उपभोग अनुपात 66 प्रतिशत 30 मार्च 1984 को रहा।

निर्यात ऋण पुनर्वित्त

61. 24 जून 1983 की स्थिति के अनुसार बैंकों की निर्यात पुनर्वित्त सुविधायें 161 करोड़ रुपये रहीं जिनमें से उस तारीख तक 33 करोड़ रुपये से कुछ अधिक राशि उपभोग में लायी गयी थी। निर्यात पुनर्वित्त फार्मूला उदार बनाये जाने के साथ ही नवम्बर 1983 के अंत से बैंकों की निर्यात ऋण पुनर्वित्त सुविधाओं में वृद्धि की गयी थी। इसकी सर्वाधिक सीमा 680 करोड़ रुपये 22 जून 1984 को रही। सीमाओं का 358 करोड़ रुपये का अधिकतम उपभोग 29 जून 1984 को रहा, जब लगभग 77 प्रतिशत सीमाओं का उपभोग किया गया था। वर्ष 1983-84 (जुलाई-जून) के दौरान बैंकों की निर्यात ऋण सुविधा सीमाओं में 517 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई और बकाया राशियों में 325 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई।

सहवर्ती पुनर्वित्त

62. बैंकों को जून 1983 के अंतिम शुक्रवार की स्थिति के अनुसार मंजूर की गयी सहवर्ती पुनर्वित्त सीमायें 20 करोड़ रुपये थीं जिनका उसी तारीख को पूरी तरह उपभोग कर लिया गया था। उसके बाद सीमा की राशि में गिरावट आयी और अक्तूबर-दिसम्बर 1984 की तिमाही के दौरान सहवर्ती सीमाएं शून्य थीं। जनवरी 1984 के बाद से बैंकों की सहवर्ती पुनर्वित्त सीमाएं फिर से मंजूर की गयीं और सर्वाधिक मंजूरियां 23 मार्च 1984 को 59 करोड़ रुपये थीं। 16 मार्च 1984 की स्थिति के अनुसार बैंकों ने 39 करोड़ रुपये की अपनी सहवर्ती सीमाओं का पूरी तरह उपभोग कर लिया था। वर्ष 1983-84 (जुलाई-जून) के दौरान बैंकों को मंजूर की गयी सहवर्ती पुनर्वित्त सीमायें जून 1983 के अंतिम शुक्रवार के 20 करोड़ रुपये से गिरकर जून 1984 को 5 करोड़ रुपये रह गयीं थीं। इन दोनों तारीखों को कोई भी राशि बकाया नहीं थी।

विवेकाधीन पुनर्वित्त

63. रिजर्व बैंक ने बैंकों को सूचित किया था कि बढ़ी हुई प्रारक्षित जरूरतों के साथ समायोजन करते समय महसूस की जाने वाली अस्थायी नकदी समस्याओं की सीमा तक उन्हें अल्पावधि के लिए गुणदोषों के आधार पर विवेकाधीन पुनर्वित्त उपलब्ध कराया जायेगा। कुछ बैंकों को जनवरी 1984 के मध्य से विवेकाधीन पुनर्वित्त सीमायें मंजूर की गयी थीं। मंजूर की गयी अधिकतम राशि 18 मई 1984 की स्थिति के अनुसार 187 करोड़ रुपये थी। उपभोग में लायी गयी अधिकतम राशि 11 मई 1984 को 137 करोड़ रुपये थी। वर्ष के दौरान विवेकाधीन पुनर्वित्त की राशि जून 1983 के अंतिम शुक्रवार के 20 करोड़ रुपये से बढ़कर 18 मई 1984 को 187 करोड़ रुपये हो गयी थी। हां, बकाया राशियां जून, 1983 के अंतिम शुक्रवार के शून्य से बढ़कर 29 मई, 1984 को 122 करोड़ रुपये हो गयीं।

समग्र स्थिति

64 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को रिजर्व बैंक की विभिन्न पुनर्वित्त सुविधाओं के अन्तर्गत उपलब्ध सीमाओं की कुल राशि (जहाज रानी ऋणों तथा शुल्क वापसी पर विशेष पुनर्वित्त को छोड़कर) में 1982-83 के दौरान, 777 करोड़ रुपये की वृद्धि की तुलना में, 1983-84 के दौरान 1457 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। उन सीमाओं पर बकाया राशियों में 1218 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी जबकि पिछले वर्ष 86 करोड़ रुपये की अपेक्षाकृत अल्प वृद्धि की गयी थी। वर्ष के दौरान बैंकों को मंजूर की गयी विभिन्न सीमाओं का जोड़ 29 जून 1984 को 2745 करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया और अधिकतम उपभोग उस तारीख की स्थिति के अनुसार 1365 करोड़ रुपये था।

ऋण बजट

65. सार्वजनिक क्षेत्र के सभी प्रमुख बैंकों से 1983-84 के लिए उनके ऋण बजटों पर जून-जुलाई 1983 में चर्चाएं की गयी थीं। इस बात पर जोर दिया गया था कि बैंक अपने ऋण परिचालनों की योजनायें अपने स्रोतों के यथार्थवादी मूल्यांकन के आधार पर बनायें और रिजर्व बैंक से उपलब्ध पुनर्वित्त सुविधायें शुरू से अंत के रूप में नहीं मानी जानी चाहिए। बैंकों को सूचित किया गया था कि वे सभी प्रमुख बैंकों को अलग-अलग भेजी गयी विस्तृत सूचना के आधार पर अपने बजटों को अंतिम रूप दें। बैंकों से यह भी अपेक्षा की गयी थी कि वे घोषित किये गये नीति संबंधी परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए व्यस्त मौसम के शुरू के दौर में ही अपने ऋण बजटों को संशोधित कर लें।

सरकारी वित्तपोषण

66. भारत सरकार के 1984-85 के बजट में कराधान की 1983-84 की दरों पर कुल मिलाकर, 235 करोड़ रुपये के घाटे की व्यवस्था की गयी है। अब 1984-85 के दौरान, केन्द्र के अतिरिक्त साधन जुटाने के प्रयासों के फलस्वरूप, 273 करोड़ रुपये* (अन्तिम) के शुद्ध राजस्व की व्यवस्था की जाती है तो यह बजट घाटा 1762 करोड़ रुपये रह जायेगा जबकि 1983-84 के संशोधित अनुमानों में इसके लिए 1659 करोड़ रुपये का अनुमान लगाया गया था। राज्य सरकारों की संयुक्त समग्र बजट स्थिति कुल मिलाकर 1984-85 के लिए 934 करोड़ रुपये के समग्र घाटे की स्थिति दर्शाती है, जबकि 1983-84 के लिए संशोधित अनुमानों में 853 करोड़ रुपये† का घाटा दर्शाया गया था। बजट प्रस्तावों से राज्यों के खाते में जमा होने वाली 326 करोड़ रुपये‡ की शुद्ध आय के समायोजन के बाद 1984-85 के लिये घाटा 608 करोड़ रुपये का ही रह जायेगा।

समेकित स्थिति केन्द्र और राज्य

67. केन्द्रीय और राज्य सरकारों की प्राप्तियों और वितरणों की संयुक्त स्थिति सारणी 9 में दर्शायी गयी है। 1984-85 में कुल प्राप्तियां 63,338 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचने का बजट रखा गया है। यह क्रमोवेश पिछले वर्ष की तरह 1983-84 में 53,736 करोड़ रुपये के बजट अनुमानों की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है (संशोधित अनुमान से संशोधित अनुमान)। **1984-85 में कुल वितरण, पिछले वर्ष के बजट अनुमानों के 55,832 करोड़ रुपये की तुलना में 65,708 करोड़ रुपये रहने

*इसमें 18 अप्रैल, 1984 को घोषित बजट के बाद की कर रियायतें शामिल नहीं है। बजट प्रस्तावों से बिजली उत्पाद शुल्क के प्रस्तावित रूप से हटाये जाने के परिणाम भी नहीं आये हैं।

†केन्द्र और साथ ही राज्य सरकारों के 1983-84 के (संशोधित अनुमान) बजट घाटे में, केन्द्र द्वारा राज्यों को विशेष ऋण सहायता के रूप में उपलब्ध करायी गयी 400 करोड़ रुपये की वह राशि शामिल नहीं है। उन्हें मार्च 1983 की स्थिति के अनुसार अपनी ओवरड्राफ्ट की स्थिति सुधारने के लिए दी गयी थी।

‡इसमें राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त साधन जुटाने के उपायों से 405 करोड़ रुपये की अनुमानित आय और केन्द्रीय बजट 1984-85 में घोषित रियायतों और राहतों की वजह से केन्द्रीय करों में राज्यों के हिस्से में 79 करोड़ रुपये की अनुमानित कमी शामिल है।

**यदि 1984-85 के बजट अनुमानों की पिछले वर्ष के संशोधित अनुमानों की तुलना की जाये तो कुल प्राप्तियों में वृद्धि 8.8 प्रतिशत और कुल व्यय में वृद्धि 8.2 प्रतिशत बैठती है। इसी तरह यदि 1983-84 के संशोधित अनुमानों की तुलना में 1982-83 के लेखों से तुलना की जाये तो प्राप्तियों में वृद्धि 17.4 प्रतिशत तथा व्यय में वृद्धि 16.7 प्रतिशत आती है।

का अनुमान लगाया गया है। यह 1983-84 में 16.5 प्रतिशत की तुलना में 17.7 प्रतिशत की वृद्धि का द्योतक है। विकासशील व्यय में 1984-85 में वृद्धि दर पिछले वर्ष की 13.4 प्रतिशत की तुलना में काफी अधिक होकर 18.3 प्रतिशत होने की संभावना है, जबकि गैर-विकासशील व्यय की दर 1983-84 के 22.3 प्रतिशत से काफी गिर कर 14.8 प्रतिशत रह जाने की संभावना है।*

बाजार ऋण

68. 1983-84 के दौरान केन्द्र सरकार ने सात बार बाजार का सहारा लिया, जिसमें से अंतिम श्रृंखला पूरी तरह रिजर्व बैंक को दे दी गयी थी और 4001 करोड़ रुपये की शुद्ध राशि उधार ली गयी। यह पिछले वर्ष के उधार की तुलना में 201 करोड़ रुपये अधिक थी। राज्य सरकारों के 508 करोड़ रुपये के शुद्ध बाजार ऋण, पिछले वर्ष की 63 करोड़ रुपय की अल्प वृद्धि की तुलना में, 189 करोड़ रुपये की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाते हैं। स्थानीय प्राधिकरणों तथा केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा प्रायोजित संस्थाओं द्वारा ऋणों में 239 करोड़ रुपय की वृद्धि हुई और वे 1739 करोड़ रुपये के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गये। पिछले वर्ष के दौरान 141 करोड़ रुपय की वृद्धि हुई थी। सारणी 10 में इस संबंध में ब्यौरे दिये गय हैं। 1983-84 के दौरान राज्य सरकारों के सकल ऋण 763 करोड़ रुपये के रहे जिसमें से 675 करोड़ रुपये नकद आधार पर और 88 करोड़ रुपये, ऋणों की अवधि पूर्ण होने पर, परिवर्तन के रूप में थे। 175 करोड़ रुपये के ऋणों की अवधि समाप्ति तक चुकौती के लिए समायोजित करने के बाद राज्यों के शुद्ध बाजार ऋण 588 करोड़ रुपये के थे। सकल देशी उत्पाद (चालू बाजार मूल्यों पर) के रूप में सकल शुद्ध बाजार ऋण (केन्द्र और राज्य) 1983-84 के दौरान 2.34 प्रतिशत रहे जबकि 1982-83 में यह प्रतिशत 2.55 था। बाजार ऋणों से प्राप्तियों ने योजना परिव्यय के 18 प्रतिशत का वित्तपोषण किया जबकि 1982-83 में परिव्यय का 19.7 प्रतिशत वित्तपोषित किया गया था। 1984-85 के लिए केन्द्र सरकार ने 4100 करोड़ रुपये के बाजार ऋणों का बजट रखा है।

सारणी-9 केन्द्र तथा राज्य सरकारों की संयुक्त प्राप्तियां एवं संवितरण

(1982-83—1984-85)

(करोड़ रुपये)

	1982-83 (संशोधित अनुमान)	1982-83 (लेखा)	1983-84 (बजट अनुमान)	1983-84 (संशोधित अनुमान)		1984-85 (बजट अनुमान)*	
				राशि	पिछले वर्ष के तदनुरूपी संशोधित अनुमानों की तुलना में प्रतिशत का अंतर	राशि	पिछले वर्ष के तदनुरूपी बजट, अनुमानों की तुलना में प्रतिशत का अंतर
	1	2	3	4	5	6	7
1. कुल प्राप्तियां (अ+आ)	49411	49586	53736	58200	+17.8	63338	+17.9
अ. राजस्व प्राप्तियां	34929	34752	39230	39947	+14.4	44718	+14.0
उनमें से कर प्राप्तियां	27484	27175	31662	31741	+15.5	35335	+11.6
आ. पूंजीगत प्राप्तियां	14482	14829	14506	18253	+26.0	18620	+28.4
2. कुल संवितरण (अ+आ+इ)	52125	52061	55832	60748	+16.5	65708	+17.7
अ. विकासात्मक व्यय (क+ख+ग)	34281	33644	35446	38870	+13.4	41950	+18.3
(क) राजस्व	19906	19490	21329	22961	+15.3	24826	+16.4
(ख) पूंजीगत	7883	7748	8075	9126	+15.8	9748	+20.7
(ग) ऋण एवं अग्रिम	6492	6406	6042	6783	+4.5	7376	+22.1
आ. गैर-विकासात्मक व्यय (क+ख+ग)	16576	16473	19532	20269	+22.3	22421	+14.8
(क) राजस्व	15454	15381	18356	18551	+20.0	20977	+14.3
(ख) पूंजीगत	811	830	876	1374	+69.4	1095	+25.0
(ग) ऋण एवं अग्रिम	311	262	300	344	+10.6	349	+16.3
इ. अन्य	1268	1944	854	1609	+26.9	1337	+56.6
3. समग्र अधिशेष (+) या घाटा (—) (1-2)	—2714	—2480	—2096	—2548		+2370	

टिप्पणी :—

1. इन आंकड़ों में विधानमंडल वाले संघराज्य क्षेत्र नहीं आते।

2. अन्य संवितरणों में देशी एवं विदेशी ऋण देना, स्थानीय निकायों तथा पंचायत राज संस्थाओं की क्षतिपूर्ति एवं सुपुर्दगी आकस्मिकता निधियों, प्रेषणों (शुद्ध) के विनियोजन शामिल है और राज्य सरकारों ने अपने-अपने बजटों में केन्द्र सरकार को ऋणों की जो चुकौती की है उनके आंकड़ों के अंतर समायोजित किये गये हैं।

*इसमें भारत सरकार के बजट के संबंध में 18 अप्रैल, 1984 को घोषित बजट के बाद कर-रियायतों के आंकड़े शामिल नहीं है, लेकिन बजट प्रस्तावों के आंकड़े शामिल हैं।

*यदि 1984-85 के बजट अनुमानों की तुलना पिछले वर्ष के संशोधित अनुमानों से की जाये तो विकासशील व्यय में वृद्धि 7.9 प्रतिशत तथा गैर-विकासशील व्यय में वृद्धि 10.6 प्रतिशत आती है। इसी तरह यदि 1982-83 के लिए संशोधित अनुमानों की तुलना 1982-83 के लेखों से की जाये तो विकासशील व्यय में वृद्धि 15.5 प्रतिशत तथा गैर-विकासशील व्यय में वृद्धि 23.0 प्रतिशत बैठती है।

सारणी 10— केन्द्र तथा राज्य सरकारों, स्थानीय प्राधिकरणों तथा केन्द्र तथा राज्य सरकारों द्वारा प्रायोजित संस्थाओं के बाजार ऋण-राजकोषीय वर्ष 1982-83 तथा 1983-84 (करोड़ रुपये)

	सकल बाजार	चुकौतियां		शुद्ध बाजार		
	1982-83	1983-84	1982-83	1983-84	1982-83	1983-84
1. केन्द्र सरकार	4,166	4,345	366	344	3800	4,001
2. राज्य सरकारें	556	763	157	175	399	588
3. निम्नलिखित द्वारा प्रायोजित संस्थाओं के शुद्ध बाजार ऋण	4,722	5,108	523	519	4,199	4,589
4. केन्द्र सरकार	929	1,117	21	35	908	1,082
5. राज्य सरकारें (स्थानीय प्राधिकरणों सहित)	789	871	197	214	592	657
6. कुल संस्थायें	1,718	1,988	218	249	1,500	1,739
7. समग्र बाजार ऋण (3+6)	6,440	7,096	741	768	5,699	6,328

69. केन्द्र सरकार ने ऋणों की अपनी पहली शृंखला में पहली जून 1984 को 3 ऋण जारी किये । ये थे, 8.50 प्रतिशत ऋण 1994—9.50 प्रतिशत ऋण 2004 और 10.52 प्रतिशत ऋण 2012। ये ऋण नकदी-सह-परिवर्तन आधार पर थे और इनसे 881 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई। इनमें से 735 करोड़ रुपये नकद और शेष राशि परिवर्तन के जरिये प्राप्त हुई।

70. 9 जुलाई, 1984 को भारत सरकार ने नकदी सह-परिवर्तन आधार पर 8.50 प्रतिशत ऋण 1994 (दूसरे निर्गम) 9.50 प्रतिशत ऋण 2004 (दूसरा निर्गम) और 10.25 प्रतिशत ऋण 2012 (दूसरा निर्गम) के निर्गम के साथ दूसरी बार बाजार में प्रवेश किया और कुल 774 करोड़ रुपये की राशि जुटाई। इसमें से 691 करोड़ रुपये नकद और शेष राशि परिवर्तन के जरिए जुटाई गयी थी। इन दो शृंखलाओं के साथ केन्द्र सरकार ने 1263 करोड़ रुपये की शुद्ध राशि जुटाई जो 1984-85 के लिए कुल बजट बाजार ऋणों (शुद्ध) का 30.9 प्रतिशत थी।

केन्द्र सरकार के ऋणों पर कूपन दरें

71. सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश पर लाभ में वृद्धि करने की दृष्टि से पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न समाप्ति अवधियों वाली प्रतिभूतियों की कूपन दरों में धीरे-धीरे वृद्धि की गयी है। कम समाप्ति अवधि वाली प्रतिभूतियों की ब्याज दरों में की गयी वृद्धि इतनी महत्वपूर्ण नहीं थी लेकिन अधिक समाप्ति-अवधि वाली कुछ प्रतिभूतियों की ब्याज दरों में की गयी वृद्धि बहुत आकर्षक थी। ऐसी प्रतिभूतियों की ब्याज दरों में पिछले तीन वर्षों में 1.75 प्रतिशत तक की वृद्धि की गयी। उदाहरण के लिए 20 वर्षीय ऋण के संबंध में 1982 में कूपन दर 7.5 प्रतिशत थी जबकि इसे 1984 में बढ़ा कर 9.50 कर दिया गया। इसी अवधि में 28 वर्षीय ऋण के मामले में कूपन दर को 8.75 प्रतिशत से बढ़ाकर 10.25 प्रतिशत कर दिया गया। साथ ही 1982 में पहली बार 31 वर्षीय ऋण प्रारंभ किये गये जिन पर कूपन दर 9 प्रतिशत रखी गयी थी जिसे 1983 में, एकदम बढ़ा कर 10 प्रतिशत कर दिया गया।

केन्द्रीय ऋणों की रिजर्व बैंक की सहायता

72. केन्द्रीय सरकार के बाजार उधार कार्यक्रमों में धीमी वृद्धि हुई। साथ ही, पिछले वर्षों में केन्द्रीय सरकार के ऋणों में रिजर्व बैंक के बढ़ते हुए हिस्से का उल्लेख भी पिछले वर्ष की रिपोर्ट में किया गया था। 1983-1984 के दौरान इस हिस्से में वृद्धि जारी रही जो सकल बाजार ऋणों का 30.8 प्रतिशत थी, जबकि पिछले वर्ष यह हिस्सा 25.2 प्रतिशत था। लेकिन, यहां यह उल्लेखनीय है कि 1980-81 और 1981-82 में यह अनुपात 43.1 प्रतिशत तथा 38.6 प्रतिशत की उच्च सीमा में था। (सारणी 11) यद्यपि, पिछले कुछ वर्षों में रिजर्व बैंक के इस हिस्से में कमी आयी है तथापि आठवें दशक के अंतिम वर्षों के दौरान अर्थात 1978-79 तथा 1979-80 के क्रमशः 1.6 प्रतिशत तथा 18.1 प्रतिशत की अपेक्षा यह अभी भी बहुत अधिक है।

सारणी 11—बजटीय घाटा, बाजार ऋण तथा केन्द्र सरकार के बाजार ऋणों में रिजर्व बैंक की सहायता (1981-82 से 1984-85)

(करोड़ रुपये)

मद	1981-82 (लेखे)	1982-83 (लेखे)	1983-84 (बजट अनुमान)	1983-84 (संशोधित अनुमान)	1984-85(क) (बजट अनुमान)
1	2	3	4	5	6
1. राजस्व लेखा					
(क) राजस्व	15574.2	18091.3	20593.9	20964.3	24016.4
(ख) व्यय	15867.7	19345 6	22418.8	23339.4	26342.0
(ग) अधिशेष (+)/घाटा (—)	—293.5	—1254.3	—1824.9	—2375.1	—2325.6
2. पूंजीगत लेखा					
(क) प्राप्तियां	10155.7	13286.3	13451.5	16770.4	17717.3
(ख) संवितरण	11254.1	13687,5	13212.7	16090.7	17153.9
(ग) अधिशेष (+)/घाटा(+)	—1098.4	—401.2	+238.8	+679.7	+563:4
3. कुल प्राप्तियां 1 (क)+2(क)	25729.9	31377.6	34045.4	37734.7	41733.7
4. समग्र अधिशेष (+)/घाटा(—)	—1391.9*	—1656.5(ख)	—1586.1	1695.4(ग)	—1762.2
5. (3) के प्रतिशत के रूप में (4)	5.4	5.3	4.7	4.5	4.2
6. सकल बाजार ऋण	3198.3	4136.2	4344 0	4344.0	4591.0
7. (3) के प्रतिशत के रूपमें (6)	12.4	13.3	12.8	11.5	11.0

1	2	3	4	5	6
8. रिजर्व बैंक के अधिकार में विनांकित प्रतिभूतिया (वृद्धियां)†	1235.9	1041.0	1338.1	1338.1	
9. (6) के प्रतिशत के रूप में (8)	38.6	25.2	30.8	30.8	

टिप्पणी: (क) इसमें बजट प्रस्तावों के परिणाम शामिल हैं लेकिन 18 अप्रैल 1984 को घोषित बजट के बाद की कर-रियायतें शामिल नहीं है।

(ख) राज्य सरकारों को उनके घाटे पाटने के लिए 31 मार्च 1982 को दिये गये 1743.4 करोड़ रुपये के ऋण शामिल नहीं हैं।

(ग) राज्य सरकार को उनके ओवरड्राफ्ट निपटाने के लिए 31 मार्च 1983 को दिये गये 400 करोड़ रुपये के ऋण शामिल नहीं है।

*निधि उपलब्ध कराये गये तदर्थ खजाना बिलों के बदले रिजर्व बैंक के पक्ष में जारी 3,500 करोड़ रुपये की विशेष प्रतिभूतियां शामिल नहीं है।

†विशेष प्रतिभूतियां शामिल नहीं हैं

राष्ट्रीय ग्रामीण विकास बांड

73. 7 वर्षीय राष्ट्रीय ग्रामीण विकास बांडों तथा 3 वर्षीय राष्ट्रीय ग्रामीण विकास बांडों से क्रमशः 9 जुलाई 1979 तथा 7 जुलाई 1983 से धन प्राप्त हो रहा है। इन दोनों ही बांडों पर ब्याज की दर 7.5 प्रतिशत वार्षिक है। इन दोनों ही बांडों में निवेश करने वाला निर्धारित पूंजीगत आस्तियों के अंतरण/बिक्री से प्राप्त पूंजीगत लाभ पर कर से छूट की सुविधा ले सकता है। 7 वर्षीय बांडों के जारी होने से लेकर मार्च 1984 के अंत तक इनके विक्रय से 1982.5 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई जबकि 3 वर्षीय बांडों से जून 1984 के अंत तक प्राप्त राशि 55.3 करोड़ रुपये थी।

सामाजिक सुरक्षा प्रमाण पत्र

74. पहली जुलाई 1984 से शुरू किये गये सामाजिक सुरक्षा प्रमाणपत्रों में मार्च 1984 के अंत तक कुल 15.0 करोड़ रुपये के अभिदान प्राप्त हुए।

पूंजीगत निवेश बांड

75. 28 जून 1982 से शुरू किये गये पूंजीगत निवेश बांडों में 1983-84 के दौरान 40,6 करोड़ रूपये की राशि के अभिदान प्राप्त हुए जबकि इस वास्ते बजट में प्राक्कलित राशि 200 करोड़ रुपए तथा संशोधित अनुमानों के अनुसार 60 करोड़ रुपये थी। 1984-85 के बजट में इन बांडों से 60 करोड़ रुपये प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन बांडों के निर्गम से लेकर जून 1984 के अंत तक विक्रय से प्राप्त हुई राशि 124.7 करोड़ रुपये है।

राष्ट्रीय जमा योजना

76. सार्वजनिक कार्यों में निवेश के लिए अतिरिक्त साधन जुटाने की दृष्टि से सरकार ने "राष्ट्रीय जमा योजना" प्रारंभ की है जो बैंकों की दोधविधि जमा योजना से बहुत कुछ मिलती जुलती है। यह योजना 30 जुलाई 1984 से लागू होगी। इस योजना के अंतर्गत 4 वर्ष की समाप्ति-अवधि वाले जमा प्रमाणपत्र भारतीय स्टेट बैंक तथा 14 राष्ट्रीकृत बैंकों की कुछ निर्दिष्ट शाखाओं से खरीदे जा सकते हैं। इनमें निवेश करने वाला व्यक्ति एक वर्ष के बाद कभी भी इन्हें भुना सकेगा। इस योजना में 4 वर्षों तक किये गये निवेश पर 10.5 प्रतिशत की दर से ब्याज देय होगा तथा तीन, दो और एक वर्ष के लिए किये गये निवेश पर ब्याज की दर क्रमशः 10,9 और 7 प्रतिशत होगी। इन निक्षेपों से प्राप्त ब्याज, आयकर अधिनियम की धारा 80 एल के अन्तर्गत उपलब्ध 10,000 रुपये सहित (यूनिट ट्रस्ट की यूनिटों से आय पर 3,000 रुपये सहित) की छूट के अतिरिक्त 2000 रुपये तक कर मुक्त होगा। साथ ही, ऐसी जमा राशियों के संबंध में 25000 रुपये तक की अतिरिक्त छूट सम्पदा कर अधिनियम के अन्तर्गत प्रदान की गयी है। एक निश्चित अवधि में इस योजना से 500 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के बाद अथवा मौद्रिक गतिविधियों के अनुसार यदि आवश्यक हुआ तो पहले ही इस योजना की समाप्ति का सरकार का प्रस्ताव है।

राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र

77. पहली मई 1981 से निर्गमित छह वर्षीय बचत प्रमाणपत्र VI निर्गम तथा छह वर्षीय राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र VII निर्गम को पिछले वर्ष सम्पदा कर अधिनियम तथा आय कर अधिनियम के अन्तर्गत उदार लाभ देकर और अधिक आकर्षक बनाया गया। इन प्रमाणपत्रों में किया गया निवेश आय कर अधिनियम की धारा 80 सी के अंतर्गत 40,000/- रुपये की अधिकतम सीमा तक अन्य विनिर्दिष्ट आस्तियों के साथ कर योग्य आय से घटाने जाने के लिए पात्र है। इसी प्रकार ऐसे निवेश अधिकतम 2.65 लाख रुपये तक के अन्य विनिर्दिष्ट निवेशों के साथ मूल्यांकन वर्ष, 1985-86 से संपत्ति कर से छूट के लिए भी पात्र हैं। इसके अलावा, इन प्रमाणपत्रों पर अर्जित ब्याज, अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों तथा बैंक जमाराशियों पर अर्जित ब्याज के साथ 7,000 रुपये प्रति वर्ष की सीमा तक आयकर अधिनियम की धारा 80 एल के अन्तर्गत छूट के लिए पात्र है। इसके परिणामस्वरूप, इन प्रमाणपत्रों के विक्रय से प्राप्त राशियों में तीव्र वृद्धि हुई। 1983-84 (अप्रैल,मार्च) के दौरान इनके विक्रय से प्राप्त कुल राशि 1,546 करोड़ रुपये थी जबकि वर्ष 1982-83 के दौरान यह 962 करोड़ रुपये थी।

राज्य सरकारों को ओवरड्राफ्ट

78. पिछले वर्ष की रिपोर्ट में कुछ राज्यों द्वारा रिजर्व बैंक से ओवरड्राफ्ट का सहारा लिये जाने का उल्लेख किया गया था। यद्यपि केन्द्रीय सहायता जारी होने से राज्यों द्वारा जून 1983 के अन्त तक के बकाया ओवरड्राफ्ट समाप्त कर दिये गये थे लेकिन 1 जुलाई, 1983 को ही तुरन्त यह प्रवृत्ति फिर दिखाई दी। तब से ओवरड्राफ्ट पर अवलंबित रहने की प्रवृत्ति काफी बढ़ गयी है। पहली जुलाई 1983 को तीन राज्यों का ओवरड्राफ्ट 66.10 करोड़ रुपये था जो 21 जनवरी 1984 को 9 राज्यों के संबंध में 739.59 करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर तक बढ़ गया। चूंकि स्थिति काफी बिगड़ गयी अतः जनवरी 1984 में केन्द्र सरकार ने उन राज्यों के साथ एक बार फिर इस समस्या पर विचार-विमर्श किया जिनके ओवरड्राफ्ट रिजर्व बैंक के साथ बहुत अधिक थे। कई राज्यों ने अपनी वित्तीय स्थिति में सुधार लाने तथा ओवरड्राफ्ट पर अपनी निर्भरता को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर सहमति व्यक्त की। 1983-84 के संशोधित बजट अनुमानों में राज्यों के लिए 400 करोड़ रुपये की विशेष ऋण सहायता का प्रावधान किया गया है ताकि वे 1982-83 के अपने घाटों के कुछ भाग को पाट सकें। राज्यों को यह भी सूचित किया गया कि रिजर्व बैंक से अनुमत अर्थोपाय सीमाओं तक 1983-84 के अंतिम घाटों को 1984-85 के योजना संसाधनों से समायोजित नहीं किया जायेगा। ये उपाय किये जाने के बावजूद 31 मार्च 1984 को 17 राज्य सरकारों के कुल ओवरड्राफ्ट 531.26 करोड़ रुपये के थे जबकि 31 मार्च 1983 को 14 राज्यों के ओवरड्राफ्ट 384.92 करोड़ रुपये के थे। दोनों ही मामलों में ये राशियां सरकारी लेखें बन्द होने के बाद की हैं। बाद में ओवरड्राफ्ट की मात्रा तथा उनके बकाया रहने के दिनों की संख्या से संबंधित स्थिति और बिगड़ गयी। अब तक चालू वित्तीय वर्ष 1984-85 के दौरान ओवरड्राफ्ट का उच्चतम स्तर 23 अप्रैल 1984 को रहा जब 14 राज्यों का कुल ओवरड्राफ्ट 949.86 करोड़ रुपये हो गया था। केन्द्र सरकार ने 1983-84 में राज्य सरकारों को अपने ओवरड्राफ्ट चुकाने के लिए 499.13 करोड़ रुपये के मध्यकालीन ऋण दिये। इसके बाद ओवरड्राफ्टों के स्तर में कमी आयी। 28 जून 1984 तक के उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि 9 राज्यों का कुल ओवरड्राफ्ट 517.60 करोड़ रुपये था। केन्द्र सरकार द्वारा 29 जून 1984 को राज्य सरकारों को जारी की गयी 570.02 करोड़ रुपये की सहायता की मदद से संबंधित राज्य सरकारों ने अपने ओवरड्राफ्ट चुका दिये और जून 1984 के अंत में कोई ओवरड्राफ्ट बकाया नहीं रहा। बहुत बड़ी मात्रा में ओवरड्राफ्टों का बार बार सहारा लिया जाना तथा इसी प्रवृत्ति का बढ़ते जाना वित्तीय

प्रबंध में कुछ गंभीर खामियों की ओर इंगित करता है और समग्र वित्तीय स्थिति के हित में इस समस्या के समाधान के लिए केन्द्र एवं राज्यों द्वारा संयुक्त सुधारात्मक कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर देता है।

पूंजीगत बाजार की गतिविधियां

79. हाल ही के कुछ वर्षों के दौरान, सरकार ने पूंजीगत बाजार की संस्थाओं के कार्य के पुनर्विन्यास तथा औद्योगिक निवेश की गति को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से कई कदम उठाये। सरकार ने स्टाक बाजार कार्यों के प्रोत्साहन के लिए तथा साथ साथ स्टाक एक्सचेंज पर सट्टे को प्रतिबंधित करने के लिए कई उपाय किये। औद्योगिक निवेश के लिए अक्षत राशि जुटाने को सुविधाजनक बनाने की दृष्टि से पिछले तीन वर्षों के दौरान चार नये स्टाक एक्सचेंजों को मान्यता दी गयी जिसके परिणामस्वरूप देश में स्टाक एक्सचेंजों की कुल संख्या बढ़कर 13 हो गयी। साथ ही, औद्योगिक प्रतिभूतियों, विशेष रूप से ऋण पत्रों परिवर्तनशील तथा अपरिवर्तनशील दोनों के लिए सक्रिय बाजार का निर्माण करने की दृष्टि से इनके निर्गम की शर्तों में अभिनव परिवर्तन किये गये।

80. इन विविध नीति संबंधी उपायों के परिणामस्वरूप पूंजीगत बाजार उत्साहवर्धक बना रहा। पूंजीगत निर्गमों के नियंत्रक द्वारा मंजूर पात्रतियों/सहमतियों पर 1983-84 (अप्रैल-मार्च) के दौरान गैर-सरकारी कम्पनियों द्वारा 556.4 करोड़ रुपये की पूंजी वृद्धि (प्रवत) के अंतिम आंकड़ों से यह प्रकट होता है कि यह वृद्धि 1982-83 के दौरान हुई 420.1 करोड़ रुपये की वृद्धि से 32.4 प्रतिशत अधिक है। (सारणी 12) पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी किये गये नये पूंजीगत निर्गम (पूंजीगत छूट) आदेश, 1969 के अन्तर्गत जारी किये गये सहित) के अनुसार, जो स्थूल रूप से बाजार से जुटायी जाने वाली पूंजी की मात्रा दर्शाते हैं, 1983-84 (अप्रैल-मार्च) में यह कुल 809.2 करोड़ रुपये होगी जो 1982-83 के दौरान जुटायी गयी राशि 732.4 करोड़ रुपये से 10.5 प्रतिशत अधिक है।

81. 1983-84 के दौरान ईक्विटी शेयरों के निर्गम में 31 प्रतिशत की वृद्धि हुई और ये 353.9 करोड़ रुपये तक पहुंच गये। लेकिन, अधिमान शेयरों के निर्गम में नवम्बर 1981 में इन पर लाभांश की अधिकतम सीमा को 11 प्रतिशत से बढ़ाकर 13.5 प्रतिशत कर दिये जाने के बावजूद, कोई वृद्धि नहीं हुई और यह सामान्य बने रहे। अधिमान शेयरों पर लाभांश की अधिकतम सीमा को मई 1984 में और बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है।

82. हाल ही के कुछ वर्षों में कम्पनियों द्वारा पूंजी जुटाने में डिबेंचरों पर बढ़ती हुई निर्भरता एक प्रमुख बात रही है। इसका कारण मुख्यतः सरकार द्वारा अप्रैल 1982 में अपरिवर्तनशील डिबेंचरों पर ब्याज की सीमा को बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया जाना तथा छोटे धारकों के संबंध में पुनर्खरीद सुविधा द्वारा उनके नकदीकरण में वृद्धि करना है। इन उपायों के कारण अपरिवर्तनशील डिबेंचरों के गौण बाजार को सक्रिय बनाने में भी सहायता मिली जो 1983-84 के दौरान डिबेंचर निर्गमों पर हावी थे और कुल निर्गम के 93 प्रतिशत से अधिक थे। विद्यमान कंपनियों द्वारा अपने विस्तार/विशाखन के लिए डिबेंचरों पर बढ़ती हुई निर्भरता रिजर्व बैंक द्वारा किये गये 486 बड़ी पब्लिक लिमिटेड कंपनियों (जिनमें से प्रत्येक की प्रवत पूंजी एक करोड़ रुपये अथवा अधिक थी) के अध्ययन से भी प्रकट होती है। 1982,83 के दौरान (लेखे पहली अप्रैल 1982 से 31 मार्च 1983 की अवधि के दौरान बन्द किये गये) इन कंपनियों ने डिबेंचरों के माध्यम से 372 करोड़ रुपये की पूंजी जुटायी (यह 1981-82 के दौरान 133 करोड़ रुपये थी) जबकि उक्त अवधि में संस्थागत एजेंसियों (बैंकों को छोड़कर) से उनका उधार 418 करोड़ रुपये से घटकर 362 करोड़ रुपये रह गया।

सारणी 12—निजी निर्गम क्षेत्र द्वारा पूंजीगत निर्गम तथा जुटाई गई पूंजी (चुकता)

(करोड़ रुपये)

प्रतिभूतियां	पूंजीगत निर्गम		जुटाई गयी पूंजी (चुकता)	
	1982-83	1983-84	1982-83	1983-84
इक्विटी शेयर	270.30	353.86	132.37	146.82
वर्तमान शेयर	2.05	2.39	2.77	1.29
डिबेंचर	460.00	452.96	285.00	408.28
(1) परिवर्तनीय	288.95	30.49	उपलब्ध नहीं	
(2) अपरिवर्तनीय	171.05	422.47	उपलब्ध नहीं	
जोड़	732.35	809.21	420.14	556.39

स्रोत : वित्त मंत्रालय, भारत सरकार

83. औद्योगिक वित्त के क्षेत्र में हाल ही की एक नयी बात निजी क्षेत्र के प्रवर्तकों द्वारा पट्टा तथा निवेश कंपनियों की स्थापना करना रही है। भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम तथा भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम जैसी कुछ मीयादी ऋण देने वाली संस्थाओं ने अपने कार्यों को उपकरण पट्टे पर देने के कार्य की ओर मोड़ दिया है। बैंककारी विधि (संशोधन) अधिनियम, 1983 के अनुसार अब बैंक भी उपकरण पट्टे पर देने का काम कर सकते हैं।

84. जुलाई 1983 से जून 1984 के दौरान देश में प्रमुख स्टाक एक्सचेंजों का व्यापार नवम्बर 1983 से जनवरी 1984 के प्रथम सप्ताह को छोड़कर जिसमें ईक्विटी का मूल्य तेजी से बढ़ा और वर्ष के दौरान अधिकतम रहा, ईक्विटी के मूल्यों में कम वृद्धि हुई। साधारण शेयर के मूल्यों के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के अखिल भारतीय सूचकांक (1970-71=100) 7 जनवरी 1984 को समाप्त हुए सप्ताह में 211.7 पर पहुंच गये। इसके बाद ईक्विटी के मूल्यों में कमी आयी जो 1984 के अंत तक मंद बनी रही। जून 1984 के महीने में ईक्विटी के मूल्य में वृद्धि दिखायी दी। 30 जून 1984 को समाप्त हुए सप्ताह का सूचकांक 202.3 था जो एक वर्ष पूर्व के स्तर की अपेक्षा सीमान्त रूप से 0.8 प्रतिशत अधिक था। लेकिन 1983-84 का औसत सूचकांक 200.4 तथा जो 1982-1983 के स्तर से 9.8 प्रतिशत अधिक था।

वित्तीय संस्थाओं द्वारा सहायता

85. 1983-84 (अप्रैल-मार्च) के दौरान अखिल भारतीय मीयादी ऋण संस्थाओं अर्थात भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम, भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, जीवन बीमा निगम, भारतीय यूनिट ट्रस्ट तथा सामान्य बीमा निगम, द्वारा मंजूर और वितरित की गयी कुल सहायता राशि क्रमशः 3766 करोड़ रुपये तथा 2675 करोड़ रुपये थी। यह 1982-

1983 के दौरान की, 18.3 प्रतिशत की मंजूरी में तथा 17.5 प्रतिशत की वितरण में हुई वृद्धि की अपेक्षा क्रमशः 27.5 प्रतिशत तथा 22.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की आधुनिकीकरण के वित्तपोषण की योजना सभी औद्योगिक इकाइयों पर लागू कर दी गई है और 4 करोड़ रुपये तक के ऋण पर ब्याज की राशि को 12.5 प्रतिशत से घटाकर 11.5 प्रतिशत कर दिया गया है। कमजोर इकाइयों के मामले में 10 प्रतिशत ब्याज की दर पर सहायता दी जाती है।

भुगतान संतुलन

86. भुगतान संतुलन की समग्र स्थिति में सुधार होना राजकोषीय वर्ष 1983-84 में भी जारी रहा और इस सुधार से प्रोत्साहित होकर, भारत सरकार ने अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ किये गये तीन वर्षीय विस्तारित निधि सुविधा करार को, छह माह पूर्व ही, पहली मई 1984 से समाप्त कर दिया। तदनुसार, विस्तारित निधि सुविधा के अन्तर्गत भारत ने 3900 मिलियन विशेष आहरण अधिकारों अथवा 8 नवम्बर 1984 को समाप्त होने वाली तीन वर्ष की अवधि में आहरित किये जाने वाले 5000 मिलियन विशेष आहरण अधिकारों से 1,100 मिलियन कम विशेष आहरण अधिकारों का आहरण किया।

87. राजकोषीय वर्ष 1982-83 के बाद के भुगतान संतुलन से संबंधित आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। विदेशी मुद्रा प्रारक्षित निधियों की गतिविधियों तथा अन्य सूचनाओं से यह पता चलता है कि राजकोषीय वर्ष 1983-84 के दौरान विदेशी आर्थिक कार्य सम्पादन में पर्याप्त सुधार हुआ है। राजकोषीय वर्ष 1983-84 के दौरान रिजर्व बैंक की विदेशी मुद्रा आस्तियों में 1233 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई जबकि 1982-83 के राजकोषीय वर्ष में 911 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी, जिसमें विस्तारित निधि सुविधा के अन्तर्गत विदेशी मुद्राओं के क्रमशः 1,197 करोड़ रुपये तथा 1,893 करोड़ रुपये के आहरण शामिल नहीं हैं। 1983-84 में विदेशी मुद्रा आस्तियों में 36 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई जबकि 1982-83 में 982 करोड़ रुपये की कमी आयी थी। विशेष आहरण अधिकारों के धारण में राजकोषीय वर्ष 1983-84 तथा 1982-83 में क्रमशः 51 करोड़ रुपये तथा 140 करोड़ रुपये की गिरावट आयी। यदि विस्तारित निधि सुविधा के अन्तर्गत 217 करोड़ रुपये के बराबर के विशेष आहरण अधिकारों, के आहरण क्षतिपूरक वित्तीय सुविधा के अन्तर्गत 72 करोड़ रुपये के बराबर विशेष आहरण अधिकारों के निवल पुनर्क्रय, तथा निधि के साथ भारत के कोटे में वृद्धि के लिए 133 करोड़ रुपये के बराबर विशेष आहरण अधिकारों के भुगतान को छोड़ दिया जाये तो विशेष आहरण अधिकारों के धारण में राजकोषीय वर्ष 1983-84 में हुई गिरावट 64 करोड़ रुपये के बराबर थी जबकि उसमें 1982-83 के दौरान 140 करोड़ रुपये की तुलनीय गिरावट आयी थी।

88. नीचे दी गयी सारणी में, हाल ही में, भारत की कुल प्रारक्षित निधियों तथा अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा निधि से आहरणों और अदायगियों की स्थिति दर्शायी गयी है।

सारणी 13—भारत की विदेशी मुद्रा प्रारक्षित निधियों में उतार-चढ़ाव

	विदेशी मुद्रा प्रारक्षित निधियां (बकाया)			क्षतिपूर्ति निधि सुविधा तथा विस्तारित निधि सुविधा के अन्तर्गत सकल आहरण (मिलियन वि. आ. अ.) +	पुनर्खरीदें * (मिलियन विशेष आहरण अधिकार)
	विशेष आहरण अधिकार (मिलियन)	स्वर्ण (रु० लाख)	विदेशी मुद्रा (रु० लाख)		
मार्च 1982	425.1	225.58	3354,47	866.00	शून्य
जून 1982	398.6	225,58	3274,19	1166.00	शून्य
मार्च 1983	270.2	225.58	4265,26	2666.00	शून्य
जून 1983	219.8	225,58	4805,18	2966.00	शून्य
मार्च 1984	216.4	225,58	5497,85	3966.0	66.50
जून 1984	330.8	225,58	5712.18	4166.00	99.75

+सकल आहरण तथा पुनर्खरीदें अगस्त 1980 से हैं जब क्षतिपूर्ति निधि सुविधा का आहरण किया गया था।
*पुनर्खरीदें क्षतिपूर्ति निधि सुविधा के कारण हैं।

व्यापारिक कारोबार

89. वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय द्वारा हाल ही में जारी किये गये आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि वाणिज्य वस्तुओं के व्यापार का अन्तर राजकोषीय वर्ष 1982-83 के 5,526 करोड़ रुपये से 1983-84 में 5,781 करोड़ रुपये का हो गया। निर्यातों के मूल्य में पिछले वर्ष के 13.2 प्रतिशत की तुलना में 1983-84 के दौरान 9.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और वे 9,676 करोड़ रुपये के हो गये। आयातों के मूल्य में होने वाली वृद्धि दर में, जो पिछले वर्षों में बराबर गिर रही थी अर्थात् 1980-81 के 40.6 प्रतिशत से गिर कर 1981-82 में 9.2 प्रतिशत तथा 1982-83 में 5.0 प्रतिशत रह गयी थी, 1983-84 के दौरान 8.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वे 15,457 करोड़ रुपये के रहे। 1983-84 में कुल निर्यातों में वृद्धि की दर पिछले वर्ष की तुलना में कम थी। यदि मार्च 1984 में बंदरगाह हड़ताल न हुई होती तो वार्षिक निर्यात वृद्धि 12 प्रतिशत के आसपास की उच्च दर पर होती गैर तेल-निर्यातों में वृद्धि 7.0 प्रतिशत से काफी अधिक हो सकती है जबकि 1982-83 में उसमें 1.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी थी। विशेष आहरण अधिकार के रुपये के मूल्य ह्रास की व्यवस्था करने के बाद 1982-83 विनिमय दरों पर गैर-तेल निर्यातों में वृद्धि 1983-84 में 3.5 प्रतिशत के आसपास हो सकती है।

90. 1983-84 में निर्यातों के वर्गवार वितरण से संबंधित ब्योरे अभी तक उपलब्ध नहीं हैं। 1983-84 में गैर-तेल निर्यात में मात्रा और मूल्य की दृष्टि से जो उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, वह जवाहरात तथा तैयार वस्त्रों को शामिल करते हुए वस्त्रोद्योग के कारण हुई है। चाय के निर्यात में मूल्य के रूप में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है लेकिन यह सारी वृद्धि विश्व में चाय के मूल्यों में हुई वृद्धि का परिणाम है। रसायनों तथा तैयार खाद्य पदार्थों के निर्यातों में वृद्धि होने के भी संकेत मौजूद हैं।

91. जहां तक आयातों का संबंध है, 1983-84 के दौरान जहां कुल आयातों में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, वहां गैर-तेल आयातों में, 1982-83 की 3.3 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में, 22.4 प्रतिशत

की पर्याप्त रूप से तीव्रतर वृद्धि हुई है। यह वृद्धि जिन वस्तुओं के कारण हुई, वे हैं, खाद्य तेल, मोती, कीमती तथा अर्ध-कीमती पत्थर और गैर लौह धातुएं। देश में औद्योगिक गतिविधियों के पुनर्जीवन के कारण औद्योगिक कच्चे माल, उपस्करों तथा पूंजीगत माल के आयातों में भी भारी वृद्धि की संभावना है। आयातों के क्षेत्र में जो एक प्रमुख बात दिखायी दी है, वह है—कच्चे तेल और तेल-उत्पादों में आयात प्रतिस्थापना का जारी रहना। तेल आयात (निर्यातों को घटा देने के बाद शुद्ध) 1982-83 के 4,440 करोड़ रुपये से घटकर 1983-84 में 3,400 करोड़ रुपये के आसपास रह गये।

परोक्ष वस्तुएं

92. 1982-83 के दौरान, सरकारी अनुदानों को छोड़कर परोक्ष वस्तुओं का निवल अधिशेष 3210 करोड़ रुपये का था। विदेशी उधार तथा मुद्राकोष से आहरणों पर ब्याज की अदायगियों में वृद्धि होने के कारण निवल निवेश आय अदायगी में पर्याप्त वृद्धि हुई जबकि निजी अन्तरणों तथा यात्राओं से प्राप्तियों में भी सुधार हुआ। परिवहन के अन्तर्गत निवल अदायगियों में वृद्धि की प्रवृत्ति दिखायी देती है। इस बात की संभावना नहीं है कि 1983-84 में शुद्ध परोक्ष प्राप्तियों के आकार में पिछले वर्ष की तुलना में काफी अन्तर हो।

विदेशी मुद्रा अनिवासी खाता तथा अनिवासी (विदेशी) रुपया खाता योजनाओं के अन्तर्गत जमा राशियों में वृद्धि

93. पूंजीगत खाते में, 1983-84 के दौरान विदेशी मुद्रा अनिवासी खाता योजना तथा अनिवासी विदेशी रुपया खाता योजनाओं के अन्तर्गत लगभग क्रमशः 330 करोड़ रुपये तथा 360 करोड़ रुपये की उल्लेखनीय वृद्धि होने का अनुमान है, जबकि 1982-83 में इनमें क्रमशः 110 करोड़ रुपये तथा 350 करोड़ रुपये (अनिवासी विदेशी रुपया खाता योजना के अन्तर्गत ब्याज घटक को छोड़ते हुए) की वृद्धि हुई थी। विदेशी मुद्रा अनिवासी खातों में, 1984-85 की प्रथम छमाही के दौरान की शुद्ध प्राप्तियां 1983-84 की इसी तिमाही की अपेक्षा कम रहीं जो आंशिक रूप से, विदेशों में ब्याज की बढ़ती हुई दरों का प्रभाव प्रदर्शित करती हैं। विदेशी सहायता, द्विपक्षीय लेनदेन, तथा निधि आहरण।

94. सकल विदेशी सहायता में वृद्धि की प्रवृत्ति लगातार दूसरे वर्ष भी दिखायी दी जो 1983-84 (अप्रेल-मार्च) के दौरान 2576 करोड़ रुपये (अनन्तिम) थी, और 1982-83 से 326 करोड़ रुपये अधिक थी। ऋण परिशोधन अदायगियां भी 1982-83 के 587 करोड़ रुपये (पुनरीक्षित) से बढ़कर 1983-84 में 622 करोड़ रुपये हो गयीं। इसके परिणामस्वरूप 1983-84 के दौरान, 1,954 करोड़ रुपये की कुल विदेशी सहायता प्राप्त होने का अनुमान है, जब कि 1982-83 में यह 1,663 करोड़ रुपये (पुनरीक्षित) थी। 1983-84 तथा 1982-83 के दौरान भारत ने अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से उसकी विस्तारित निधि सुविधा के अधीन क्रमशः 1,414 करोड़ रुपये तथा 1,893 करोड़ रुपये आहरित किये। 1983-84 में मुद्राकोष से कुल आहरण-राशि प्रतिपूरक वित्तीय सुविधा के अन्तर्गत 72 करोड़ रुपये की पुनर्खरीद को घटाकर 1,342 करोड़ रुपये थी जबकि 1982-83 में ऐसे आहरणों की राशि 1,893 करोड़ रुपये थी। द्विपक्षीय पूंजीगत लेनदेनों की स्थिति में तीव्र परिवर्तन हुआ। 1982-83 में बड़ी मात्रा में राशियां बाहर गयी थीं जबकि 1983-84 में वे देश में आयीं।

ऋण शोधन

95. भुगतान-शेष से संबंधित 1982-83 के आंकड़ों के अनुसार कुल ऋण-शोधन भुगतान वर्ष के दौरान हुई कुल निर्यात आय के 14 प्रतिशत से कम थे। कुल चालू प्राप्तियों के अनुपात के रूप में ऋण शोधन भुगतान, सरकारी अनुदानों को छोड़कर, 8.5 प्रतिशत होंगे तथा सकल राष्ट्रीय उत्पादन के संबंध में 0.8 प्रतिशत से कम होंगे।

विदेशी मुद्रा आस्तियां

96. वर्ष 1983-84 (जुलाई-जून) के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक की विदेशी मुद्रा आस्तियों में 9.07 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई और वह बढ़कर 5,712 करोड़ रुपये हो गयी। यदि मुद्राकोष से विस्तारित निधि सुविधा के अधीन आहरित किये गये 916 करोड़ रुपये तथा प्रतिपूरक वित्तीय सुविधा की पुनर्खरीद के 39 करोड़ रुपये शामिल नहीं किये जायें तो इन आस्तियों में 30 करोड़ रुपये की वृद्धि दिखायी देगी जबकि 1982-83 की इसी अवधि के दौरान इनमें 377 करोड़ रुपये की गिरावट आयी थी। इसमें अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से किये गये 1,908 करोड़ रुपये के आहरण शामिल नहीं हैं।

विशेष आहरण अधिकार

97. 1983-84 (जुलाई-जून) के दौरान धारित विशेष आहरण अधिकारों में 111 मिलियन विशेष आहरण अधिकारों की वृद्धि हुई और वे बढ़ कर 331 मिलियन हो गये जबकि 1982-83 के दौरान इनमें 179 मिलियन विशेष आहरण अधिकारों की कमी आयी थी। 1983-84 के दौरान विशेष आहरण अधिकारों में हुई वृद्धि का मुख्य कारण निम्नलिखित के अन्तर्गत प्राप्तियां रहीं (i) प्रतिपूरक वित्तीय सुविधा के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष से 360 मिलियन विशेष आहरण अधिकारों का आहरण और (ii) विदेशी मुद्राओं पर 247.6 मिलियन विशेष आहरण अधिकारों की खरीद, तथा निम्नलिखित के अन्तर्गत भुगतान. (iii) 1982-83 के दौरान के 220.3 मिलियन विशेष आहरण अधिकारों की तुलना में, 1983-84 के दौरान कोष ऋण के उपयोग के लिए 334.2 मिलियन विशेष आहरण अधिकारों को प्रभारों के भुगतान के लिए, (iv) प्रतिपूरक वित्तीय सुविधा आहरणों के 66.5 मिलियन की पुनर्खरीद के लिए तथा (v) कोष में भारत के कोटे में वृद्धि के कारण 122.6 मिलियन विशेष आहरण अधिकारों के भुगतान के लिए।

स्वर्ण

98. रिज़र्व बैंक की स्वर्ण धारिताएं दिसम्बर 1980 से बिना किसी परिवर्तन के 226 करोड़ रुपये (प्रति 10 ग्राम 84.39 रुपयों के सांविधिक धारण मूल्य पर आंकी गयी) ही बनी रहीं।

अन्तर्राष्ट्रीय मौद्रिक संबंध

99. जिस प्रकार औद्योगिक देशों की मंदी का प्रभाव एक वर्ष के बाद गैर-तेल विकासशील देशों के आर्थिक विकास पर पड़ा था, उसी प्रकार औद्योगिक देशों में हुए सुधार का प्रभाव भी, एक वर्ष बाद, 1984 में उन पर भी दिखाई देने की आशा है। लेकिन गैर-तेल विकासशील देशों में विकास की गति 1985 में 1967-78 की अवधि के दौरान की विकास की गति से काफी कम रहने की आशा है। समूह के रूप में एशियाई देशों की स्थिति में तुलनात्मक रूप से अधिक सुधार हुआ। कई गैर-तेल विकासशील देशों, विशेष रूप से सब-सहारा अफ्रीका तथा लेटिन अमरीका में 1983 के दौरान भी प्रति व्यक्ति आय में गिरावट आना जारी रहा तथा वर्तमान संकेतों के अनुसार 1984 में भी इनमें से कई देशों की प्रति व्यक्ति आय में और गिरावट आ सकती है। भावी अनुमानों के अनुसार 1984 और/अथवा 1985 में इन देशों की आर्थिक दशा में यदि सुधार होता भी है तो 1980 के जीवन-स्तर को पुनः प्राप्त करने में इन्हें कई वर्ष लगेंगे।

100. गैर-तेल विकासशील देशों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक स्थिति निरुत्साहित जनक ही बनी रही। इनमें से अधिकांश देशों को विदेशी ऋण समस्या का समाधान नहीं मिल सका, यद्यपि अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय अस्थायी व्यवस्थाओं के माध्यम से विदेशी ऋण अदायगियों में व्यतिक्रम न करने में सफल रहा। गैर-तेल विकासशील देशों को रियायती तथा गैर-रियायती दोनों प्रकार की निवल विदेशी सहायता की संभावना क्षीण बनी रही जो अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ (vii) द्वारा दी जाने वाली सहायता में तीव्र कटौती तथा आधिकारिक विकास सहायता के विस्तार की धीमी

कमी के साथ-साथ वाणिज्यिक उधार में उल्लेखनीय कमी होने तथा विश्व बैंक से प्राप्त होने वाली सहायता की राशि के संबंध में अनिश्चितता का परिणाम है। वर्ष के दौरान कोष के सदस्यों का कोटा 46 प्रतिशत बढ़ गया अर्थात् 61.1 बिलियन विशेष आहरण अधिकार से बढ़कर 89.2 बिलियन विशेष आहरण अधिकार हो गया। लेकिन, इस वृद्धि का प्रमुख भाग सदस्यों को चयनात्मक आधार पर आबंटित किया गया। कुल कोटे में गैर-तेल विकासशील देशों का हिस्सा 27.8 प्रतिशत से घटाकर 26.2 प्रतिशत कर दिया गया ; साथ ही, नीतियों में दृढ़ता तथा शर्तों में कठोरता के कारण, वास्तव में कोष से साधन प्राप्त करने में गैर-तेल विकासशील देशों में से अधिकांश देशों की पहुंच और कम हो गयी। गैर-तेल विकासशील देशों की रुचि की वस्तुओं के निर्यात मूल्यों में सार्थक सुधार होने की संभावनाएं भी काफी क्षीण हुई हैं। इस प्रकार, यद्यपि 1983 में गैर-तेल प्राथमिक वस्तुओं के अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष सूचकांक में कुछ सुधार हुआ है तथापि 1980 में प्राप्त किए गये स्तर से यह लगभग 20 प्रतिशत कम रहा। इसी प्रकार गैर विकासशील देशों की व्यापारिक स्थिति में लगातार तीन वर्षों तक गिरावट आने के बाद 1983 में एक प्रतिशत से कुछ अधिक का सुधार हुआ और आशा की जाती है कि इसमें 1984 में 1.5 प्रतिशत का और सुधार होगा। ये सुधार सीमांत स्वरूप के हैं और सूचकांक 1979 में प्राप्त किये गये स्तर से लगभग 10 प्रतिशत कम बना रहेगा। विश्व व्यापार से संबंधित स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है लेकिन गैर-तेल विकासशील देशों की दृष्टि से यह अभी भी असंतोषजनक है। कुछ औद्योगिक देशों की स्थिति में सुधार आने के कारण, कुछ गैर-तेल विकासशील देशों के विदेशी व्यापार में कुछ सुधार हुआ है, लेकिन इस समूह के देशों के विदेशी उधारों पर, ब्याज दरों में वृद्धि के कारण इस सुधार का एक भाग प्रभावहीन हो जायेगा। औद्योगिक देशों की स्थिति में सुधार होने तथा खुली व्यापार प्रणाली बनाये रखने की सार्वजनिक घोषणाओं के बावजूद व्यापारिक रुकावटों में कमी नहीं आयी है बल्कि इसके विपरीत संरक्षणवाद का विस्तार हुआ है। किसी संगठित अन्तर्राष्ट्रीय कार्रवाई के अभाव में संरक्षणवाद के और अधिक बढ़ने की आशा की जाती है।

101. गैर-तेल विकासशील देशों के चालू खातों के संयुक्त घाटे में जो और गिरावट आयी थी तथा 1983 के दौरान जिसमें उल्लेखनीय गिरावट हुई थी, उसमें 1984 में कुछ मामूली कमी हुई है। लेकिन, पिछले वर्ष जो सुधार हुआ था वह आयातों में और कमी के कारण हुआ था जिसके परिणामस्वरूप गैर-तेल विकासशील देशों के निवेश, उत्पादन प्रति व्यक्ति आय में कमी हुई और बेरोजगारी में वृद्धि हुई। आयातों की कमी के कारण औद्योगिक देशों को आर्थिक गतिविधियों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा। प्रमुख औद्योगिक देशों के बीच चालू खाते का असंतुलन तेजी से बढ़ा तथा अमरीका के घाटे में नाटकीय वृद्धि हुई। इन गतिविधियों के कारण, अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में वास्तविक ब्याज दरों में वृद्धि हुई। प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राओं की विनिमय दरों में उतार-चढ़ाव हुए तथा कई औद्योगिक देशों में संरक्षणवाद को बल मिला। विदेशी ऋण समस्या के समाधान को उच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए क्योंकि इसकी असफलता से अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली पर गंभीर प्रभाव पड़ सकते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए वसूली की अवधि को बढ़ाने, संरक्षणवाद को समाप्त करने, अधिकारिक सहायता के लिए बेहतर वातावरण तैयार करने तथा औद्योगिक देशों में ब्याज दरों पर नियंत्रण करने की आवश्यकता है।

विनिमय दरों में उतार-चढ़ाव :

102. इस वर्ष के दौरान भी प्रमुख मुद्राओं की विनिमय दरों में उतार-चढ़ाव की तीव्रता बनी रही, यद्यपि पिछले वर्ष की अपेक्षा इसका स्तर कुछ कम था। पिछले वर्ष की भांति, अमरीकी अल्पावधि ब्याज दरों में वृद्धि, अमरीकी अर्थव्यवस्था में सुधार तथा विश्व के राजनैतिक तनावों के कारण अमरीकी डालर मजबूत बना रहा। 1983-84 (जुलाई—जून) के दौरान विशेष आहरण अधिकार के संदर्भ में अमरीकी डालर के मूल्य में वृद्धि की वार्षिक औसत दर पिछले वर्ष की दर से कम रही। अच्छे आर्थिक कार्य निष्पादन के कारण जापानी येन में भी मजबूती आयी। वास्तव में, 1982-83 के दौरान अमरीकी डालर के संदर्भ में, वार्षिक औसत आधार पर इसमें जो भी गिरावट आयी उसकी क्षतिपूर्ति 1983-84 में इसके मूल्य में हुई वृद्धि से हो गयी। लेकिन, पौंड, स्टर्लिंग तथा ड्यूश मार्क के मूल्य में अमरीकी डालर के मुकाबले और कमी आयी। 1983-84 के दौरान पौंड स्टर्लिंग के मूल्य में 10.1 प्रतिशत की कमी हुई, यद्यपि इसके मूल्य में गिरावट की गति अपेक्षाकृत कम थी। ड्यूश मार्क के मूल्य में गिरावट की दर में वृद्धि हुई।

103. रुपये का विनिमय मूल्य एक मुद्रा समूह के संबंध में निर्धारित किया जाता रहा। वर्ष के दौरान, पौंड स्टर्लिंग के संदर्भ में रुपये की मध्य दर में 118 बार परिवर्तन किये गये जो पिछले वर्ष किये गये 113 बार के परिवर्तनों से सीमान्त रूप से अधिक थे। रुपये की मध्य दर, जून 1983 के 15.45 रुपये प्रति पौंड से बढ़कर 29 जून 1984 (30 जून को भारत और लंदन के बैंकों में छुट्टी के कारण) को 15.15 रुपये प्रति पौंड हो गयी जो पिछले वर्ष की अपेक्षा 1.98 प्रतिशत अधिक थी। रुपये की दर में फ्रेंच, फ्रांक तथा इटली के लीरा के मुकाबले भी क्रमशः 0.97 प्रतिशत तथा 2.45 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी लेकिन उक्त अवधि में इसके मूल्य में अमरीकी डालर (9.76) प्रतिशत ड्यूश मार्क (1.25 प्रतिशत), जापानी येन (10.53 प्रतिशत) तथा विशेष आहरण अधिकार (0.62 प्रतिशत) जैसी अन्य मुद्राओं के मुकाबले कमी आयी।

मूल्य संबंधी स्थिति

104. यद्यपि 1983-84 में वास्तविक उत्पादन में काफी वृद्धि हुई तथापि वर्ष के अधिकांश भाग में मूल्य संबंधी स्थिति गंभीर बनी रही वास्तव में, "सभी वस्तुओं" के थोक मूल्य सूचकांक (आधार 1970-71=100) के आधार पर राजकोषीय वर्ष 1983-84 में मूल्यों में बिन्दुवार आधार पर 9.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो 1982-83 के सूखाग्रस्त वर्ष में हुई मूल्य वृद्धि अर्थात 6.4 प्रतिशत की अपेक्षा अधिक है। सूचकांक में औसत वृद्धि भी 9.3 प्रतिशत रही जो 1982-83 के 2.6 प्रतिशत से अधिक थी। 1983-84 में मूल्यों में होने वाली यह वृद्धि यद्यपि पिछले दो वर्षों में मूल्यों में हुई वृद्धि की अपेक्षा अधिक है तथापि 1979-80 तथा 1980-81 में हुई वृद्धि की अपेक्षा कम है।

105. 1984-85 के चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में, बिन्दुवार आधार पर हुई 4.3 प्रतिशत की मूल्य वृद्धि 1983-84 की इसी अवधि में हुई 5.3 प्रतिशत की वृद्धि से कुछ कम है। औसत आधार पर भी एक वर्ष पूर्व की इसी अवधि में हुई 8.5 प्रतिशत की वृद्धि की अपेक्षा 8.0 प्रतिशत की यह वृद्धि कम स्तर को दर्शाती है।

106. जबकि 1982-83 के सूखाग्रस्त वर्ष में अच्छे पूर्ति प्रबंध के कारण मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण रखा जा सका, 1983-84 के शुरू के भाग में आवश्यक वस्तुओं के स्टाक में कमी के प्रभाव को अनुभव किया गया और मूल्य तेजी से बढ़े। वास्तव में, पहले पांच महीनों में अर्थात, अगस्त 1983 के तीसरे सप्ताह तक मूल्यों में 8.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि 1982-83 की इसी अवधि में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इस अवधि के दौरान, मूल्यों में जो वृद्धि हुई वह प्राथमिक वस्तुओं जैसे अनाजों, दालों, दूध तथा दूध से बनी वस्तुओं तिलहनों, खाद्य तेलों और गुड़ के मूल्यों में वृद्धि से हुई 20 अगस्त, 1983 से 24 दिसम्बर, 1983 के बीच मूल्यों में 0.1 प्रतिशत की सीमांत वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष 2.2 प्रतिशत की गिरावट हुई थी। इसके बाद की अवधि में अर्थात् (24 दिसम्बर 1983 से मार्च 1984 के अंत तक) हुई 0.8 प्रतिशत की मूल्य वृद्धि पिछले वर्ष की इसी अवधि में हुई 2.1 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले कम रही।

107. वर्ष 1983-84 में, तीनों प्रमुख समूहों अर्थात् प्राथमिक वस्तुओं ईंधन, शक्ति, बिजली तथा चिकनाई पदार्थों और निर्मित वस्तुओं के मूल्यों में हुई वृद्धि से मूल्य स्तर बढ़ा। लेकिन, निर्मित वस्तु समूह के भारित योगदान से पता चलता है कि मूल्य सूचकांक पर इस समूह का सबसे अधिक दबाव था। यदि पिछले वर्ष से तुलना की जाये तो पता चलता है कि मूल्य प्राथमिक वस्तुओं तथा ईंधन, शक्ति, बिजली और चिकनाई पदार्थ दोनों का योगदान कम महत्वपूर्ण था जबकि निर्मित वस्तुओं का योगदान अधिक था। (देखें सारणी 14)

108. राजकोषीय वर्ष 1983-84 तथा अब तक के चालू राजकोषीय वर्ष में प्रतिबंधित मूल्यों में कई बार वृद्धि की गयी। इनका आगे के पैराग्राफों में उल्लेख किया गया है। 1983-84 में मूल्य वृद्धि में इन मदों का भारित योगदान 14.2 प्रतिशत था जबकि 1982-83 में यह 20.4 प्रतिशत था।

109. यद्यपि चालू राजकोषीय वर्ष के पहली तिमाही के दौरान मूल्यों में वृद्धि जारी रही तथापि बिन्दुवार आधार तथा औसत आधार दोनों पर प्रतिशत वृद्धि पिछले वर्ष की इसी तिमाही की अपेक्षा कम रही। अपवाद स्वरूप, दालों तथा खाद्य तेलों को छोड़कर, अनाज, फल और सब्जियां, दूध और दूध से बनी वस्तुएं, चीनी, खाण्डसारी और गुड़ जैसी अधिकांश अन्य आवश्यक वस्तुओं के मूल्य में चालू वर्ष की तिमाही के दौरान पिछले वर्ष की इस तिमाही की अपेक्षा कम वृद्धि हुई। (सारणी 15)

प्रतिबंधित मूल्यों में परिवर्तन

110. पिछले वर्षों की भांति, इस वर्ष के दौरान भी विभिन्न वस्तुओं के प्रबंधित मूल्यों में किये गये परिवर्तनों ने मूल्य वृद्धि में योगदान दिया। प्राथमिक वस्तुओं में, साधारण किस्म के धान के वसूली मूल्य में 10 रुपये की वृद्धि करके उसे विपणन वर्ष 1983-84 के लिए 182 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया। साधारण किस्म तथा उत्तम किस्म और उत्तम तथा अति उत्तम किस्मों के मूल्यों के बीच 4 रुपये का अंतर बनाये रखा गया। गेहूं का वसूली मूल्य जो विपणन वर्ष 1983-84 में

सारणी 14—मूल्य वृद्धि की सीमा तथा थोक मूल्य सूचक (1970-71 = 100) में प्रमुख पण्य समूहों का भारित अंशदान

	भार	थोक मूल्य सूचक					प्रतिशत में घटबढ़				भारित अंशदान (अनुमानित)			
		मार्च अन्त 1982	मार्च अन्त 1983	मार्च अन्त 1984	जून अन्त 1983	जून अन्त 1984	राजकोषीय वर्ष 1982-83	1983-84	पहली तिमाही 1983-84	पहली तिमाही 1984-85*	1982-83	1983-84	पहली तिमाही 1983-84	पहली तिमाही 1984-85*
सभी पण्य	1000.00	277.1	294.8	322.2	310.5	336.0	+6.4	+9.3	+5.3	+4.3	+100.0	+100.0	+100.0	+100.0
प्राथमिक वस्तुएं	416.67	260.7	281.6	309.2	298.6	324.6	+8.0	+9.8	+6.0	+5.0	+49.2	+42.0	+45.5	+46.5
ईंधन, शक्ति, बिजली तथा चिकनाई	84.59	555 437.7	477.2	508.6	489.6	509.2	+9.0	+6.6	+2.6	+0.1	+18.9	+9.7	+6.6	+0.4
विनिर्मित उत्पाद	498.74	263.5	274.8	301.4	290.1	316.1	+4.3	+9.7	+5.6	+4.9	+31.9	+48.3	+48.4	53.1

*अनंतिम

सारणी 15—थोक मूल्यों के सूचकांकों में घट-बढ़ (1970-71 = 100)

प्रमुख/समूह उप-समूह/पण्य	भार	प्रतिशत घट-बढ़ (बिन्दुवार) मार्च, 1982 के अन्त से मार्च, 1983 के अन्त में	मार्च, 1983 के अन्त से मार्च, 1984 के अन्त में	मार्च, 1983 के अन्त से जून, 1983 के अन्त में	मार्च, 1984 के अन्त से जून, 1984 के अन्त में (अनंतिम)
	1	2	3	4	5
सभी पण्य	1000.00	+6.4	+9.3	+5.3	+4.3
1. प्राथमिक वस्तुएं	416.67	+8.0	+9.8	+6.0	+5.0
खाद्य पदार्थ	297.99	+12.0	+7.1	+6.6	+5.6
(क) अनाज	107.43	+16.4	−5.3	+1.6	+0.8
(i) चावल	51.31	+18.0	−0.7	+8.5	+3.1
(ii) गेहूं	34.17	+17.5	−12.4	−11.5	−2.2
(ख) दालें	21.79	−3.2	+28.0	+7.8	+8.6
(ग) फल तथा सब्जियां	61.32	+16.7	+2.5	+14.5	+12.0
(घ) दूध तथा दूध से बनी वस्तुएं	61.56	+1.0	+18.1	+4.9	+0.8

	1	2	3	4	5
(ङ) अन्य खाद्य वस्तुएं	16.04	+39.9	+36.6	+20.2	+13.7
चाय	11.49	+50.3	+36.1	+18.7	+3.9
रेशे	31.73	+5.2	+25.2	+8.5	+7.2
कच्चा सूत	22.46	−0.1	+26.1	+10.0	+7.6
तिलहन	42.01	+7.8	+28.2	+14.6	+2.0
खनिज	12.47	−11.3	+2.1	+0.1	
कच्चा पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस	6.02	−13.3			
2. ईंधन, शक्ति, बिजली तथा चिकनाई पदार्थ	84.59	+9.0	+6.6	+2.6	−0.1
कोयला	10.39	+18.7	+25.2	—	—
खनिज तेल	49.12	+4.3	+0.5	+0.4	+0.1
3. विनिर्मित वस्तुएं	498.74	+4.3	+9.7	+5.6	+4.9
चीनी, खाण्डसारी तथा गुड़	72.41	−5.5	+28.5	+25.5	+13.5
(i) चीनी	21.91	−7.8	+4.8	+5.1	+5.1
(ii) गुड़	45.58	−3.6	+41.1	+34.9	+15.9
(iii) खाण्डसारी	4.92	−13.5	+8.4	+19.3	+17.3
खाद्य तेल	37.16	+5.9	+16.0	+7.6	+10.3
वस्त्र	110.26	+5.5	+8.6	+0.7	+1.8
कागज तथा कागज से बनी वस्तुएं	8.51	—	+11.2	+6.7	+6.0
सीमेंट	7.03	+9.4	+8.2	−0.2	+0.7
रसायन तथा रासायनिक उत्पाद	55.48	+1.6	+4.1	+2.8	+1.2
लोहा, इस्पात तथा धातुएं	34.73	+12.6	+5.1	+2.8	+11.5

151 रुपये प्रति क्विंटल था। उसे 1984–85 के विपणन वर्ष (अप्रैल–मार्च) के लिए सीमांत रूप से और बढ़ाकर 152 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया। वसूली मूल्यों में वृद्धि के बाद साधारण, उत्तम तथा अति उत्तम किस्म के चावल के मूल्यों में 6 जनवरी, 1984 से 20 रुपये प्रति क्विंटल की एक समान वृद्धि की गयी। 1983–84 के लिए मोटे अनाजों के समर्थन मूल्य में 6 रुपये की बढ़ोतरी करके उसे प्रति क्विंटल 124 रुपये तथा चने के समर्थन मूल्य में 5 रुपये की वृद्धि करके उसे प्रति क्विंटल 240 रुपये कर दिया गया। रुई के मूल्य लंबे रेशे वाली किस्म के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में 25 रुपये प्रति क्विंटल तथा कच्चे जूट (डब्लू–5 ग्रेड) के न्यूनतम समर्थन मूल्य म 15 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गयी। कुछ प्रमुख तिलहनों के समर्थन मूल्य में वृद्धि की गयी। बिना छिला मूंगफली तथा सरसों के समर्थन मूल्य में क्रमश: 20 रुपये तथा 5 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गयी।

111. कुछ पैट्रोलियम उत्पादों के विक्रय मूल्य में वर्ष के दौरान वृद्धि की गयी। पहली सितम्बर 1983 से पैट्रोल के मूल्य में प्रति लीटर 10 पैसे की वृद्धि की गयी ताकि देश में पैट्रोल पम्पों द्वारा 87 ऑक्टेन वाले उन्नत किस्म के पैट्रोल की बिक्री की जा सके। सरकार ने, 2 जून 1984 से पैट्रोल, डीजल तथा खाना पकाने की गैस के मूल्यों में अलग-अलग दरों पर वृद्धि की ताकि कुछ राज्यों द्वारा अन्तर कम्पनी स्टॉक अंतरण पर बिक्री कर लगाने से तेल कंपनियों को हुई हानि की क्षतिपूर्ति की जा सके। निर्मित वस्तुओं के मामले में, भारतीय खाद्य निगम के पास पड़े यूरिया तथा डाय-अमोनिया फास्फेट के उपभोक्ता मूल्यों में अगस्त 1983 में की गयी 10 प्रतिशत की कमी का उल्लेख किया जा सकता है। 2 जुलाई, 1983 से लेवी सीमेंट के मूल्यों में 52 रुपये प्रति टन की वृद्धि की गयी जिसके परिणामस्वरूप साधारण पोर्टलैंड सीमेंट तथा पोर्टलैंड स्लेग सीमेंट की रेल पर्यंत कीमतें 492 रुपया प्रति टन तथा पोर्टलैंड पोजोलाना सीमेंट का रेल पर्यंत मूल्य 477 रुपये निर्धारित किया गया जो क्रमश: 11.8 तथा 12.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इसके परिणामस्वरूप, सीमेंट का खुदरा बाजार मूल्य प्रति बोरी 2.60 रुपये बढ़ गया।

112. इस्पात संयंत्रों द्वारा काम में लाये जाने वाले कच्चे माल की विविध किस्मों पर रेल भाड़ा दरों में तीव्र वृद्धि, केन्द्रीय बजट में उत्पादन शुल्क की दरों में वृद्धि तथा बिजली की पूर्ति में कमी के कारण ईंधन लागतों पर अतिरिक्त भार को देखते हुए, संयुक्त संयंत्र समिति ने 24 जुलाई, 1983 से लोहे और इस्पात की कई मदों के मूल्य बढ़ाने की घोषणा की। ढलवां लोहे के मूल्य में 185 रुपये प्रति टन की तथा रेलवे मदों के मूल्यों में 3000 रुपये प्रति टन की वृद्धि की गयी। इस्पात-मदों के मामले में की गयी वृद्धि 1.1 प्रतिशत से 32.7 प्रतिशत के बीच रही। निविष्टि वस्तुओं की लागतों में हुई पर्याप्त वृद्धि, मूल्यह्रास तथा करभार में वृद्धि तथा मजदूरी में वृद्धि होने से कोयला कंपनियों पर पड़े भार की क्षतिपूर्ति करने की दृष्टि से संघ सरकार ने 8 जनवरी, 1984 से कोयले के मूल्यों में 25 प्रतिशत की वृद्धि की। कोल इंडिया लिमिटेड तथा सिगरेनी कोयला खदानों के कोयले के औसत पिटहैड मूल्यों को बढ़ाकर क्रमश: 183 रुपये तथा 192 रुपये प्रति टन कर दिया गया। अल्यूमिनियम के सांविधिक मूल्यों में भी 9 मई, 1984 से 16 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई है। अन्तर्राष्ट्रीय बाजार की प्रवृत्ति तथा घरेलू अर्थव्यवस्था की समग्र आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कुछ गैर-लौह धातुओं के गोदाम पूर्व-मूल्यों में नियमित अन्तरालों पर परिवर्तन किये गये। संयुक्त संयंत्र समिति ने 22 जून, 1984 से, ढलवां लोहे तथा कुछ अन्य वर्ग के इस्पात के संयंत्रों तथा स्टॉक यार्डों से किये गये समस्त प्रेषणों और सुपुर्दगियों के आधार मूल्य में औसतन 15 प्रतिशत की वृद्धि की।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

113. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में 1982-83 की 9.8 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 1983-84 में 11.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। औसत आधार पर यह वृद्धि 1982-83 की 7.8 प्रतिशत की वृद्धि की अपेक्षा 12.6 प्रतिशत की थी। 1983-84 के दौरान, उपभोक्ता सूचकांक में मार्च 1983 के 502 से नवम्बर 1983 में 561 तक की धीमी वृद्धि हुई। इसके बाद यह मार्च 1984 में कम होकर 558 हो गया। चालू वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही के दौरान, उपभोक्ता सूचकांक में 16

बिन्दुओं की वृद्धि हुई और यह मार्च के 558 से जून 1984 में बढ़कर 574 हो गया। दूसरे शब्दों में, इसमें 2.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 1983 की तदनरूपी तिमाही में 6.2 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि हुई थी।

114. औद्योगिक कामगारों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधार: 1960=100) में थोक मूल्य सूचकांक में हुई वृद्धि की अपेक्षा बिन्दुवार तथा औसत आधार दोनों में, लगातार तीसरे वर्ष अधिक वृद्धि हुई। यह बात नीचे दी गई सारणी से स्पष्ट है।

सारणी 16 : थोक तथा उपभोक्ता मूल्य सूचकांकों की घट-बढ़ में तुलनात्मक प्रवृत्तियां

(प्रतिशत के रूप में)

वर्ष	बिन्दु आधार पर		औसतवार आधार पर	
	थोक मूल्य सूचकांक	भुगतान मूल्य सूचकांक	थोक मूल्य सूचकांक	भुगतान मूल्य सूचकांक
1979-80	21.5	12.4	17.1	8.8
1980-81	16.7	12.6	18.2	11.4
1981-82	2.4	8.8	9.3	12.5
1982-83	6.4	9.9	2.5	7.8
1983-84	9.3	11.2	9.2	12.5

छठी योजना में मूल्य वृद्धि

115. 1980-81 से प्रारम्भ हुई छठी पंचवर्षीय योजना के चार वर्षों के दौरान बिन्दुवार आधार पर थोक मूल्यों के सूचकांक में 8.7 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि हुई। औसत आधार पर यह वृद्धि 9.8 प्रतिशत अधिक रही। उपभोक्ता सूचकांक में बिन्दुवार आधार पर 10.6 प्रतिशत आधार पर 11.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यदि छठी पंचवर्षीय योजना के पहले वर्ष को, जिसमें थोक मूल्य तथा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक दोनों में भारी वृद्धि हुई थी, छोड़ भी दिया जाये तो भी शेष तीन वर्षों में हुई औसत वृद्धि, थोक मूल्य सूचकांक के मामले में बिन्दुवार आधार पर 6.0 प्रतिशत तथा औसत आधार पर 7.0 प्रतिशत और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के मामले में बिन्दुवार आधार पर 10.0 प्रतिशत तथा औसत आधार पर 10.9 प्रतिशत बैठती है।

मूल्यांकन और संभावनाएं

116. कुल मिलाकर 1983-84 का एक वर्ष अच्छा वर्ष रहा जिसमें वास्तविक राष्ट्रीय आय में लगभग 8.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। विकास की उच्च दर का श्रेय कृषि उत्पादन में तीव्र वृद्धि को जाता है क्योंकि औद्योगिक विकास की वृद्धि की गति कम रही। जैसा कि विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियों में हुई वृद्धि से परिलक्षित होता है, भुगतान संतुलन की स्थिति में सुधार हुआ; जिसके परिणामस्वरूप भारत सरकार ने अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष के साथ प्रतिपूरक निधि सुविधा की व्यवस्था को शेष 1.1 बिलियन विशेष आहरण अधिकारों (एस.डी. आर.) का उपयोग किये बिना स्वैच्छिक रूप से समाप्त करने का निर्णय किया।

117. विगत दो दशकों में प्रदर्शित पद्धति की तरह ही खाद्यान्नों का उत्पादन तीन वर्षों तक 130–133 मिलियन टन के लगभग रहने के बाद 1983-84 में तेजी से बढ़ा और 150 मिलियन टन से अधिक हो गया। मानसून की अनुकूल संभावनाओं को देखते हुए यह आशा की जाती है कि 1984-85 में खाद्यान्न उत्पादन का एक नया कीर्तिमान स्थापित होगा जो छठी पंचवर्षीय योजना के लिए निर्धारित 153.6 मिलियन टन के लक्ष्य के निकट होगा। 1970-71 से शुरू हुए 13 वर्षों पर नजर डालने से यह स्पष्ट होता है कि खाद्यान्नों का उत्पादन आधार वर्ष के 108.4 मिलियन टन से बढ़कर 1983-84 में 150.6 मिलियन टन हो गया जो 2.6 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि विकास दर दर्शाता है। लेकिन, विभिन्न फसलों की वृद्धि दरों में बहुत अधिक अंतर रहा है। गेहूं के उत्पादन में सबसे अधिक वृद्धि हुई है और इसका उत्पादन 1970-71 के 23.8 मिलियन टन से बढ़कर 1983-84 में 44.7 मिलियन टन हो गया है जो 5.0 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि विकास दर के बराबर होता है। इसी अवधि में 2.7 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि विकास दर से चावल का उत्पादन 42.2 मिलियन टन से बढ़कर 59.4 मिलियन टन हो गया। मोटे अनाजों के मामले में वार्षिक चक्रवृद्धि विकास दर केवल 0.8 प्रतिशत तथा दालों के मामले में तो उससे भी कम, अर्थात् 0.6 प्रतिशत रही। एक फसल के मामले में भी, क्षेत्रों के बीच विकास दरों में उल्लेखनीय अन्तर रहा। हाल के वर्षों में चावल के उत्पादन का अधिक भाग पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियाणा जैसे उन राज्यों में उत्पन्न हुआ है जहां पारंपरिक रूप से चावल की खेती नहीं होती है। यह भी उल्लेखनीय है कि पंजाब में चावल का प्रति हेक्टेयर उत्पादन लगभग 3144 किलोग्राम के उच्चतम स्तर पर रहा जबकि पारम्परिक रूप से चावल उगाने वाले राज्य तमिलनाडु में इसका उत्पादन प्रति हेक्टेयर 1859 किलोग्राम था। राज्यों के बीच, सिंचित क्षेत्र के प्रति हेक्टेयर कुल बुवाई क्षेत्र, उर्वरकों के उपयोग तथा अधिक उपज वाली किस्मों की बुवाई के क्षेत्र के प्रतिशत में काफी अन्तर रहा है। इस अन्तर का कारण निश्चित रूप से मिट्टी की दशाओं और मौसम संबंधी अन्य बातें भी है। लेकिन राज्यों के बीच उत्पादकता के इस अंतर से यह स्पष्ट होता है कि देश के कुछ भागों में उपयोग में लाई जा रही वर्तमान प्रौद्योगिकी के प्रयोग से भी उत्पादन बढ़ाने की पर्याप्त संभावनाएं मौजूद हैं। बढ़ती हुई जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए कृषि उत्पादन और उत्पादकता में लगातार वृद्धि होना आवश्यक है ताकि खाद्यान्नों की प्रति व्यक्ति उपलब्धता में कुछ तो वृद्धि की जा सके।

118. 1983-84 में औद्योगिक विकास की दर 5.4 प्रतिशत थी जो पिछले वर्ष की विकास दर से 1.5 प्रतिशत बिन्दु अधिक थी। शक्ति के क्षेत्र में संभावित सुधार की आशा और पिछले वर्ष हुए कृषि के रिकार्ड उत्पादन के प्रभाव को देखते हुए यह अपेक्षा की जाती है कि 1984-85 में औद्योगिक विकास की दर 1983-84 से भी अधिक रहेगी। फिर भी, पिछले वर्षों में औद्योगिक उत्पादन की औसत दर 8–10 प्रतिशत की उस लक्ष्य दर से कम रही है जो कुल देशी उत्पादन की विकास दर को 5 प्रतिशत पर बनाये रखने के लिए आवश्यक समझी जाती है। कृषि उत्पादन के लगभग अनरूप ही वर्ष-दर-वर्ष विकास-दरों में भी पर्याप्त उतार-चढ़ाव आते रहे। वास्तव में मानसून की मनमानी से प्रभावित कृषिगत उत्पादन तथा जलविद्युत शक्ति में आए उतार-चढ़ावों के कारण भी यह आंशिक रूप से प्रभावित हुई। राष्ट्रीय आय में निवेश के अनुपात में वृद्धि होने पर भी औद्योगिक उत्पादन की विकास दर में कमी हुई। चालू मूल्यों पर यह अनुपात 1965-66 के 18.2 प्रतिशत से बढ़कर 1982-83 में 24.1 प्रतिशत हो गया लेकिन स्थिर मूल्यों के अनुसार, अनुपात में इतनी उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई। ऐसा इसलिए हुआ कि कुल देशी उत्पाद (जी.डी.पी.) का अवस्फीतक, स्थायी पूंजी निर्माण के लिए मूल्य अवस्फीतक, की तुलना में तेजी से बढ़ा। इस बात के निर्विवाद प्रमाण मौजूद हैं कि वृद्धिगत पूंजी उत्पाद अनुपात, सकल तथा क्षेत्र दोनों ही रूपों में बढ़ा रहा है, जिसका परिणाम ऊंची तथा औद्योगिक प्रणाली के कम उत्पादकता के रूप में हुआ है। यदि औद्योगिक वस्तुओं की मांग आधार में वृद्धि की जानी है तो उत्पादन की इकाई लागत में कमी करनी ही होगी। यह तभी हो सकता है जबकि पूंजी के उपयोग की दक्षता में स्पष्ट सुधार हो। इसके लिए वर्तमान पूर्जागत आस्तियों के चयन, बेहतर उपयोग के साथ-साथ, अधिकतम आकार के संयंत्रों के साथ निवेश के लिए परियोजनाओं के चयन में भी अधिक सावधानी बरतनी होगी तथा इस वास्ते संयंत्रों के आदर्श आकार तथा उचित प्रौद्योगिकी का भी चुनाव करना होगा।

119. 1984-85 में भुगतान संतुलन की स्थिति काफी संतोषजनक है। निर्यातों के लिए विश्व में वातावरण 1980 के दशक के प्रारंभ की तुलना में बेहतर रहेगा। आशा की जाती है कि, बशर्ते कच्चे तेल का

उत्पादन काफी मात्रा में होगा और तेल के आयात में कोई वृद्धि नहीं करनी पड़ेगी। आशा है कि वर्ष के दौरान निवल परोक्ष वस्तुओं तथा शुद्ध विदेशी सहायता प्राप्ति की स्थिति यथावत रहेगी तथा 1985-86 तक अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की विस्तारित व्यवस्था के अन्तर्गत किये गये आहरणों की अदायगी शुरू नहीं होगी।

120. इस दशक का उत्तरार्ध, जिसमें सातवीं योजना की अवधि शामिल है, अधिक अनिश्चितता की तस्वीर प्रस्तुत करता है। 1983 तथा 1984 की शुरूआत के दौरान औद्योगिक देशों में उत्साहवर्धक आय वृद्धि के बावजूद मध्यावधि की विश्व संभावनाएं अनिश्चित बनी हुई हैं। इस अनिश्चितता का प्रभाव भारत की निर्यात संभावनाओं पर पड़ेगा। जब तक कि निकट भविष्य में तेल उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत बड़ी मात्रा में उत्पादन नहीं होता तब तक यह कहना बुद्धिसंगत नहीं होगा कि छठी योजना के बाद के हिस्से में प्राप्त हुए तेल के आयात प्रतिस्थापना से आगे कोई लाभ होगा। अन्य ज्ञात क्षेत्रों में आयात सक्रिय प्रतिस्थापना की गति काफी धीमी है और इसके लिए सतत तथा सक्रिय प्रयास करने होंगे। कई विकासशील देशों द्वारा ऋणशोधन की गंभीर समस्या का सामना करने तथा उन पर तत्संबंधी बाध्यताओं का समय पर पालन करने के लिए डाले जा रहे दबाव के कारण स्वयं विकासशील देशों के बीच उपलब्ध निर्यात बाजार के लिए कड़ी प्रतियोगिता हो सकती है जिससे भारत की तथा इस समूह के अन्य देशों की व्यापार स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। हाल के वर्षों में, रुपये तथा विदेशी मुद्राओं में अभिधानित निजी प्रेषण तथा अनिवासी विदेशी खातों ने हमारे भुगतान संतुलन को बहुत सहारा दिया है। परिवर्तित दशाओं में इस समूह के देशों को साधनों के इस प्रकार के अंतः प्रवाह के ऐसे ही समर्थन की आशा नहीं की जा सकती। दूसरी ओर अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष तथा अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष न्यास निधि से लिये गये उधारों की अदायगी में निरंतर वृद्धि होगी जो 1988-89 में लगभग 900 मिलियन विशेष आहरण अधिकार के उच्चतम शिखर पर पहुंच जाएगी। हाल ही में लिये गये वाणिज्यिक ऋणों की परिशोधन अदायगियों को पूरा करने का अतिरिक्त भार भी पड़ेगा, लेकिन वाणिज्यिक उधार के संबंध में अपनायी जा रही विवेकपूर्ण नीति के कारण ऋण शोधन सापेक्षिक कम स्तर से धीरे-धीरे ऊपर उठेगा। वास्तव में प्राप्त होने वाली विदेशी सहायता में कमी होगी। शायद यह कमी काफी अधिक होगी और सहायता की शर्तें भी और कठोर हो सकती हैं।

121. उपर्युक्त विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि भुगतान संतुलन पर बहुत अधिक दबाव पड़ सकता है और इससे बचने के लिए काफी पहले से नीतियों का निर्धारण करना होगा। निर्यात निष्पादन में सुधार की आवश्यकता पर बराबर बल देना होगा। निर्यातों में लगभग 8 प्रतिशत वार्षिक दर से वृद्धि करनी होगी जिसका मतलब यह होगा कि निर्यात वस्तुओं में "गतिशील" मदों में लगभग 15 प्रतिशत वार्षिक की दर से वृद्धि करनी होगी। विकास दर में इस प्रकार की वृद्धि को प्राप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे। घरेलू बाजार के लिए उत्पादन की अपेक्षा निर्यातों के लिए उत्पादन की लाभप्रदता बढ़ाने तथा निर्यात योग्य वस्तुओं के लिए निर्यात की अधिक संभावनाएं बढ़ाने के वास्ते औद्योगिक नीति को सक्रियता प्रदान करनी होगी। साथ ही एक ऐसा सामान्य औद्योगिक वातावरण बनाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जिसमें कार्यकुशलता में सुधार तथा इकाई लागत में कमी पर बल दिया जाये। तेल को छोड़कर अन्य क्षेत्रों, विशेषकर औद्योगिक क्षेत्र की थोक मदों तथा कृषि क्षेत्र में खाद्य तेलों से संबंधित क्षेत्रों में आयात प्रतिस्थापना पर भी अधिक ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। लेकिन, आयातों के संबंध में नीति का निर्धारण करते समय प्रौद्योगिकी को उन्नत करने तथा सामान्य रूप में हमारी उत्पादन प्रणाली की दक्षता में सुधार की बात को ध्यान में रखा जाना आवश्यक है।

122. मुद्रा और बैंकिंग के क्षेत्र में हाल की प्रवृत्तियों के कुछ पहलुओं का विशेष रूप से उल्लेख किया जा सकता है। ये प्रवृत्तियां इस प्रकार की हैं जिनके संबंध में एक नियत समय में उचित नीति बनाने तथा उसे कार्यान्वित करने की आवश्यकता है।

123. सामान्यतः अर्थव्यवस्था में विकास के साथ-साथ कुल मुद्रा स्टॉक की संरचना में परिवर्तन आता है। यह परिवर्तन, मुद्रीकरण में वृद्धि, आय में वृद्धि तथा बैंकों द्वारा अधिक प्रभावी भूमिका अदा किये जाने के कारण आता है। भारत में, एम$_3$ से मुद्रा का जो अनुपात 1960 के दशक में 50 प्रतिशत के उच्चस्तर पर था, 1970-71 में घटकर 40 प्रतिशत रह गया। आठवें दशक में हुए बैंकिंग के विस्तार तथा बैंकिंग आदतों में वृद्धि के कारण 1980-81 में इस अनुपात में तीव्र गिरावट आयी और यह 24 प्रतिशत हो गया। किन्तु तबसे करेंसी के बजाय बैंक जमाराशियों की ओर रुझान धीमा हो गया और मुद्रा अनुपात 23 प्रतिशत के आसपास स्थिर हो गया है। हाल की अवधि में, मुद्रा की ओर फिर से झुकाव होता दिखायी दे रहा है। वित्तीय वर्ष 1983-84 में, औसत आधार पर, एम$_3$ का मुद्रा से वृद्धिशील अनुपात 21.5 था जबकि 1982-83 में यह 19.3 था। ऐसा संभवतः कई तत्वों के संयोजन से हुआ। इस संबंध में खाद्यान्न वसूली कार्यों के उल्लेखनीय उच्चस्तर जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में नकदी पहुंचती है तथा बैंकों द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को अधिक उधार देने, जिससे बैंक ऋण ऐसे हाथों तक पहुंचता है जिनकी बैंकिंग संबंधी आदत अभी शैशव अवस्था में है जैसे कुछ तत्वों के योगदान का उल्लेख किया जा सकता है। इस प्रवृत्ति के अन्य अनिप्रेत अर्थों के अलावा, परिचालनगत रूप से यह प्रवृत्ति उपयुक्त मुद्रीकरण संरचना पर ध्यान देते हुए मुद्रा की मात्रा की आयोजना करने के लिए उपयुक्तता दर्शाती है।

124. वाणिज्य बैंकिंग के संबंध में तीन बातों की ओर ध्यान आकर्षित करना आवश्यक है। पहली बात यह है कि ऐसे कई तत्व सक्रिय रहे हैं जिन्होंने वाणिज्य बैंकों के लाभ मार्जिन कम करने का काम किया है। दूसरी, एक ओर विशेष कर लाभों तथा अधिक ब्याज वाले नये बचत पत्रों की शृंखला आने के कारण साधन जुटाने में बैंकों को बढ़ती हुई प्रतियोगिता का सामना करना पड़ रहा है और जनता की रुचि लम्बी अवधि के उच्च लागत वाले निक्षेपों की ओर निरन्तर बढ़ने के कारण बैंक जमा राशियों की ब्याज लागत में भी वृद्धि हो रही है। दूसरी ओर विभिन्न विशेष प्रयोजनों के लिए बैंकों के संसाधनों को प्राप्त कर लेना भी बहुत अधिक अनुपात में बढ़ रहा है। जबकि मौद्रिक नीति को विवशताओं के कारण बैंकों द्वारा रखे जाने वाली औसत नकद प्रारक्षित निधियों को उनकी मांग और मीयादी देयताओं का लगभग 12 प्रतिशत तक पहुंचाना पड़ा है, वहीं विकास के लिए साधन जुटाने की बढ़ती हुई आवश्यकता ने एस.एल०आर. को 36 प्रतिशत कर दिया है। बैंकों की शेष ऋणयोग्य निधियों पर नीति अभिमुख प्रकृति के और भी पूर्वाधिकार हैं। हाल के समय में खाद्यान्न वसूली और वितरण के लिए ऋण कुल ऋण के 8 से 10 प्रतिशत के बीच है, जिस पर बैंकों को मात्र 12.5 प्रतिशत का ही ब्याज मिलता है। हालांकि बैंकों को खाद्यान्न ऋण पर कुछ पुनर्वित्त दिया जाता है, लेकिन इसकी मात्रा अधिक महत्वपूर्ण मौद्रिक प्रयोजनों को ध्यान में रख कर तय की जाती है। बैंकों के राष्ट्रीयकरण के बाद से बैंकिंग नीति का एक प्रमुख उद्देश्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को अधिक ऋण प्रदान करना है। अब प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को कुल ऋण का 40 प्रतिशत ऋण दिया जाता है और उसका एक बड़ा हिस्सा अपेक्षाकृत कम ब्याज की दर पर दिया जाता है। इस प्रकार बैंकों के पास अपने कुल साधनों का केवल 20 प्रतिशत भाग ही वाणिज्यिक ब्याज दर पर उधार देने के लिए बच रहता है। इन तत्वों के अलावा, भौगोलिक विस्तार तथा छोटे खातेदारों को अधिक ऋण जैसे विभिन्न सामाजिक लक्ष्यों की पूर्ति करने के कारण भी बैंकों की परिचालनगत लागत में वृद्धि हो रही है। राष्ट्रीयकरण के बाद से बैंक अर्थव्यवस्था के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और वे अपनी इस भूमिका को आगे तभी निभा सकेंगे जबकि एक व्यावसायिक इकाई के रूप में उनकी अर्थक्षमता बनाये रखी

जाये। रियायती तथा वरीयता प्राप्त क्षेत्रों की ऋण आवश्यकता पर निरन्तर नियंत्रण लगाया जाना चाहिए ताकि बैंकिंग प्रणाली पर अनुपात से अधिक भार न पड़े।

125. वाणिज्य बैंकों से संबंधित दूसरी बात बैंकों के विदेशों में परिचालन से संबंधित है। पिछले दशक में ये परिचालन, मात्रा और क्षेत्र दोनों ही दृष्टि से बढ़े हैं तथा इनमें संलग्न बैंकों की संख्या भी बढ़ रही है। विदेशों में भारतीय बैंकों की 141 शाखाएं 5, सहायक बैंक तथा 11 प्रतिनिधि कार्यालय काम कर रहे हैं। कुल मिलाकर विदेशी परिचालन लाभदायक सिद्ध हुआ है कुछ बैंकों के मामले में, उनके लाभ में इनका हिस्सा बहुत बड़ा है। ये परिचालन उच्च स्तर की प्रतियोगी तथा परिवर्तनशील दशाओं में करना होता है और उसमें निहित जोखिम भी अक्सर अधिक रहता है। अतः इन परिचालनों के नियंत्रण तथा विनिमय के लिए उचित कदम उठाने तथा उन्हें कठोरता पूर्वक कार्यान्वित करने की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। देशों का उचित मूल्यांकन करने तथा उचित प्रबंध सूचना प्रणाली शुरू करने की भी आवश्यकता है ताकि, जहां आवश्यक हो, कुछ देशों और/अथवा ऋणकर्ता समूहों पर अनावश्यक रूप से बड़े जोखिम केन्द्रण से बचा जा सके अथवा उसे कम किया जा सके।

126. तीसरी बात उद्योग तथा कृषि को बैंक ऋण की गुणवत्ता से संबंधित है। जून 1983 के अंत में औद्योगिक क्षेत्र में बीमार इकाइयों को दिये गये बैंक ऋण की बकाया राशि 2793 करोड़ रुपये अथवा कुल बैंक ऋण की 7.9 प्रतिशत थी। कृषि को ऋण देने के संबंध में वसूली की स्थिति का शोचनीय होना एक गंभीर बात है। जून 1983 के अंत तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा मंजूर किये गये सीधे कृषि अग्रिमों के संबंध में मांग से वसूली का अनुपात केवल 53.3 प्रतिशत था। निधियों को इस प्रकार निष्क्रिय बना देना, चाहे वो औद्योगिक इकाई में हो अथवा कृषि इकाई में, निधियों के लाभदायक रूप में पुनर्विनियोजन की बैंकों की क्षमता को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है। बैंकों के ऋण संविभाग की गुणवत्ता में वृद्धि करना अत्यन्त आवश्यक है। इसके लिए, ऋण संबंधी प्रार्थना पत्रों का अधिक सावधानी पूर्वक मूल्यांकन करने तथा ऋण के उपयोग पर निरंतर निगरानी की आवश्यकता है।

127. पिछले वर्ष मौद्रिक गतिविधियों में एक उल्लेखनीय बात थी मौद्रिक प्रणाली में नकदी विस्थिति में पर्याप्त रूप से सुधार होना। प्रारक्षित मुद्रा में 24.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष 12.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। प्रारक्षित मुद्रा में राशि के रूप में, 1983-84 में 5,712 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष 2,647 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी। अपनाये गये विभिन्न नीतिगत उपायों की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करते हुए, एम 3 में हुई 17.4 प्रतिशत की वृद्धि दर पिछले वर्ष की वृद्धि दर अर्थात् 16.7 प्रतिशत से मात्र कुछ ही ऊंची रही। 1983-84 के दौरान मौद्रिक वृद्धि की गति बहुत अधिक रही होती लेकिन कुछ पूर्वानुमानित कदम उठाये जाने के कारण ऐसा नहीं हुआ। लेकिन यह सत्य है कि मौद्रिक वृद्धि तथा जमा वृद्धि मूल रूप से अपेक्षित स्तर से काफी अधिक रहीं। जमाराशियों में वृद्धि से संबंधित पूर्वानुमान वास्तविक आय में संभावित वृद्धि बजट संबंधी स्थिति तथा भुगतान संतुलन की संभावित स्थिति जैसे कुल परिवर्ती तत्वों के आधार पर किया जाता है। वास्तविक आय में, 1983-84 में 8.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो वर्ष की शुरूआत में की गयी आशा से लगभग 2 प्रतिशत अधिक थी। साथ ही, विदेशी भुगतान की स्थिति भी उस स्थिति से बहुत भिन्न रही जिसकी मूल रूप में कल्पना की गयी थी। निवल विदेशी मुद्रा आस्तियों में हुई गिरावट मूल रूप से अनुमानित गिरावट की अपेक्षा काफी कम रही। मूलभूत आर्थिक तत्वों में हुए शीघ्र परिवर्तनों के कारण वर्ष के दौरान ऋण नीति विषयक उपायों में बार-बार परिवर्तन करने पड़े वास्तव में, मौद्रिक तथा ऋण नीति की सुदृढ़ता, अल्पकालीन उतार-चढ़ावों के संदर्भ में तीव्र गति से सक्रिय होने की उनकी क्षमता पर निर्भर होती है।

128. 1983-84 में उत्पादन में हुई गिरावट वृद्धि को देखते हुए 1984-85 में अर्थ व्यवस्था की समग्र वृद्धि दर पिछले वर्ष की तुलना में कम रहेगी। यह आवश्यक है कि 1984-85 में मौद्रिक नीति का लक्ष्य समग्र नकदी की वृद्धि दर तथा प्रारक्षित मुद्रा निर्माण को कम करने का रखा जाये ताकि कुशल आर्थिक प्रबंध और उचित मूल्य स्थिरता को प्राप्त किया जा सके। मौसम की दशाओं से जुड़ी अनिश्चितता राजकोषीय संभावनाओं तथा भुगतान संतुलन के परिणामों को देखते हुए ऋण अनुशासन में कोई रियायत नहीं दी जा सकती। साथ ही, चूंकि औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर में सुधार होने की आशा की जाती है अतः ऋण नीति को यह सुनिश्चित करना होगा कि अपेक्षित औद्योगिक वृद्धि को सहारा देने के लिए आवश्यक कार्यशील पूंजी पर्याप्त रूप से उपलब्ध हो।

129. मौद्रिक प्रणाली में ऋण की दोहरी भूमिका होती है। यदि इसका उचित माध्यमों से प्रयोग किया जाये तो यह उत्पादन बढ़ाने में सहायक हो सकता है। लेकिन, साथ ही साथ यह मुद्रा की पूर्ति पर अपने प्रभाव द्वारा मांग में भी वृद्धि करता है। यही कारण है कि मुद्रा और ऋण में वृद्धि की दर को वास्तविक उत्पादन में वृद्धि की दर के साथ उचित संबंध बनाकर चलना चाहिये खासकर तब जब मूल्य की समुचित स्थिरता का लक्ष्य भी प्राप्त करना होता हो।

भाग II बैंकिंग एवं अन्य गतिविधियां

130. वर्ष के दौरान मौद्रिक एवं ऋण नीति संबंधी प्रमुख गतिविधियों की चर्चा पहले भाग में की गयी थी। रिपोर्ट के इस भाग में रिजर्व बैंक के कार्य के अन्य विभिन्न क्षेत्रों की चर्चा की गयी है। वर्ष 1983-84 (जुलाई—जून) के लिए बैंक का तुलनपत्र एवं लेखे अंत में दिये गये हैं।

वाणिज्य बैंकिंग से संबंधित गतिविधियां

शाखा विस्तार नीति और प्रगति

131. ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में सुविधाओं बैंकिंग सुधार करने और ऐसी सुविधाओं के विस्तार में अन्तक्षेत्रीय विषमताएं कम करने की बैंक की नीति के अनुसरण में राज्य सरकारों से कहा गया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे बैंक रहित क्षेत्रों का पता लगायें जहां नये बैंक कार्यालय स्थापित किये जा सकें। उनकी सिफारिशों के आधार पर सभी राज्यों और 6 संघशासित क्षेत्रों के संबंध में शाखा विस्तार कार्यक्रम पूरा कर लिया गया। अप्रैल 1982 से, जबकि मार्च 1985 को समाप्त होनी वाली तीन वर्ष की अवधि के लिए शाखा लाइसेंसीकरण नीति लागू की गयी थी जुलाई 1984 के मध्य तक, 9610 स्थान शहरी तथा अर्धशहरी क्षेत्रों में नये बैंक कार्यालय खोलने के लिए बैंकों को आवंटित किये गये थे। इसके अतिरिक्त 6160 स्थानों पर नये कार्यालय खोलने के लिए बैंकों के पास प्राधिकार मौजूद थे।

132. जुलाई 1983 से मार्च 1984 को अवधि के दौरान वाणिज्य बैंकों ने 2504 कार्यालय खोले। इनके साथ मार्च 1984 के अन्त में बैंक कार्यालयों की कुल संख्या 44,583 हो गयी। इनमें से 317 कार्यालय भारतीय स्टेट बैंक और उसके सहयोगी बैंकों द्वारा, 699 कार्यालय 20 राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा, 122 निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा तथा 1366 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा खोले गये। यह भी उल्लेखनीय है कि इन 2504 कार्यालयों में से 2129 अथवा 85.0 प्रतिशत बैंकरहित स्थानों पर खोले गये। प्रति बैंक कार्यालय औसत जनसंख्या, जो जून 1969 में 65,000 के उच्च स्तर पर थी और जून 1983 में 16,250 हो गयी थी, मार्च 1984 के अंत में कम होकर 15,300 रह गयी। कुल बैंक कार्यालयों में ग्रामीण क्षेत्रों का अनुपात, जो जून 1983 के अंत में 53.9 प्रतिशत था, बढ़कर मार्च 1984 के अंत में 55.6 प्रतिशत हो गया। जून 1969 में यह अनुपात केवल 22.1 प्रतिशत था।

133. इस वर्ष के दौरान विदेशों में भारतीय बैंकों के विस्तार में और प्रगति हुई। भारतीय स्टेट बैंक ने जुलाई 1983 में एण्टवर्प बेल्जियम

में एक शाखा खोली। पंजाब नेशनल बैंक ने अक्तूबर 1983 में बरमिंघम (यू.के.) में एक शाखा और केनरा बैंक ने दिसम्बर 1983 में लंदन (यू.के.) में अपनी पहली विदेशी शाखा खोली। भारतीय स्टेट बैंक ने मिलान (इटली) में एक प्रतिनिधि कार्यालय खोला जबकि बेरुत (लेबनान) में अपना कार्यालय बंद कर दिया। जून 1984 के अंत में 25 देशों में 13 भारतीय वाणिज्य बैंकों की शाखाओं और प्रतिनिधि कार्यालयों की कुल संख्या क्रमशः 141 और 11 थी जबकि जून 1983 में यह संख्या क्रमशः 138 और 11 थी। एक राष्ट्रीयकृत बैंक अर्थात केनरा बैंक को दो अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों, सिण्डीकेट बैंक और सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया के साथ संयुक्त रूप से निक्षेप स्वीकार करने वाली एक कंपनी स्थापित करने की अनुमति दी गयी। कुछ भारतीय बैंकों ने खाड़ी के क्षेत्र में कुछ निजी संस्थाओं के साथ प्रबंध सेवा संविदायें भी की हैं। जून 1984 के अंत की स्थिति के अनुसार भारतीय बैंकों ने ग्यारह विनिमय कंपनियों के साथ ऐसी संविदाएं की थीं जबकि जून 1983 के अंत में ऐसी विनिमय कंपनियों की संख्या पांच थी।

134. वर्ष के दौरान एक विदेशी बैंक अर्थात् ग्रिण्डलेज बैंक पीएलसी, ने अमृतसर में अपनी शाखा खोली, दो विदेशी बैंकों ने अक्तूबर 1983 में प्रतिनिधि कार्यालय खोले। ये थे—नई दिल्ली में लायड्स बैंक इन्टर-नेशनल लि. (यू.के.) द्वारा तथा बम्बई में इर्विंग ट्रस्ट क. (यू.एस.ए.) द्वारा। बैंक नोवा स्कोटिया ने बम्बई स्थित अपने प्रतिनिधि कार्यालय को मई 1984 में शाखा का दर्जा दे दिया तथा वेल्स फार्गो बैंक (यू.एस.ए.) ने सितम्बर 1983 में बम्बई स्थित अपना प्रतिनिधि कार्यालय बन्द कर दिया। इस तरह जून 1984 की स्थिति के अनुसार भारत में विदेशी बैंकों की शाखाओं तथा प्रतिनिधि कार्यालयों की संख्या क्रमशः 133 और 14 थी।

135. भारतीय बैंकों के विदेशी कार्यकलाप की सूचना प्रणाली के और अधिक प्रभावी अनुप्रवर्तन और पर्यवेक्षण के उद्देश्य से वर्ष के दौरान, उसमें आमूल चूल परिवर्तन कर दिया गया। संशोधित प्रणाली के अनुसार प्रत्येक विदेशी शाखा अब सूचना देनेवाली (रिपोर्टिंग) इकाई होगी। नयी प्रणाली में जोखिम आस्तियों, समस्या ऋणों तथा देश/मुद्रा तथा उधारकर्तावार बैंकों के बारे में और अधिक प्रतिसूचना प्राप्त करने पर ज्यादा जोर दिया गया है।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

136. जून 1984 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान 20 नये क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक खोले गये। इनके साथ ही 286 जिलों को व्याप्त करते हुए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की कुल संख्या 162 हो गयी। इस तरह मार्च 1985 तक 270 जिलों को व्याप्त करने के लिए छठी पंचवर्षीय योजना का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है तथा मार्च 1985 तक 170 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक स्थापित करने का लक्ष्य भी पहुंच के भीतर प्रतीत होता है। सूचना देने वाले 152 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के संबंध में, जून 1984 के अन्त की स्थिति के मुताबिक निक्षेपों और अग्रिमों की राशियां क्रमशः 722 करोड़ रुपये तथा 838 करोड़ रुपये थीं।

विशेष योजनाओं के अन्तर्गत बैंकों की सहायता

137. ऋणों के क्षेत्रवार वितरण की प्रवृत्तियों की चर्चा भाग 1 में पहले ही की जा चुकी है। बैंकों द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को कुछ विशेष योजनाओं, जैसे, नया 20-सूत्री कार्यक्रम शिक्षित बेरोजगार युवकों को स्वरोजगार प्रदान करने की योजना, एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम तथा विभेदक ब्याज दर योजना के अन्तर्गत वित्तीय सहायता में हुई प्रगति की चर्चा नीचे की गयी है।

प्राथमिक क्षेत्र को ऋण

138. पिछले वर्ष की रिपोर्ट में बैंकों के लिए प्राथमिक क्षेत्र को ऋण प्रदान करने के उसके कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषि तथा समाज के अन्य कमजोर वर्गों को प्रत्यक्ष ऋणप्रदान करने के संबंध में विभिन्न उप-लक्ष्य निर्धारित करने के संबंध में उल्लेख किया गया था। राजकोषीय वर्ष 1983-84 के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के 28 बैंकों के संबंध में उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि इन लक्ष्यों को पूरा करने की स्थिति काफी संतोषजनक थी। बैंकों को मार्च 1985 तक प्राथमिक क्षेत्र अग्रिमों के लिए शुद्ध बैंक ऋण के 40 प्रतिशत का अनुपात प्राप्त करना था, उसमें से मार्च 1984 के अंत तक 39.4 प्रतिशत का अनुपात सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्राप्त कर चुके थे और मार्च 1984 के अन्त में प्राथमिक क्षेत्र पर बकाया ऋण 14,482 करोड़ रुपये थे। कृषि क्षेत्र को दिये गये प्रत्यक्ष अग्रिमों में से मार्च 1984 के अन्त में 4,847 करोड़ रुपये बकाया थे जो मार्च 1985 के लिए निर्धारित कुल बैंक ऋण के 15 प्रतिशत के लक्ष्य की तुलना में 13.2 प्रतिशत थे तथा समाज के कमजोर वर्गों को दिये गये अग्रिमों में से 3,080 करोड़ रुपये बकाया थे जो 10 प्रतिशत के लक्ष्य की तुलना में 8.4 प्रतिशत थे।

नया बीस-सूत्री कार्यक्रम

139. सरकारी क्षेत्र के 28 बैंकों के संबंध में उपलब्ध अनन्तिम आंकड़ों के अनुसार नये 20-सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत दिसम्बर 1983 के अन्त तक 85.9 लाख खातों के अन्तर्गत हिताधिकारियों को वित्तीय सहायता दी गयी थी और सहायता की राशि 3,908 करोड़ रुपये थी। जैसा कि भाग 1 में दर्शाया गया है अक्तूबर 1983 में उधारकर्ताओं की कतिपय श्रेणियों के ऋणों की ब्याज दरें कम की गयी थीं ताकि नये 20-सूत्री कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों पर सार्थक बल दिया जा सके और ऋण नीति के पुनर्वितरणकारी प्रभाव को मजबूत किया जा सके।

शिक्षित बेरोजगार युवकों को स्वरोजगार देने की योजना

140. रिजर्व बैंक के परामर्श से संघ सरकार द्वारा तैयार की गयी शिक्षित बेरोजगार युवकों को स्वरोजगार प्रदान करने की योजना लागू करने में वाणिज्य बैंकों की भूमिका के बारे में सितम्बर 1983 में रिजर्व बैंक ने बैंकों को विस्तृत मार्गदर्शी सिद्धांत जारी किये। इस योजना का उद्देश्य यह है कि ऐसे शिक्षित बेरोजगार युवकों को, जो कम से कम मैट्रिक्युलेट हैं तथा 18 से 35 वर्ष के आयु समूह के भीतर हैं, उद्योग सेवाओं और कारोबार में स्वरोजगार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाय। पात्र उद्यमियों को अधिक से अधिक 25,000 रुपये का समिश्र ऋण मिल सकता है। ऋण की चुकौती की अवधि 6 से 18 माह के आरंभिक ऋण स्थगन के साथ 3 से 7 वर्ष है। ऋणों पर ब्याज, पिछड़े क्षेत्रों में 10 प्रतिशत और अन्य क्षेत्रों में 12 प्रतिशत होगा। हिताधिकारी, ऋण की कुल राशि के 25 प्रतिशत के आधार पर निकाली गयी पूंजीगत सहायता सरकार से प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। इस योजना का लक्ष्य 15 अगस्त 1984 तक 2.50 लाख शिक्षित बेरोजगार युवकों को स्वरोजगार प्रदान करना है, और यह 1981 की जनगणना के अनुसार 10 लाख या उससे अधिक की जनसंख्या वाले शहरों को छोड़ कर देश के सभी क्षेत्रों पर लागू है। बैंकिंग तंत्र द्वारा उपलब्ध करायी जानेवाली निधियों की कुल मात्रा लगभग 325 करोड़ रुपये रखी गयी है। मार्च 1984 के अंत तक के आंकड़ों से पता चलता है कि बैंक 2.49 लाख हिताधिकारियों को इस योजना के अन्तर्गत व्याप्त कर चुके थे और 397 करोड़ रुपये के ऋण मंजूर कर चुके हैं। इनमें से 149 करोड़ रुपये वितरित किये जा चुके हैं।

बैंक तथा एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम

141. सरकारी सहायता और संस्थागत वित्त की सहायता से बिल्कुल गरीब लोगों का स्तर सुधारने के उद्देश्य से देश के सभी खण्डों में चल रहे एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत, राजकोषीय वर्ष 1983-84 के अन्तर्गत 36.9 लाख हिताधिकारियों की सहायता की गयी और बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों सहित) द्वारा 773.5 करोड़ रुपये के मीयादी ऋण उपलब्ध कराये गये। इसकी तुलना में 1982-83 के दौरान 34.6 लाख हिताधिकारियों की सहायता की गयी थी और 714.0 करोड़ रुपये के मीयादी ऋण उपलब्ध कराये गये थे कार्यक्रम को लागू करने का कार्य सुचारु रूप से चलाने की दृष्टि से बैंक

ने वित्तीय संस्थाओं को कतिपय मार्गदर्शी सिद्धान्त जारी किये । इनमें इन बातों की व्यवस्था की गयी कि बैंक (क) एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के हिताधिकारियों को पास-बुक जारी करें ताकि उन्हें दिये गये ऋण की सही राशि, बकाया राशि चुकौती की अवधि आदि के बारे में ज्ञान रहे (ख) छोटे ऋणों के लिए अतिरिक्त जमानत, आवश्यक रुझान, कुशलता और विशेषज्ञता वाले स्टाफ की नियुक्ति, व्यावहारिक तरीके से वापसी अदायगी का कार्यक्रम बनाने आदि से संबंधित मार्गदर्शी सिद्धांतों का कड़ाई से पालन करें तथा (ग) चुकौती की क्षमता आदि की जीवनावधि आदि घटकों को ध्यान में रखते हुए चुकौती अवधि निर्धारित करें ।

विभेदक ब्याज दर योजना

142. विभेदक ब्याज की दर योजना के अन्तर्गत ऋण वितरण में सरकारी क्षेत्र के बैंकों ने और प्रगति की । अद्यतन आंकड़े जो दिसम्बर 1982 के अन्त तक उपलब्ध हैं, यह दर्शाते हैं कि इस योजना के अंतर्गत ऋण खातों की संख्या 4.19 लाख की वृद्धि के साथ 33.44 लाख हो गयी तथा बकाया ऋणों की राशि 54 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ 311.50 करोड़ रुपये हो गयी । प्रति खाता ऋण की औसत राशि 880 रुपये से बढ़कर 932 रुपये हो गयी । दिसम्बर 1982 के अंत में इस योजना के अंतर्गत सरकारी क्षेत्र के बैंकों के अग्रिम दिसम्बर 1981 के अन्त की स्थिति के उनके कुल अग्रिमों के लगभग 1.2 प्रतिशत के बराबर थे । अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों को विभेदक ब्याज दर योजना के अन्तर्गत लाये जाने की स्थिति में सुधार हुआ है और उनके खातों की संख्या दिसम्बर 1981 के अन्त के 13.76 लाख से बढ़कर दिसम्बर 1982 के अन्त में 16.36 लाख हो गयी । इसी अवधि के दौरान बकाया ऋणों की राशि 123 करोड़ रुपये से बढ़कर 154 करोड़ रुपये हो गयी । यह राशि कुल विभेदक ब्याज दर योजना के अग्रिमों के 40 प्रतिशत के लक्ष्य की तुलना में 49.6 प्रतिशत थी ।

143. राष्ट्रीय बैंक प्रबंध संस्थान द्वारा विभेदक ब्याज की दर योजना का गुणवत्ता के आधार पर एक मूल्यांकन अध्ययन किया गया था और इसकी रिपोर्ट दिसम्बर 1982 में प्रस्तुत की गयी थी । इसके बाद अन्य बातों के साथ-साथ विभेदक ब्याज दर योजना के विभिन्न प्रावधानों और यथावश्यक संशोधनों इस योजना के अन्तर्गत ऋणों की वसूली के संबंध में बैंकों के अनुभव तथा निधियों के पुनर्भरण (रीसाइक्लिंग) में सुधार के लिए उपायों की जांच करने और सिफारिशें करने के लिए अप्रैल 1983 में एक कार्यदल गठित किया गया था । मई 1984 में इस कार्यदल द्वारा अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप दे दिया गया ।

अग्रणी बैंक योजना

144. अग्रणी बैंक योजना की कार्यप्रणाली की समीक्षा विषयक कार्यकारी दल ने अपनी रिपोर्ट दिसम्बर 1982 में प्रस्तुत कर दी थी । इसकी सिफारिशें कुछ संशोधनों के साथ बैंक द्वारा स्वीकार कर ली गयी थी और राज्य सरकारों और वाणिज्य बैंकों को आवश्यक अनुदेश जारी कर दिये गये थे । 1983—85 के लिए जिला ऋण योजनाएं तथा 1983 की वार्षिक कार्य योजनाएं तैयार करके, पूर्वोत्तर क्षेत्र के कुछ जिलों को छोड़कर, अन्य सभी जिलों में लागू कर दी गयी थी । अधिकतर जिलों के लिए 1983-84 की वार्षिक कार्य योजनाओं को भी अंतिम रूप दिया जा चुका था ।

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों को ऋण सुविधाएं

145. अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के संबंध में संसदीय समिति की 1983 के शुरू में आयोजित बैठक में हुई चर्चा के संदर्भ में यह जरूरी समझा गया कि वाणिज्य बैंक सार्वधिक रूप से इस बात का मूल्यांकन करें कि इस संबंध में रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्धांतों का कार्यान्वयन उनकी शाखाओं द्वारा किस प्रकार किया जा रहा है । इसलिए बैंकों को अगस्त 1983 में सूचित किया गया कि (1) अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों को ऋण उपलब्ध कराने के कार्य का अनुप्रवर्तन करने के लिए प्रधान कार्यालय में एक विशेष कक्ष स्थापित किया जाय । यह कक्ष शाखाओं से संबंधित जानकारी/आंकड़े एकत्र कर उन्हें समेकित कर और अपेक्षित विवरणियां रिजर्व बैंक तथा सरकार को भेजे । (2) बैंकों के निदेशक मंडल अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के उधारकर्ताओं को ऋणों की उपलब्धता में वृद्धि करने के लिए किये गये उपायों की तिमाही आधार पर समीक्षा करें तथा (3) बोर्ड को इन समुदायों को सीधे अथवा राज्य स्तरीय अनु. जाति/अनु. जनजाति निगमों के जरिये विभिन्न प्रयोजनों के लिए दिये गये ऋणों की प्रगति पर भी विचार करना चाहिए । इसके लिए अन्य उपायों के अलावा प्रधान कार्यालय/नियंत्रक कार्यालयों से वरिष्ठ अधिकारियों के फील्ड दौरों को आधार बनाया जा सकता है । जनवरी 1984 में समस्त वाणिज्य बैंकों को सूचित किया गया कि यदि अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के संबंध में एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम तथा अन्य कार्यक्रमों के अन्तर्गत भी आवेदन पत्र नामंजूर किये जायें तो नामंजूरी शाखा स्तर पर न करके उससे उच्चतर स्तर पर की जानी चाहिए । सिर्फ अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों को ऋणों की प्राप्ति पर नजर रखने के लिए रिजर्व बैंक के ग्रामीण आयोजना और ऋण विभाग में एक कक्ष स्थापित किया गया है ।

ऋण प्राधिकरण योजना

146. पहले भाग में बैंक के पूर्व प्राधिकरण से छूट के लिए कार्यशील पूंजी सीमाओं के लिए कट आफ पाइंट बढ़ा कर 3 करोड़ रुपये से 4 करोड़ रुपये करने और ऋण प्राधिकरण योजना के अन्तर्गत न आने वाली निजी क्षेत्र की पार्टियों के लिए वैयक्तिक सीयादी ऋणों (3 वर्ष से अधिक) के लिए कट आफ पाइंट 50 लाख रुपये से बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये करने के बैंक के निर्णय के बारे में उल्लेख किया गया था । कट-आफ पाइंट में वृद्धि किये जाने के फलस्वरूप ऋण प्राधिकरण योजना के अन्तर्गत आने वाली पार्टियों की संख्या जून 1983 के अन्त में 897 (सार्वजनिक क्षेत्र के 188 उपक्रमों सहित) से घटकर जून 1984 के अंत में 764 (सार्वजनिक क्षेत्र के 180 उपक्रमों सहित) रह गयी । योजना के अन्तर्गत आनेवाली पार्टियों के संबंध में लागू कुल सीमायें भी जून 1983 के अंत की 17,051 करोड़ रुपये से बढ़कर जून 1984 के अंत में 17,986 करोड़ रुपये हो गयीं । जून 1984 के अंत में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का हिस्सा 11,186 करोड़ रुपये था जबकि जून 1983 के अंत में यह हिस्सा 10,380 करोड़ रुपये था ।

147. ऋण प्राधिकरण योजना की कार्यपद्धति की समीक्षा करने के लिए रिजर्व बैंक द्वारा नियुक्त समिति की सिफारिशों को वर्ष के दौरान बैंक ने कुछ संशोधनों के साथ स्वीकार कर लिया । नयी व्यवस्थित कार्यविधियों का सेट बैंकों को भेज दिया गया इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि ऋण प्राधिकरण योजना के अन्तर्गत निधियां और अधिक तेजी से जारी हों । ये कार्यविधियां पहली अप्रैल 1984 से लागू हो गयीं । बैंक ऋण के इस्तेमाल में पर्याप्त अनुशासन बनाये रखने से संबंधित कतिपय अपेक्षाओं को पूरा करने की शर्त के साथ बैंक ऋण प्राधिकरण योजना के सीमा क्षेत्र के अन्दर आने वाली कार्यशील पूंजीगत सीमाओं की मंजूरी के लिए प्रस्तावों के लिए तेजी का रास्ता अपना सकते हैं तथा रिजर्व बैंक के पूर्व प्राधिकरण की प्रतीक्षा किये बिना अपने विवेक पर, प्रमुख रूप से निर्यातोन्मुखी विनिर्माण इकाइयों के मामले में प्रस्तावित अतिरिक्त सीमाओं के 75 प्रतिशत तक तथा अन्य सभी मामलों में प्रस्तावित अतिरिक्त सीमाओं के 50 प्रतिशत तक निधियां जारी कर सकते हैं । यदि रिजर्व बैंक द्वारा जांच की सामान्य प्रक्रिया के दौरान पता चलता है कि बैंक द्वारा मंजूर की गयी ऋण सीमाएं आवश्यकता पर आधारित नहीं है, अथवा ज्यादा हैं तो बैंक को सुधारात्मक उपाय करने की सलाह दे दी जायगी । बैंक अब पहले की 50 लाख रुपये की उच्चतम सीमा के स्थान पर 75 लाख रुपये की कुल उच्चतम सीमा के अधीन वर्तमान कार्यशील

पूंजीगत पैकिंग ऋण के अतिरिक्त) सीमाओं के 10 प्रतिशत तक और वर्तमान पैकिंग ऋण सीमाओं के 25 प्रतिशत तक की राशियों के लिए तीन महीने की अवधियों तक के लिए तदर्थ सीमायें मंजूर कर सकते हैं। पूंजीगत और साथ ही गैर-पूंजीगत माल के लिए मात्र-पत्र सुविधाओं को रिजर्व बैंक के पूर्व प्राधिकरण की शर्त से मुक्त कर दिया गया है।

148. यह स्पष्ट कर दिया गया था कि ऋण प्राधिकरण योजना को इस शर्त पर उदार बनाया गया है कि बैंक अपने-अपने संगठनात्मक ढांचे में कतिपय परिवर्तन करें। यह परिवर्तन है—ऋण प्राधिकरण योजना खातों को महानगरीय केन्द्रों पर चुने हुए कुछ विशिष्ट शाखा कार्यालयों में संकेन्द्रित करना, निर्णय के प्रत्येक सोपान पर स्तरों की संख्या को युक्ति संगत करना प्रस्तावों पर एक सम्यक नोट बैंक के प्रबंधक वर्ग को प्रस्तुत करना, स्टाफ रखने और जांच प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देना और उधारकर्ताओं से बैंक को तथा बैंक से रिजर्व बैंक को दी जाने वाली सूचना के बारे में उचित सूचना-प्रणाली तैयार करना।

भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के बिलों की पुनर्भुनाई योजना

149. भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने अपनी बिल पुनर्भुनाई योजना के अंतर्गत क्रेतावार वार्षिक सीमा को 150 लाख रुपये से बढ़ाकर 300 लाख रुपये कर दिया है। इसके परिणामस्वरूप, जून 1984 में बैंकों को यह सूचित किया गया कि वे इस योजना के अन्तर्गत आने वाली तथा इस योजना के अन्तर्गत न आने वाली लेकिन भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की योजना की शर्तों से अनुरूपता रखने वाली आस्थगित अदायगी गारंटियां/स्वीकृतियां क्रेताओं की ओर से जारी कर सकते हैं और उनकी मंजूरी दे सकते हैं तथा उनके संबंध में ऋण प्राधिकरण योजना के अन्तर्गत रिजर्व बैंक के पूर्व प्राधिकरण की आवश्यकता नहीं होगी। यह भी स्पष्ट कर दिया गया कि यदि भारतीय औद्योगिक विकास बैंक उच्चतर क्रेतावार सीमाएं निर्धारित करता है, जैसा कि उसकी योजना के अंतर्गत सरकारी क्षेत्र के कुछ उपक्रमों के संबंध में किया गया है, तो उस सीमा तक ऐसी सुविधाओं की मंजूरी के लिए रिजर्व बैंक के पूर्व प्राधिकरण की आवश्यकता नहीं होगी।

रुग्ण औद्योगिक उपक्रम

150. रुग्ण औद्योगिक उपक्रमों पर आंकड़े केवल जून 1983 के अंत तक ही उपलब्ध हैं। इस तारीख के अनुसार ऐसी कुल 463 बड़ी रुग्ण औद्योगिक इकाइयां थीं जिनमें से प्रत्येक को बैंकिंग तंत्र से एक करोड़ रुपए और उससे अधिक की ऋण-सीमायें प्राप्त थी और इन इकाइयों पर कुल 1913 करोड़ रुपए के बैंक ऋण बकाया थे जबकि जून 1982 के अंत में 435 इकाइयों पर 1729 करोड़ रुपये बकाया थे। 463 अभिज्ञात इकाइयों में से 409 के संबंध में संभाव्यता अध्ययन पूरे कर लिये गये हैं और 345 इकाइयों में अर्धक्षमता की संभावना पायी गयी है तथा उनमें से 248 इकाइयों का पोषण कार्यक्रम के अन्तर्गत रखा गया है।

वित्तीय संस्थाओं को सहायता

151. रिजर्व बैंक प्रमुख वित्तीय संस्थाओं को मध्यकालीन और दीर्घकालीन ऋण सुविधायें प्रदान करता है। 1983-84 के दौरान भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को राज्य राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्त्तन) निधि में से मंजूर किये गये दीर्घकालीन ऋण 260 करोड़ रुपये के थे जबकि 1982-83 में 245 करोड़ रुपये मंजूर किये गये थे। भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने पूरी सीमा का उपयोग किया। भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्त्तन) निधि से लिये गये उधार और दूसरे बकाया ऋण मिला कर, 30 जून 1984 को 2,085 करोड़ रुपये हो गये थे।

152. भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक) को 1983-84 के दौरान राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्त्तन) निधि में से मंजूर किये गये दीर्घकालीन ऋण 55 करोड़ रुपये के थे जबकि 1982-83 में यह राशि 45 करोड़ रुपये थी। एक्जिम बैंक द्वारा उधार ली गयी और अन्य बकाया राशियां कुल मिला कर 30 जून, 1984 को 125 करोड़ रुपये थीं।

153. भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को 1982-83 के दौरान मंजूर की गयीं 125 करोड़ रुपये की अल्पकालीन ऋण सुविधाएं 30 सितम्बर 1983 तक बढ़ा दी गयी थीं। इन सीमाओं में से भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने 1983-84 के दौरान 6.8 करोड़ रुपये की राशि के ऋणों का लाभ उठाया था। भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को उसके द्वारा पुनर्भुनाये गये बिलों की जमानत पर 1983-84 (जुलाई—जून) के लिए 200 करोड़ रुपये की अल्पकालीन ऋण सीमायें भी मंजूर की गयी थीं ये सीमायें भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को इसलिए मंजूर की गयी थी कि वह धन जुटाने में सामने आयी अस्थायी अड़चनों (रु० 50 करोड़) पर पार पा सके और साथ ही निवेश संस्थाओं जैसे जीवन बीमा निगम, सामान्य बीमा निगम और उसकी सहायक संस्थाओं आदि द्वारा उसके पास छोड़ी गयी निधियों और उसके द्वारा वस्तुतः संवितरित निधियों के बीच रही कमी (रु० 150 करोड़) पूरी की जा सके। ये निधियां उसे राज्य विद्युत बोर्डों और राज्य सड़क परिवहन निगमों को भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की बिल पुनर्भुनाई योजना के जरिये सहायता राशि बढ़ाने के लिए सौंपी गयी थी। भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने 50 करोड़ रुपये की सीमा का लाभ नहीं उठाया। अलबत्ता, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा कमी पूरी करने के लिए ली गयी 150 करोड़ रुपये की पूरी सीमा 30 जून 1984 को बकाया थी। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को मंजूर की गयी 3 करोड़ रुपये की अल्पकालीन ऋण सीमा बैंक द्वारा दिसम्बर 1984 को समाप्त होने वाली एक और वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा दी गयी थी। अब इस सीमा को बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दिया गया है। जून 1984 के अन्त में इस सीमा के अधीन कोई भी राशि बकाया नहीं थी। भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम को अगस्त 1983 में मंजूर की गयी 10 करोड़ रुपये की ऋण सीमा अक्तूबर 1984 में समाप्त हो जायेगी। निगम ने सुविधा का लाभ कई बार बिल्कुल छोटी छोटी अवधियों के लिए उठाया है। जून 1984 के अंत में इस सीमा में 9 करोड़ रुपये की राशि बकाया थी।

154. बैंक ने पहली जुलाई 1983 से 30 जून 1984 की अवधि के बीच 10 राज्य वित्त निगमों को उनके तदर्थ बांडों पर कुल 36 करोड़ रुपये की नयी ऋण सीमायें मंजूर की और 6 राज्य वित्त निगमों के संबंध में 16.8 करोड़ रुपये की ऋण सीमाओं की अवधि बढ़ायी। जून 1984 के अंत में सभी राज्य वित्त निगमों पर 4.5 करोड़ रुपये के ऋण बकाया थे।

155. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक को 1983-84 के लिए 1,300 करोड़ रुपये की ऋण सीमा मंजूर की गयी ताकि वह राज्य सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को पुनर्वित्त के जरिये अल्पकालीन ऋण और अग्रिम दे सके। इस सहायता के वास्ते लिया जाने वाली ब्याज बैंक दर से 4.75 प्रतिशत कम है। इस ऋण सीमा के अधीन अधिकतम बकाया राशियां 31 मार्च 1984 को 1,218 करोड़ रुपये हो गयी थी। रिजर्व बैंक ने वर्ष 1982-83 के लिए अपने लाभ में से 225 करोड़ रुपये राष्ट्रीय ग्रामीण ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्त्तन) निधि में तथा 75 करोड़ रुपये राष्ट्रीय ग्रामीण ऋण (स्थिरीकरण) निधि में दिये।

चीनी उद्योग को अग्रिम

156. नकदी की कमी के दौर से गुजर रही चीनी मिलों को 25 लाख रुपये प्रति यूनिट से अनधिक के आफ-सीजन व्ययों के लिए बेजमानती ऋण जारी करते समय अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को रिजर्व बैंक से पूर्व-प्राधिकरण प्राप्त करने की जरूरत नहीं थी। किन्तु रिजर्व बैंक ने 14 जुलाई, 1983 को बैंकों को सूचित किया कि आगामी 1983-84 मौसम के लिए आफ सीजन व्ययों के लिए इस प्रकार के बेजमानती ऋण जरूरी नहीं कि, सामान्य नीति के रूप में दिए ही जायें। अलबत्ता,

अलग-अलग मामले गुणदोषों के आधार पर निपटाये जाने थे और कोई भी बेजमानती ऋण जारी करने से पहले बैंकों को रिजर्व बैंक का पूर्व-प्राधिकरण प्राप्त करना था।

157. नवम्बर, 1983 में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को सूचित किया गया कि अलग-अलग चीनी मिलों के उत्पादन के अनुमानों के अध्यधीन बैंक 1983-84 के मौसम के लिये 1982-83 के मौसम के दौरान की (अस्थायी अतिरिक्त आहरणों को छोड़ कर) अधिकतम उपयुक्त राशि के 110 प्रतिशत तक, आवश्यकता आधारित ऋण सीमायें रिजर्व बैंक का पूर्व-प्राधिकरण प्राप्त किये बिना मंजूर कर सकते हैं। उधारकर्ताओं के खातों में वास्तविक आहरणों को मिलों के मासिक नकदी बजटों में घोषित घाटों के आधार पर नियमित किया जाना था। हालांकि समग्र आहरण-सीमा के भीतर उपयुक्त उप-सीमायें निर्धारित की जा सकती हैं और बंधक/दृष्टि बंधक रखे गये चीनी के स्टॉकों, खरीदे तथा पुनर्भुनाये गये बिलों आदि पर नकद ऋण के रूप में उनकी अनुमति दी जा सकती है, फिर भी बैंक रिजर्व बैंक के पूर्व प्राधिकरण के बिना समग्र सीमा से बाहर कोई भी अन्य ऋण सुविधा चाहे वह बेजमानती आधार पर हो या अतिरिक्त पुर्जों, अन्य कच्चे माल, संयंत्र और मशीनरी आदि आस्तियों की जमानत पर, मंजूर न करे।

158. पिछले वर्ष की रिपोर्ट में 5 लाख टन चीनी का बफर स्टॉक तैयार करने का उल्लेख किया गया था। वर्तमान बफर स्टॉक में 5 लाख टन खुली बिक्री की चीनी और मिला कर इसे दस लाख टन करने के सरकार के निर्णय के बाद रिजर्व बैंक ने 15 नवम्बर, 1983 में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को सूचित किया कि वर्तमान बफर स्टॉक में शामिल किये गये खुली बिक्री की चीनी के स्टॉकों पर, 100 प्रतिशत आहरण प्रदान करने के फलस्वरूप जारी की गयी राशि, बैंकों द्वारा पहले चीनी मिलों के नकदी ऋण खातों में अनियमितताओं को दूर करने के काम में लायी जानी चाहिए और उसके बाद गन्ने की बकाया अदायगी करने के लिए काम में लायी जानी चाहिए।

159. भारत सरकार ने मार्च 1983 में खुली बिक्री की चीनी के लिए सांकेतिक टैरिफ मूल्य घोषित करने की प्रथा समाप्त कर दी। इसके परिणामस्वरूप रिजर्व बैंक ने 5 अगस्त, 1983 को अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को सूचित किया कि वे उनके पास जमानत के रूप में धारित चीनी स्टॉकों का मूल्य, लागत या बाजार मूल्य, जो भी कम हो, पर लगायें। इस प्रयोजन के लिए लेवी स्टॉकों का मूल्य लेवी लागत पर तथा बफर अंश सहित खुली बिक्री के स्टॉकों का मूल्य बाजार लागत पर लगाया जाना था। इनके अतिरिक्त लेवी तथा बफर अंश सहित खुली बिक्री के स्टॉकों का मूल्य, लागत मूल्य पर एक समान रूप से लगाया जाना था। उचित मार्जिन घटाने के बाद, दोनों में से जो मूल्य कम रहे, उसे आहरण अधिकार तय करने के लिए लिया जाना था।

160. चीनी के स्टॉकों पर अग्रिमों के लिए जमानत के रूप में बैंकों को धारित, लेवी तथा खुली बिक्री की चीनी के मूल्यांकन के तरीके में 30 जनवरी, 1984 से और संशोधन किया गया। इस नये तरीके के अन्तर्गत लेवी चीनी के स्टॉकों का मूल्यांकन, भारत सरकार द्वारा निर्धारित लेवी मूल्य पर किया जाता है और खुली बिक्री की चीनी के स्टॉकों (बफर स्टॉकों सहित) का मूल्यांकन, पिछले तीन महीनों के दौरान तमुल किये गये औसत मूल्य (चल औसत) पर, या चालू बाजार मूल्य, जो भी कम हो, पर किया जाता है। इस प्रयोजन के लिए मूल्य में उत्पादन शुल्क शामिल नहीं होगा। चूंकि खुली बिक्री की चीनी के बाजार-मूल्यों में समय-समय पर उतार-चढ़ाव होता रहेगा, अतः बैंकों को यह भी सूचित किया गया है कि खुली बिक्री की चीनी के जारी न किये गये स्टॉकों पर आहरण शक्तियां निर्धारित करते समय उचित सावधानी बरतें।

चयनात्मक ऋण नियंत्रण

161. मूल्यों में उतार-चढ़ाव वाली वस्तुओं पर अग्रिम देने के संबंध में चयनात्मक ऋण नियंत्रण उपाय वर्ष के दौरान जारी रहे; अग्रिमों को छूट प्राप्त श्रेणियों में कुछ परिवर्तन किये गये।

162. बैंकों को 4 जुलाई 1983, को सूचित किया गया था कि वे रेगुलेटेड मार्केट यार्ड्स अधिनियम के अन्तर्गत राज्य सरकारों द्वारा गठित कृषि उत्पाद विपणन समितियों द्वारा बनाये गये गोदामों द्वारा जारी की गयी गोदाम रसीदों को, केन्द्रीय/राज्य गोदाम निगमों के गोदामों द्वारा जारी की गयी रसीदों के समान ही मानें, बशर्ते कि इस प्रकार के गोदाम वैज्ञानिक रूप से बनाये गये हों तथा इनका संचालन प्रशिक्षित स्टॉफ कर रहा हो। इसके अतिरिक्त ऐसी वस्तुओं के संबंध में, जिनके लिए समर्थन मूल्यों की घोषणा की जा चुकी है तथा जिनके संबंध में केन्द्रीय/राज्य सरकारी एजेंसियों द्वारा खरीद व्यवस्थायें मौजूद हैं, ग्रामीण क्षेत्र के गोदामों की गोदाम रसीदों पर रु० 5,000 तक के छोटे अग्रिमों पर मार्जिन तथा ब्याज दर में जिन रियायतों की अनुमति थी, उन्हें केन्द्रीय/राज्य गोदाम निगमों तथा साथ ही कृषि उत्पाद विपणन समितियों के ग्रामीण क्षेत्र के गोदामों द्वारा जारी गोदाम रसीदों पर, रु० 5,000 तक के इसी प्रकार के अग्रिमों के लिए भी उपलब्ध करा दिया गया है। इन रियायतों को एक ग्रामीण गोदाम में रखे स्टॉकों के संबंध में, एक अग्रिम प्रति उधारकर्ता तक ही सीमित रखा जाना था तथा बैंकों को यह भी सुनिश्चित करने की जरूरत थी कि छोटे किसान द्वारा भण्डारण के लिए लायी गयी उत्पाद की मात्रा उसकी जोत की जमीन के आकार (अर्थात पांच एकड़ अथवा उससे कम) के अनुरूप हो।

163. बैंकों द्वारा रु० 2,500 प्रति किसान तक प्रत्यक्ष अग्रिम अथवा फसल ऋण की बकाया राशि, जो भी कम हो, तथा खाद्यान्नों की जमानत पर अपने कृषक सदस्यों को ऋण देने के लिए प्राथमिक सहकारी समितियों को अग्रिम, जो खड़ी फसल पर पहले मंजूर किये गये अग्रिमों की, कटाई की तारीख से तीन महीने की अवधि के लिए और बढ़ाये जाने के द्योतक हैं, चयनात्मक ऋण नियंत्रण की सीमा में बिल्कुल नहीं आते। इस प्रकार की छूट के लिए ऋण सीमा बढ़ाकर 4 जुलाई, 1983 से 5,000 रुपये अथवा फसल ऋण की बकाया राशि, जो भी कम हो कर दी गयी।

विशेष योजनाओं के अन्तर्गत हितार्थिकारियों को अग्रिमों के संबंध में छूट

164. एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के हितार्थिकारी, योजना के अन्तर्गत प्रदान की गयी रियायती सुविधाओं का लाभ उठा सकें, इस दृष्टि से रिजर्व बैंक ने अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को फरवरी 1984 में सूचित किया कि चयनात्मक ऋण नियंत्रण के अन्तर्गत आने वाली वस्तुओं पर एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के हितार्थिकारियों को मंजूर अग्रिम चयनात्मक ऋण नियंत्रण के सीमाक्षेत्र से पूरी तरह बाहर होंगे। मई 1984 में बैंकों को अग्रिमों की कुछ और ऐसी श्रेणियों के बारे में भी सूचित किया गया था जो चयनात्मक ऋण नियंत्रण के सीमा क्षेत्र से पूरी तरह बाहर होंगी। ये हैं — (1) चयनात्मक ऋण नियंत्रण के अन्तर्गत आने वाली वस्तुओं की प्रोसेसिंग/विनिर्माण और/या कारोबार प्रारंभ करने वाले शिक्षित बेरोजगार युवकों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने की योजना के अन्तर्गत हितार्थिकारियों को अग्रिम; (2) विभेदक ब्याज दर योजना के अन्तर्गत सभी शर्तों को पूरा करने वाले उधारकर्ता का उक्त प्रकार की वस्तुओं पर अग्रिम; और (3) रु० 5,000 प्रति उधारकर्ता की कुल सीमा तक इस शर्त पर छोटे अग्रिम कि उधारकर्ता केवल एक ही बैंक के साथ लेनदेन रखेगा।

165. चयनात्मक ऋण नियंत्रण के अधीन मूल्यों में उतार-चढ़ाव वाली (सेंसिटिव) वस्तुओं के संबंध में राज्य सहकारी बैंकों तथा मध्यवर्ती सहकारी बैंकों द्वारा ऋण सीमायें मंजूर करने पर नियंत्रण लागू करने की दृष्टि से नाबार्ड को (जो अब इन संस्थाओं पर ऋण प्राधिकरण योजना का प्रबंध करता है) सूचित किया गया था कि वह इस प्रकार के पण्यों वाले 5 करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्तावों के संबंध में रिजर्व बैंक से पूर्व अनुमोदन प्राप्त कर लिया करें।

बैंकों का निरीक्षण

166. वर्ष के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वार्षिक मूल्यांकन निरीक्षण का दूसरा दौर पूरा कर लिया गया था और तीसरे और चौथे दौर चल रहे थे। सार्वजनिक क्षेत्र के 16 बैंकों का वार्षिक मूल्यांकन हाथ में लिया गया /पूरा कर लिया गया और सार्वजनिक क्षेत्र के 9 बैंकों का वार्षिक मूल्यांकन और वित्तीय मूल्यांकन दोनों के लिए निरीक्षण किया गया। 8 विदेशी बैंकों, निजी क्षेत्र के 19 अनुसूचित बैंकों तथा 3 गैर-अनुसूचित बैंकों का वित्तीय निरीक्षण हाथ में लिया गया/पूरा कर लिया गया। इस अवधि के दौरान बहरीन, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय बैंकों के 10 विदेशी कार्यालयों का निरीक्षण भी पूरा कर लिया गया।

167. वाणिज्य बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों तथा शहरी सहकारी बैंकों के निरीक्षण की वर्तमान प्रणाली की समीक्षा विषयक कार्यकारी दल की रिपोर्ट बैंक के समक्ष 22 अक्तूबर, 1983 को प्रस्तुत कर दी गयी। इसकी सिफारिशों का उद्देश्य उन बैंकों के निरीक्षणों के मामले में रिजर्व बैंक तथा नाबार्ड का आंतरिक मार्गदर्शन है।

बैंकों में धोखाधड़ियां

168. बैंकों में शिकायतों की बढ़ती हुई संख्या तथा धोखाधड़ियों के बढ़ते हुए मामले पर बैंक की चिंता तथा इस संबंध में बैंकों को जारी किये गये विस्तृत मार्गदर्शी सिद्धांतों के बारे में पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था। धोखाधड़ियों के गंभीर मामलों, बड़ी शिकायतों की पड़ताल तथा धोखाधड़ियों वाले अभिज्ञात क्षेत्रों की जांच के लिए बैंक में मई 1983 में स्थापित किये गये विशेष अन्वेषण कक्ष ने अब तक बड़ी धोखाधड़ियों के 12 मामलों तथा 4 शिकायतों की जांच की है। इनके परिणामों से बैंकों को सुधारात्मक कार्रवाई करने तथा स्टाफ के दृष्टिकोण से जांच करने के लिए अवगत करा दिया गया था। जहां कहीं आवश्यक समझा गया, जांचों के परिणामों को सरकार की जानकारी में भी लाया गया। इन परिणामों के आधार पर बैंकों को ऐसे रक्षोपाय सुझाते हुए परिपत्र जारी किये गये हैं जिनका उन्हें पालन करना चाहिए ताकि इस प्रकार की अनियमितताओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

चेकों का समाशोधन

169. बाहरी चेकों के राष्ट्रीय समाशोधन अपनाने की कार्यप्रणाली और देश में बैंकों द्वारा निपटाये गये मशीनीकृत चेकों के लिए मैगनेटिक इंक करैक्टर रिकग्नीशन (एम०आई०सी०आर०) आप्टिकल करैक्टर रिकग्नीशन (ओ०सी०आर०) तकनीक अपनाने की व्यावहार्यता/संभावना पर विचार करने के लिए रिजर्व बैंक द्वारा गठित कार्यकारी दल की सिफारिशें स्वीकार कर लिये जाने के फलस्वरूप, रिजर्व बैंक ने नवम्बर 1983 में दल की सिफारिशों के कार्यान्वयन की व्यवस्था के लिए एक राष्ट्रीय समाशोधन कक्ष स्थापित किया गया। इस दल ने सिफारिश की है कि मशीनीकृत चेक निपटान के लिए एम०आई०सी०आर० तकनीक पहले चरण में चार महानगरों बंबई, दिल्ली, कलकत्ता तथा मद्रास में शुरू की जाये जिसे बाद में, विभिन्न चरणों में, अन्य राज्यों की राजधानियों तथा महत्वपूर्ण केन्द्रों में भी शुरू कर दिया जाये। राष्ट्रीय समाशोधन कक्ष इस प्रयोजन के लिए गठित एक तकनीकी समिति की सहायता से चेक के कागज, चेक लेआउट तथा एम०आई०सी०आर० कूट लाइन ढांचे के लिए मानक विनिर्देश तैयार कर रहा है।

बैंकिंग विधि (संशोधन) अधिनियम

170. बैंकिंग विधि (संशोधन) विधेयक जिसका जिक्र पिछले वर्ष की रिपोर्ट में किया गया था, संसद द्वारा 21 दिसम्बर, 1983 को पारित कर दिया गया और 12 जनवरी, 1984 के राष्ट्रपति की सहमति मिलने के बाद बैंकिंग विधि (संशोधन) अधिनियम, 1983 बना। इन दो अधिनियमों के कुछ अत्यन्त महत्वपूर्ण संशोधन संक्षेप में यहां दिये जा रहे हैं।

171. भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम में संशोधन में केन्द्रीय सरकार को यह अधिकार देना अपेक्षित है कि वह रिजर्व बैंक द्वारा अपने निर्गम विभाग में आस्तियों के रूप रखी जाने वाली प्रतिभूतियों का प्रकार, इस तरह रखी जाने वाली प्रतिभूतियां औपचारिक रूप से अधिसूचित करने की जरूरत के बिना, अनुमोदित कर सके। इसके द्वारा यह सुनिश्चित करना भी अपेक्षित है कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम से राज्य सहकारी बैंकों को ऋण तथा प्रायोजक बैंकों से क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को दिये जाने वाले ऋण, नकदी प्रारक्षित अनुपात की गणना के प्रयोजन के लिए देयताओं के रूप में न माने जायें।

172. संशोधित रूप में औसत दैनिक शेष राशि की संकल्पना सप्ताह के बजाय पखवाड़े के प्रत्येक दिन कारोबार की समाप्ति पर धारित शेषराशियों से जुड़ी होगी और अब अनुसूचित बैंकों को अब तक की प्रथा के अनुसार महीने के प्रत्येक शुक्रवार के बजाय प्रत्येक एकान्तर शुक्रवार की पाक्षिक विवरणियां प्रस्तुत करनी होंगी। इससे बैंकों को इस बात के लिए अधिक समय मिल सकेगा कि वे अपनी देयताओं पर दृष्टिपात कर सकें और नकदी प्रारक्षित के विधिवत रखरखाव की व्यवस्था कर सके बैंक इस संशोधन के लागू होने की तारीख अधिसूचित करेगा।

173. पद 'जमा राशि' की परिभाषा में विस्तार किया गया है ताकि उसमें जमा अथवा ऋण के जरिये अथवा किसी अन्य रूप में धन की कोई प्राप्ति शामिल की जा सके लेकिन इसमें विशेष रूप से उल्लिखित जमा के विभिन्न प्रकार शामिल करने से छोड़ दिये जायेंगे, ताकि अलग अलग व्यक्ति और गैर-निगमित संस्थाएं तथा फर्में अपने बैंक कारोबार के लिए निधियां अथवा अग्रिम प्राप्त कर सकें। इससे पहले अलग-अलग व्यक्तियों, फर्मों अथवा व्यक्तियों की गैर-निगमित संस्थाओं द्वारा जमा राशियां स्वीकार करने पर कोई प्रतिबंध नहीं था। व्यापक लोकहित में और विशेष रूप से बहुत बड़ी संख्या में छोटे और जानकारी न रखने वाले जमाकर्ताओं के हित में, यह जरूरी समझा गया कि इस प्रकार के गैर-निगमित निकायों आदि द्वारा जनता से जमाराशियां स्वीकार करने पर रोक लगायी जाये। तदनुसार नये प्रावधानों में यह तय किया गया है कि किसी भी व्यक्ति अथवा फार्म अथवा व्यक्तियों की कोई गैर-निगमित संस्था के पास किसी भी समय, जमाकर्ताओं की निर्धारित संख्या से अधिक की जमा राशियां नहीं होंगी।

174. बैंकिंग विनियमन अधिनियम का संशोधन बहुत अधिक प्रावधानों पर लागू होता है। यह बैंकिंग कंपनियों को बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 के अधीन पहले ही किये जा रहे कारोबार के अतिरिक्त केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किये जाने वाले कारोबार करने के लिए सक्षम बनाता है। यह बैंकिंग कंपनियों के निदेशकों के कार्यकाल की अवधि को सीमित करता है और रिजर्व बैंक को यह निर्णय करने का अधिकार मिल गया है कि निदेशकों की संख्या में परिवर्तन अनुमत है या नहीं और साथ ही रिक्ति होने पर, यदि इस प्रकार की नियुक्ति की आवश्यकता प्रतीत हो, तो अध्यक्ष नियुक्त करने का अधिकार भी रिजर्व बैंक को प्राप्त हो गया है। इससे दूसरे पिछले पखवाड़े के अंतिम शुक्रवार की मांग और मीयादी देयताओं के आधार पर गैर-अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की नकदी प्रारक्षित अनुपात और सभी बैंकों के सांविधिक नकदी अनुपात की गणना में सहायता मिलती है। इस संशोधन में ऐसी कंपनियों को ऋण दिये जाने का निषेध है जहां बैंकिंग कंपनी का निदेशक किसी ऐसी कंपनी या उसकी सहयोगी या धारक कंपनी, जिसमें उसका काफी हित लगा हुआ है, का निदेशक या कोई अन्य पदाधिकारी हो। इससे रिजर्व बैंक को यह अधिकार मिला है कि वह किसी बैंक द्वारा रखे जाने वाले अधिकतम सांविधिक नकदी अनुपात को बढ़ाकर 4.0 प्रतिशत तक कर दे और किसी भी बैंकिंग कंपनी से अन्य सांविधिक विवरणियों के अलावा दैनिक विवरणी की मांग करे। इसके अलावा रिजर्व बैंक को यह भी अधिकार दिया गया है कि वह सांविधिक नकदी अनुपात रखने में व्यतिक्रम करने वाली बैंकिंग कंपनियों पर दण्डस्वरूप ब्याज लगाये और किसी बैंकिंग कंपनी के कामकाज की, नियमित निरीक्षणों के अलावा, जांच करे।

धन के जमाखातों और अभिरक्षा/सुरक्षा लाकर में रखी वस्तुओं के संबंध में बैंक के ग्राहकों के लिए नामांकन सुविधा की भी व्यवस्था है। दोनों अधिनियमों में किये गये इन संशोधनों में से कुछ 15 फरवरी, 1984 को लागू हो चुके हैं।

चाय, जूट आदि के संबंध में स्थायी समिति

175. जूट, चाय, चीनी और उर्वरक उद्योगों की ऋण आवश्यकताओं और उनसे जुड़ी समस्याओं पर समन्वित रूप से दृष्टिपात करने के प्रयोजन से बैंक द्वारा एक स्थायी समिति नियुक्त किये जाने के बारे में पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था। चीनी उद्योग के संबंध में, इस स्थायी समिति ने चीनी स्टॉकों के मूल्यांकन की समस्याओं की जांच करने के लिए एक उपसमिति गठित की थी और इसके परिणामों के आधार पर संशोधित मार्गदर्शी सिद्धांत तैयार किये गये हैं। इस स्थायी समिति के निर्णय के अनुसरण में एक और उपसमिति गठित की गयी है जो चीनी उद्योग के पुनर्वास के लिए विस्तृत उपाय सुझायेगी।

176. चाय उद्योग के संबंध में इस स्थायी समिति ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे, चाय उत्पादन/निर्यात बढ़ाने के लिये किये जाने उपाय, चाय की दलाली करने वाली फर्मों और साथ ही बैंकों आदि द्वारा चाय बागानों के दोहरे वित्तपोषण को रोकने के उपायों आदि पर चर्चायें कीं।

177. जूट के संबंध में उक्त स्थायी समिति द्वारा किये गये निर्णय के अनुसरण में दो उपसमितियां गठित की गयीं, इनमें से एक ने, जिसे जूट उद्योग में कार्य की दृष्टि से सक्षम रुग्ण इकाइयों का पता लगाने का कार्य सौंपा गया था, अक्तूबर 1983 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी। उपसमिति ने इस रिपोर्ट में जूट मिलों के वर्गीकरण के लिए विस्तृत मापदण्ड और प्रत्येक श्रेणी के पुनर्वास के लिए उपाय सुझाये। जिन उपायों पर विचार किया जाना है उनमें केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, बैंकों तथा मीयादी ऋण संस्थाओं, भारतीय निर्यात-आयात बैंक तथा स्वयं उद्योग से अपेक्षित सहायता शामिल है। बैंकों और वित्तीय संस्थाओं ने मिलों के वर्गीकरण और उनकी अर्थक्षमता निर्धारित करने के लिए आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई शुरू कर दी है। जूट के माल के निर्यात के लिए मध्यकालिक नजरिये का मूल्यांकन करने और इस मूल्यांकन के प्रकाश में, निर्यातों के स्तर को बनाये रखने के लिए किये जाने वाले विभिन्न सुझावों पर विचार करने के वास्ते गठित उपसमिति की रिपोर्ट की अभी प्रतीक्षा की जा रही है।

178. उर्वरक उद्योग से संबंधित स्थायी समिति ने दो उपसमितियां गठित करने का निर्णय किया। इनमें से एक उर्वरक उद्योग के लिए मांग प्राप्यों के मानदण्डों की समीक्षा करेगी और दूसरी उत्तर प्रदेश और बिहार में किये जाने वाले अध्ययन के आधार पर मजबूत वित्तीय सहायता पर आधारित वितरण प्रणाली में सुधार करने के लिए उपायों की समीक्षा करेगी और उपाय सुझायेगी। इन उपसमितियों की रिपोर्टों की प्रतीक्षा की जा रही है।

पूर्वी भारत में कृषि संबंधी उत्पादकता के संबंध में समिति

179. मार्च 1980 में गठित पूर्वी भारत में कृषि संबंधी उत्पादकता विषयक समिति ने चार राज्यों के दौरे पूरे कर लिये हैं और संबंधित राज्य सरकारों से सामग्री एकत्र करने का कार्य पूरा कर लिया है। इस समिति ने अनुसंधान संस्थाओं और अन्य एजेंसियों को सौंपे गये विशेष अध्ययन रिपोर्टें भी प्राप्त कर ली हैं। रिपोर्ट का प्रारूप तैयार करने का कार्य इस समय चल रहा है और सितम्बर 1984 के अन्त तक पूरा हो जाने की आशा है।

मौद्रिक प्रणाली के कार्यचालन की समीक्षा के लिए समिति

180. पिछले वर्ष की रिपोर्ट में मौद्रिक प्रणाली के कार्यचालन की समीक्षा के लिए गठित समिति के विषय में उल्लेख किया गया था। इस समिति ने अगस्त/सितम्बर 1983 में कई संस्थाओं/संगठनों तथा शिक्षाविदों को चार प्रश्नावलियों के सेट भेजे थे और उनसे कई मामलों पर उनके विचार मांगे गये थे। इस समिति ने विशेषज्ञों द्वारा कई अध्ययन भी करायें हैं। कुछ अध्ययन पूरे कर लिये गये हैं और समिति द्वारा उनकी जांच का कार्य चल रहा है। प्रश्नावलियों के जो उत्तर प्राप्त हुए हैं उनका मूल्यांकन किया जा रहा है। समिति की कार्य-अवधि जो जून 1984 के अन्त में समाप्त होनी थी, 6 महीने के लिए बढ़ा दी गयी है।

सहकारी बैंकिंग से संबंधित गतिविधियां

शहरी बैंक विभाग का गठन

181. शहरी सहकारी बैंकों से संबन्धित बढ़ते हुए सांविधिक तथा विकासात्मक कार्य को देखने के लिए पहली फरवरी 1984 से अलग से एक शहरी बैंक विभाग स्थापित किया गया है। इस विभाग की स्थापना होने तक यह कार्य बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग के शहरी बैंक प्रभाग द्वारा किया जा रहा था।

प्राथमिक सहकारी बैंकों की प्रगति

182. जून 1984 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान 29 और प्राथमिक सहकारी बैंक स्थापित किये गये। इनके साथ ही उनकी कुल संख्या 1,310 हो गयी, इनमें से 1,209 व शहरी सहकारी बैंक तथा 101 वेतन भोगियों की समितियां थीं। बैंकिंग कारोबार शुरू करने के लिए लाइसेंस शुदा प्राथमिक सहकारी बैंकों की संख्या जून 1983 के अंत के, 341 से बढ़कर, जून 1984 के अंत में 393 हो गयी।

पुनर्वित्त सुविधाओं के संबन्ध में नीतिगत परिवर्तन

183. शहरी सहकारी बैंकों के लिए स्थायी सलाहकार समिति द्वारा दिये गये सुझावों के अनुसरण में लघु उद्योगों को अग्रिमों के संबन्ध में पुनर्वित्त योजना में कतिपय संशोधन किये गये। संशोधित नीति के अनुसार राज्य सहकारी बैंकों को बैंक दर से 2 1/2 प्रतिशत कम दर पर रियायती पुनर्वित्त उपलब्ध कराया जायेगा। यह सुविधा उन्हें ऐसी लघु औद्योगिक इकाइयों को, जो सात वर्ष से अनधिक अवधि से अस्तित्व में हैं/उत्पादनरत हैं, उनकी वास्तविक ऋण जरूरतों को पूरा करने के लिए उधार देने के वास्ते शहरी सहकारी बैंकों के वित्तपोषण के लिए प्राप्त होगी। 7 वर्ष की अवधि की समाप्ति के बाद, जब तक कि लघु औद्योगिक इकाइयां पर्याप्त आर्थिक सक्षमता प्राप्त कर चुकी होंगी और सामान्य दर पर ब्याज अदा करने योग्य हो जायेंगी, रिजर्व बैंक से प्राप्त रियायती पुनर्वित्त का उपयोग शहरी सहकारी बैंक केवल ऐसी लघु और छोटी इकाइयों को उधार देने के लिए कर सकते हैं जिन्हें उनके अस्तित्व/उत्पादन की अवधि पर ध्यान दिये बिना सभी स्रोतों से 2 लाख रुपये तक की ऋण सुविधायें प्राप्त हैं।

184. वित्तीय वर्ष 1983-84 के दौरान 101 शहरी सहकारी बैंकों की ओर से कुल 56.4 करोड़ रुपये की अल्पकालीन ऋण सीमाएं मंजूर की गयी थीं। ये सीमायें ब्याज की रियायती दर पर कुटीर और लघु औद्योगिक इकाइयों के वित्तपोषण के लिए मंजूर की गयी थीं। उपर्युक्त सीमाओं में से 31 मार्च 1984 को 48 करोड़ रुपये के उधार बकाया थे।

185. भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने 12 अगस्त 1983 से अपनी पुनर्वित्त योजना के अन्तर्गत पुनर्भुनाई सुविधायें 10 राज्यों अर्थात् आंध्र प्रदेश, गजरात, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल के मध्यवर्ती तथा प्राथमिक सहकारी बैंकों की ओर से राज्य सहकारी बैंकों को भी उपलब्ध करायी ताकि वे लघु औद्योगिक इकाइयों की कुल पूंजीगत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मीयादी ऋण दे सकें। यह सुविधा केवल लेखापरीक्षा-वर्गीकरण 'ए' अथवा 'बी' के अन्तर्गत आने वाले ऐसे शहरी बैंकों तक सीमित है जो निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारन्टी निगम से गारन्टी रक्षा प्राप्त करने के प्रयोजन के लिए अनुमोदित संस्थायें भी हैं।

186. वित्तीय वर्ष 1983-84 के दौरान 17 शहरी सहकारी बैंकों की शेयर पूंजी में अभिदान के लिए आन्ध्र प्रदेश, केरल, उड़ीसा तथा तमिलनाडु की राज्य सरकारों से कुल 11.4 लाख रुपये के ऋण मंजूर

करने के लिए आवेदन-पत्र प्राप्त हुए थे । किन्तु कोई भी आवेदन-पत्र सिफारिश के साथ नाबार्ड को न भेजा जा सका क्योंकि या तो ऐसे आवेदन-पत्र देर से प्राप्त हुए अथवा आवेदक बैंक अपनी शेयर पूंजी में राज्य सहभागिता के लिए अपात्र था ।

187. शहरी सहकारी बैंकों के लिए स्थायी सलाहकार समिति द्वारा की गयी सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए शहरी सहकारी बैंकों द्वारा व्यक्तियों और योजनाओं को आवासीय वित्तपोषण की व्यवस्था के लिए संशोधित मार्गदर्शी सिद्धान्त सितम्बर 1983 में सहकारी समितियों के रजिस्ट्रारों को सूचित कर दिये थे । अलग-अलग उधार कर्ताओं और साथ ही योजनाओं के लिए पात्रता मानदण्ड स्पष्ट कर दिये गये थे और अलग-अलग उधारकर्ता के लिए ऋणों की कुल मात्रा अधिकतम 50,000 रुपये निर्धारित की गयी थी । शहरी सहकारी बैंक अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों तथा निम्न आय वर्गों से संबन्धित उधारकर्ताओं के संबन्ध में सम्पत्ति के मूल्य के 80 प्रतिशत तक तथा मध्य आय वर्गों से संबन्धित उधारकर्ताओं को 70 प्रतिशत तक वित्त उपलब्ध करा सकते हैं । पात्र योजनाओं में समाज कल्याण परियोजनायें, जैसे— झोपड़पट्टी हटाने की योजनायें, अनु. जातियों/अनु. जनजातियों के लिए छात्रावास, जन स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत योजनायें, आवासीय परियोजनाओं के हिस्से के रूप में शापिंग केन्द्र/बाजार आदि शामिल की जा सकती हैं । तथापि आवासीय बोर्डों, स्थानीय निकायों आदि जैसी संस्थाओं को उपलब्ध कराया जाने वाला वित्त परियोजना-लागत के 40 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए । आवासीय ऋणों पर वसूल किया जाने वाला ब्याज अधिक से अधिक 15 प्रतिशत प्रतिवर्ष रखा गया था और चुकौती की अवधि आमतौर पर 10 वर्ष से अनधिक और कतिपय परिस्थितियों में 15 वर्ष तक रखी गयी थी । अलबत्ता, कोई भी शहरी सहकारी बैंक आवासीय ऋण और साथ ही लघु इकाइयों को ब्लॉक पूंजीगत ऋण उपलब्ध कराने के लिए अपने कुल निक्षेप स्रोतों के 10 प्रतिशत तक अथवा अपने शुद्ध निपटान योग्य दीर्घकालीक स्रोतों के 25 प्रतिशत तक, जो भी अधिक हो, निवेश कर सकता है ।

अग्रिमों पर ब्याज दर

188. प्राथमिक सहकारी बैंकों ने अपने ऋणों, अग्रिमों आदि पर वसूल किये जाने वाले ब्याज की दरों को, वाणिज्य बैंकों की ब्याज दरों की ही तरह पहली अप्रैल 1983 से संशोधित किया था । तथापि कतिपय शहरी सहकारी बैंकों और साथ ही उनके संघों/महासंघों से उनकी अर्थक्षमता पर, उनके अग्रिमों पर ब्याज की संशोधित नीची दरों के संभावित, प्रतिकूल प्रभाव के संबन्ध में प्राप्त प्रतिवेदनों को देखते हुए, ब्याज की दरों में कतिपय संशोधन किये गये । ये संशोधन 2 जनवरी 1984 से किये गये । ये इस प्रकार हैं:—

अग्रिमों की श्रेणी	ब्याज दर प्रतिशत प्रतिवर्ष	
	2-1-84 से पूर्व	2-1-84 से
लघु उद्योग	10.0	11.0 से अनधिक
पिछड़े क्षेत्रों में 25,000 रुपये तक संमिश्र ऋण		
खुदरा व्यापारी अग्रिम	12.5	14.0 से अनधिक
5,000 रुपये तक सीमायें तथा शामिल करते हुए मीयादी ऋण		
पिछड़े क्षेत्रों में लघु उद्योग (लघु उद्योग की नयी परिभाषा के अनुसार इकाइयां)	12.5	13.5 से अनधिक

189. राज्य और मध्यवर्ती सहकारी बैंकों द्वारा ऐसी सहकारी संस्थाओं को, जिन्हें सरकार द्वारा तिलहनों और दालों की खरीद का कार्य सौंपा गया है, दिये गये अग्रिमों पर ब्याज दर 7 नवम्बर, 1983 से 13.5 प्रतिशत तथा सहकारी संस्थाओं से इतर संस्थाओं के संबन्ध में 15 प्रतिशत निर्धारित की गयी थी ।

मूल्यों में उतार-चढ़ाव वाले पण्यों पर अग्रिम

190. बैंकों तथा व्यापार/उद्योग प्रतिनिधियों से प्राप्त प्रतिवेदनों के प्रत्युत्तर में चयनात्मक ऋण नियंत्रण के अधीन आने वाले पण्यों पर सहकारी बैंकों के अग्रिमों के संबन्ध में बैंक के निदेशों में सितम्बर तथा दिसम्बर 1983 में कतिपय संशोधन/स्पष्टीकरण किये गये थे । सूती वस्त्रों आदि की जमानत पर किसी अकेले उधारकर्ता को मंजूर किये गये ऋण का औसत स्तर एक लाख रुपये से बढ़ा कर चार लाख रुपये कर दिया गया था । इसी औसत स्तर के भीतर ही बैंकों को अपने विवेक पर किसी उधारकर्ता को कतिपय शर्तों पर इन पण्यों (अर्थात् सूती वस्त्र इत्यादि) की बिक्री से होने वाले और 60 दिन से कम की अवधि के लिए बकाया रहने वाले बड़े ऋणों पर दो लाख रुपये तक के अग्रिम देने की अनुमति थी । मूल्यों में उतार-चढ़ाव वाली अन्य वस्तुओं पर अग्रिमों के संबन्ध में किसी अकेले उधारकर्ता को मंजूर ऋण का औसत स्तर एक लाख रुपये से बढ़ा कर 2 लाख रुपये कर दिया गया था । मूल्यों में उतार-चढ़ाव वाली वस्तुओं से सम्बंधित मांग-दस्तावेजी बिलों की खरीद/उनकी जमानत के जरिए मंजूर किये गये अग्रिम निदेश के सीमाक्षेत्र में बिल्कुल नहीं आते ।

191. समग्र ऋण नियंत्रण उपायों के संदर्भ में और सूत और कपास की आपूर्ति की स्थिति पर विचार करते हुए कर्नाटक और गुजरात राज्यों में प्राथमिक सहकारी बैंकों (औद्योगिक सहकारी बैंकों सहित) द्वारा सूत और कपास पर किये गये प्रतिबन्ध जारी रखे गये । तदनुसार बैंकों को अप्रैल 1984 में निदेश दिया गया कि वे ऋण का औसत स्तर अधिकतम 50 लाख रुपये से कम बनाये रखें, 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर ब्याज वसूल करें और सूत और कपास की जमानत पर, भले ही वह जमानत बंधक अथवा दृष्टिबंधक के जरिये हो, पार्टियों को अग्रिमों पर कम से कम 50 प्रतिशत का मार्जिन रखें ।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को ऋण देने के संबन्ध में मार्गदर्शी सिद्धान्त

192. सितम्बर 1983 में, शहरी सहकारी बैंकों से यह कहा गया कि वे अपने कुल अग्रिमों का 60 प्रतिशत ऋण प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को देने का लक्ष्य, जिसमें से कम से कम 25 प्रतिशत (अथवा कुल ऋणों और अग्रिमों का 15 प्रतिशत) कमजोर वर्गों को दिया जाना था, 30 जून 1985 तक पूरा कर लें । जिन शहरी सहकारी बैंकों ने 30 जून 1983 तक अपने कुल अग्रिमों का 40 प्रतिशत से कम ऋण प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को दिया था, उनसे कहा गया कि वे आगामी दो वर्षों के दौरान प्रति वर्ष ऐसे अग्रिमों का स्तर 10 प्रतिशत बिन्दुओं तक बढ़ाएं ।

नये बैंकों/शाखाओं को लाइसेंस देना

193. नये बैंकों को लाइसेंस देने से संबन्धित नीति की पुनरीक्षा की गयी तथा परिचालन क्षेत्र के अन्तर्गत किसी कस्बे/शहर के अत्यधिक निकटवर्ती परीसरीय क्षेत्रों को शामिल करने को सुविधाजनक बनाने की दृष्टि से परिचालन क्षेत्र से संबन्धित मानदण्ड में छूट दी गयी । इसी प्रकार, प्रस्तावित बैंकों के मुख्यालयों के निकटवर्ती अन्य शहरी/अर्धशहरी केन्द्रों को भी उसकी अर्थक्षमता के हित में, उसके क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत लाया जा सकता है ।

शहरी सहकारी बैंकों के लिए स्थायी सलाहकार समिति

194. शहरी सहकारी बैंकों के लिए स्थायी सलाहकार समिति ने शहरी सहकारी बैंकों की परिचालनगत दक्षता के स्तर में गिरावट पर, जो पुर्नव्यवस्था की आवश्यकता वाले बैंकों की संख्या में वृद्धि होने से स्पष्ट दिखाई पड़ती है, गंभीर चिन्ता व्यक्त की और यह सुझाव दिया कि बैंकों की वित्तीय स्थिति और परिचालनगत दक्षता में तीव्र गति से सुधार लाने के लिए समयबद्ध पुर्नव्यवस्था कार्यक्रम तैयार करने के अलावा सुधारात्मक कदम उठाये जाने चाहिए । समिति ने कुटीर और लघु उद्योगों के 22 स्थूल समूहों में आने वाली औद्योगिक इकाइयों की कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने

से संबन्धित नीति की भी पुनरीक्षा की और लघु उद्योग इकाइयों की पात्रता तथा पुनर्वित्त सीमाओं के निर्धारण के मानदंडों में कुछ आधारभूत परिवर्तन करने का सुझाव दिया। 1969/70 में योजना के लागू होने से लेकर अब तक राज्य सरकारों द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक/नाबार्ड से प्राथमिक सहकारी बैंकों की शेयर पूंजी में अंशदान के लिए बहुत कम ऋण लिये जाने तथा प्राथमिक सहकारी बैंकों के लघु उद्योग ऋणों के क्षेत्र में शेयर पूंजी अंशदान का कोई महत्वपूर्ण योगदान न हो पाने को दृष्टि में रखते हुए, समिति ने यह सुझाव दिया कि नाबार्ड के साथ यह व्यवस्था केवल दो वर्षों के लिए अर्थात् वित्तीय वर्ष 1985-86 तक ही और जारी रखी जाये। महानगरों/पत्तन शहरों/शहरी क्षेत्रों में शाखाएं खोलने के कार्यक्रमों के संबन्ध में वाणिज्य बैंकों तथा शहरी सहकारी बैंकों के बीच उचित समन्वय को सुनिश्चित करने की दृष्टि से समिति शहरी सहकारी बैंकों को यह अनुमति देने के प्रस्ताव पर सहमत हुई कि वे 1983-85 के दो वर्षों की अवधि के दौरान 1983 तक खोली गयी शाखाओं के अतिरिक्त 200 शाखाओं से अनधिक शाखाएं खोल सकते हैं।

बैंक ऋण के संबन्ध में राज्य हथकरघा विकास निगमों की परिचालनगत समस्याओं के अध्ययन के लिए कार्यकारी दल

195. रिजर्व बैंक ने राज्य हथकरघा विकास निगमों की कार्यप्रणाली के अध्ययन तथा सहकारी क्षेत्र से बाहर के हथकरघा बुनकरों की सहायता के लिए बैंकों से उनकी कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं का पता लगाने के लिए 19 जून 1984 को एक कार्यकारी दल की नियुक्ति की। इस कार्यकारी दल को सौंपे गये कार्य ये हैं। राज्य हथकरघा विकास निगमों को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक उपाय सुझाना ताकि वे हथकरघा बुनकरों के वित्तपोषण में एक प्रभावी भूमिका अदा कर सकें। यह अध्ययन करना कि निगम धागे तथा अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं तथा हथकरघा बुनकरों से प्राप्त कपड़ों के कुशल विपणन की व्यवस्था के साथ बुनकर समूहों को किस प्रकार बेहतर वित्त प्रदान कर सकते हैं। सौंपे गये उक्त कार्यों से संबन्धित तथा अन्य आकस्मिक बातों के संबन्ध में सिफारिश करना। यह आशा की जाती है कि उक्त दल अपनी रिपोर्ट जनवरी 1985 के अंत तक प्रस्तुत कर देगा।

विदेशी मुद्रा नियंत्रण तथा अन्य मामलों से संबन्धित गतिविधियां

निर्यात संबन्धी क्रियाविधि को सरल और कारगर बनाना

196. निर्यात क्रियाविधि (जिसे सामान्यतः जी०आर० फार्म के नाम से जाना जाता है) को सरल तथा अधिक कारगर बनाने के लिए वर्ष के दौरान उसमें आमूल चूल परिवर्तन किये गये। पहली अक्तूबर, 1983 से लागू परिवर्तित क्रियाविधि के अनुसार निर्यातकों को निर्यात घोषणा फार्म पहले के तीन सेटों के बजाय अब दो सेटों में प्रस्तुत करने होंगे। यह आशा की जाती है कि परिवर्तित प्रणाली से भुगतान संतुलन के आंकड़ों का संकलन शीघ्रता से किया जा सकेगा और साथ ही वसूल न हुई अथवा देरी से वसूल हुई निर्यात प्राप्तियों के मामलों में रिजर्व बैंक द्वारा अधिक कारगर ढंग से अनुवर्ती कार्रवाई की जा सकेगी।

एशियाई समाशोधन संघ के माध्यम से अन्तर्राष्ट्रीय लेनदेनों के लिए भुगतान

197. एशियाई समाशोधन संघ के सदस्य देशों के बीच अन्तर-क्षेत्रीय व्यापार में और अधिक वृद्धि को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से यह निर्णय किया गया था कि नेपाल को छोड़कर, एशियाई समाशोधन संघ के सदस्य देशों और भारत के बीच चालू अन्तरराष्ट्रीय लेन देनों (यात्रा से संबन्धित भुगतानों को छोड़कर) के सभी पात्र भुगतान अनिवार्य रूप से एशियाई समाशोधन संघ के माध्यम से किये जायें। यह नयी व्यवस्था जनवरी 1984 से लागू की गयी थी। आस्थगित भुगतान की शर्तों पर होने वाले आयात और निर्यात लेनदेनों से संबन्धित भुगतानों को अनिवार्य भुगतान क्रियाविधि से बाहर रखा गया है तथापि ऐसे मामलों में भी पोतलदान प्रलेखों पर अग्रिम/नकद भुगतान एशियाई समाशोधन संघ के माध्यम से किये जाने पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। चूंकि बंगला देश में आयातकों को आयातों के वित्तपोषण के लिए मजदूरी अर्जक योजना के अंतर्गत अधिक राशि (प्रीमियम) पर अमरीकी डालर खरीदने की अनुमति दी जाती है, अतः ऐसे आयात लेनदेनों पर भी एशियाई समाशोधन संघ के माध्यम से अनिवार्य भुगतान की आवश्यकता से छूट दी जाती है।

स्टर्लिंग दर सूची की समाप्ति

198. पौंड स्टर्लिंग को छोड़कर अन्य विदेशी मुद्राओं की विनिमय दरों का निर्धारण विद्यमान बाजार-दशाओं के आधार पर प्राधिकृत व्यापारियों द्वारा किया जाता है। पौंड स्टर्लिंग में व्यापारिक लेनदेनों के लिए दरों का विनिमय पहले भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ द्वारा तैयार और प्रकाशित स्टर्लिंग दर सूची के माध्यम से किया जाता था। स्टर्लिंग दर सूची के प्रकाशन की यह प्रणाली पहली जनवरी 1984 से समाप्त कर दी गयी और प्राधिकृत व्यापारियों को अब यह अनुमति दे दी गयी है कि वे भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ द्वारा मार्जिन आदि के संबन्ध में निर्धारित किये जाने वाले मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अधीन अन्य मुद्राओं के विनिमय दर निर्धारण की तरह पौंड स्टर्लिंग में लेनदेनों के लिए व्यापारिक दरों का निर्धारण भी बाजार-दशाओं के आधार पर कर सकते हैं। व्यापारिक तार अंतरण खरीद तथा पौंड स्टर्लिंग और कतिपय अन्य विदेशी मुद्राओं के लिए बिक्री दरों के बीच का अधिकतम अन्तर रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित किया जाता है।

अनिवासी भारतीयों द्वारा भारतीय कम्पनियों के शेयरों की बिक्री/अंतरण

199. भारतीय राष्ट्रिकता अथवा भारतीय मूल के अनिवासी व्यक्तियों द्वारा धारित भारतीय कम्पनियों के शेयरों की बिक्री तथा अन्तरण को सुविधाजनक बनाने की दृष्टि से, केन्द्र सरकार ने 4 मई 1983 को एक अधिसूचना जारी की जिससे ऐसे अंतरणों पर विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम के लागू होने से छूट दी गयी है। यह छूट इन मामलों पर लागू होगी—(क) अंतरिती द्वारा शेयरों की खरीद भारत में किसी मान्यता-प्राप्त स्टाक एक्सचेंज के माध्यम से शेयर बाजार से की गयी हो, और (ख) बेचे गये शेयरों से प्राप्त राशि अंतरणकर्ता द्वारा भारत में किसी प्राधिकृत व्यापारी के पास अपने साधारण अनिवासी रुपये खाते में जमा करायी जाये तथा भारत से बाहर उस राशि के प्रत्यावर्तन का अधिकार नहीं हो। परिणामस्वरूप, बिक्री से प्राप्त राशि के प्रत्यावर्तन के अधिकार के बिना भारत में स्टाक एक्सचेंज के माध्यम से भारत के नागरिकों अथवा भारतीय मूल के व्यक्तियों के पक्ष में भारतीय राष्ट्रिकता अथवा मूल के लोगों द्वारा भारतीय कंपनियों के शेयरों की बिक्री/अंतरण के लिए रिजर्व बैंक की विशिष्ट अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी बशर्ते कि उपर्युक्त अपेक्षाओं का पालन किया जाये।

निगमित निकायों के लिए साधारण अनिवासी खाते

200. अप्रैल, 1984 में ऐसे विदेशी निकायों/ट्रस्टों को उपलब्ध निवेश सुविधाओं को और उदार बनाया गया जिनमें कम से कम 60 प्रतिशत स्वामित्व/लाभकारी प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से, किन्तु अन्तिम रूप से भारतीय राष्ट्रिकता अथवा मूल के लोगों में निहित हो। विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत व्यापारियों को ऐसे विदेशी निगमित निकायों के नाम से साधारण अनिवासी रुपया खाते खोलने और रखने की अनुमति दी गयी है बशर्ते ऐसे खाते खोलने के लिए प्रारम्भिक जमाराशियां एक अनुमोदित तरीके से विदेश से प्रेषण द्वारा अथवा भारत में उचित ऐसी रुपया निधियों से दी जायें जो ऐसे अनिवासी खातों में जमा करने के लिए अन्यथा रूप से प्राप्त हों।

विदेशी कंपनियों का भारतीयकरण

201. 30 जून, 1984 को ऐसे मामलों की संख्या 379 थी जिनमें विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम 1973 की धारा 29(2)(ए) के अन्तर्गत यह अन्तिम निर्णय किये गये थे कि विनिर्दिष्ट स्तर तक विदेशी कंपनियों का भारतीयकरण किया जाये/इनकी ईक्विटी में कमी की जाये। इस वर्ष के दौरान 17 और कंपनियों ने निदेशों का अनुपालन किया और इस प्रकार ऐसी कंपनियों की कुल संख्या 349 हो गयी। शेष 30 कंपनियां भी अनुपालन के विभिन्न चरणों में रहे।

आयात-निर्यात विषयक विशेषज्ञ समिति

202. रिजर्व बैंक द्वारा नवम्बर 1982 में नियुक्त निर्यात और आयात विषयक विशेषज्ञ समिति ने, जिसका उल्लेख पिछले वर्ष की रिपोर्ट में किया गया था, अपनी अन्तिम रिपोर्ट दिसम्बर 1983 में प्रस्तुत कर दी है । समिति ने, वस्तुओं और सेवाओं के आयात और निर्यात से संबंधित विदेशी मुद्रा नियंत्रण क्रियाविधियों को सरल और कारगर बनाने तथा ग्राहक सेवा की समग्र गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से बहुत सी महत्वपूर्ण सिफारिशें की हैं । समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन पर भारत सरकार के परामर्श से जहां आवश्यक है, विचार किया जा रहा है ।

निर्यात सलाहकार समिति

203. निर्यात से संबन्धित विदेशी मुद्रा नियंत्रण विनियमों तथा ऋण उपलब्धता से संबन्धित मामलों में निर्यातकों से उनकी कठिनाइयों का सीधे ही पता लगाने की दृष्टि से रिजर्व बैंक ने अक्तूबर 1983 में एक अखिल भारतीय निर्यात सलाहकार समिति की स्थापना की थी जिसमें रिजर्व बैंक के अधिकारी, बैंकों के प्रतिनिधि तथा अखिल भारतीय निर्यात संवर्धन परिषदों/संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हैं ।

204. तम्बाकू निर्यातकों की निर्यात ऋण आवश्यकताओं का पता लगाने के लिए एक परामर्शदात्री समिति की स्थापना की गयी है जिसमें रिजर्व बैंक के अधिकारियों, वाणिज्य बैंकों, तम्बाकू निर्यातकों तथा तम्बाकू बोर्ड तथा भारतीय तम्बाकू संघ के प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है ।

विदेशी मुद्रा तथा विदेशी मुद्रा नियंत्रण के चयनित क्षेत्रों पर कार्यशाला

205. प्राधिकृत व्यापारियों के उच्च तथा मध्यम स्तर के अधिकारियों, विशेष रूप से देश के सुदूर भागों में स्थित शाखाओं में कार्यरत अधिकारियों की तकनीकी जानकारी और दक्षता में वृद्धि करने की दिशा में एक और कदम के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक ने भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ के सहयोग से देश भर में लगभग 50 विभिन्न केन्द्रों पर 100 से अधिक कार्यशालाओं की एक श्रंखला प्रायोजित की । इन कार्यशालाओं में विदेशी मुद्रा व्यापार के पांच महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शामिल किया गया है, जो ये हैं;

(1) आयात-निर्यात व्यापार तथा साख-पत्र का तंत्र,
(2) निर्यात वित्त,
(3) विनियम जोखिमों का प्रबन्ध,
(4) अनिवासी खातों का परिचालन, और
(5) 'आर' विवरणियों का समेकन और प्रस्तुतीकरण ।

पणजी, गोवा में विदेशी मुद्रा नियंत्रण कार्यालय

206. 24 नवम्बर 1983 को पणजी, गोवा में बैंक के विदेशी मुद्रा नियंत्रण विभाग का एक क्षेत्रीय कार्यालय खोला गया। पणजी कार्यालय के क्षेत्राधिकार में संघशासित प्रदेश गोवा, दमण और दीव का गोवा क्षेत्र रहेगा । जनता की सुविधा के लिए दमण और दीव क्षेत्र विदेशी मुद्रा नियंत्रण विभाग के बम्बई कार्यालय के क्षेत्राधिकार में बने रहेंगे ।

प्राधिकृत व्यापार के लिए लाइसेंस

207. विदेशी मुद्रा विनिमय अधिनियम, 1973 की धारा 6 के उपबन्धों के अनुसार, विदेशी मुद्रा में व्यापार करने के लिए बैंक ऑफ तंजावूर लि०, तंजावूर तथा बैंक ऑफ नोवा स्कोटिया, टोरंटो, कनाडा की बम्बई शाखा को लाइसेंस दिये गये । इन दोनों बैंक को, सामान्य शर्तों तथा दायित्वों के अधीन, समस्त अनुमत मुद्राओं में सभी प्रकार के विदेशी मुद्रा लेन-देन करने की अनुमति प्रदान की गयी है ।

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

208. निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारन्टी निगम ने बैंकों के छोटे जमाकर्ताओं को और छोटे उधारकर्ताओं के कतिपय वर्गों को, विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्गों के उधारकर्ताओं को, उपलब्ध करायी गयी ऋण सुविधाओं को गारंटी आधार देने के अपने दोनों उद्देश्यों को पूरा करने में और अधिक प्रगति की । पहले से चलाई जा रही निक्षेप बीमा योजना तथा पांच ऋण गारन्टी योजनाओं के अलावा निगम ने सहकारी क्षेत्र के संबन्ध में दो ऋण गारन्टी योजनाएं और बनायी । पिछले वर्ष की रिपोर्ट में लघु ऋण (सहकारी ऋण समितियां) गारंटी योजना, 1982 का उल्लेख किया गया था जिसमें पात्र ऋण संस्थाओं को पहली जनवरी 1983 से शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था । दूसरी योजना, अर्थात् लघु ऋण (सहकारी बैंक) गारंटी योजना, 1984, पहली जुलाई 1984 से लागू हो गयी है ।

209. बीमाकृत बैंकों की कुल संख्या जून 1983 के अंत की 1,718 से बढ़कर जून 1984 के अंत में 1,773 हो गयी जिसमें 84 वाणिज्य बैंक, 159 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा 1,530 सहकारी बैंक शामिल थे । इस योजना के अंतर्गत अब 14 राज्यों और 3 संघशासित प्रदेशों में कार्यरत सहकारी बैंकों की जमाराशियों पर गारन्टी रक्षा लागू है । 30 जून, 1982 को बीमाकृत खातों की कुल संख्या 1,598 लाख थी जिसमें 42,360 करोड़ रुपये की कुल निर्धारणीय जमाराशियां आती थीं । यह संख्या 30 जून 1983 को बढ़कर 1,816 लाख खाते और 50,797 करोड़ रुपये हो गयी ।

210. निगम की लघु गारन्टी योजना 1971 में भाग लेने वाली संस्थाओं की संख्या जून 1983 के अंत की 188 से बढ़कर मार्च 1984 के अंत में 217 हो गयी जिसमें 75 वाणिज्य बैंक और 142 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शामिल थे। सेवा सहकारी समिति गारंटी योजना, 1971 में भाग लेने वाली संस्थाओं की संख्या इसी अवधि में 149 से 164 हो गयी जिसमें 61 वाणिज्य बैंक 66 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा 37 सहकारी बैंक शामिल थे। लघु ऋण (वित्त निगम) गारन्टी योजना, 1971 में भाग लेने वाली ऋण संस्थाओं की संख्या 18 पर अपरिवर्तित बनी रही । गैर-औद्योगिक क्षेत्र के संबन्ध में, इन तीनों ऋण गारन्टी योजनाओं के अंतर्गत गारंटीकृत कुल अग्रिमों की राशि जून 1983 के अंत के 5,774 करोड़ रुपये से बढ़कर जून 1984 के अंत में 6,115 करोड़ रुपय हो गयी जो 5.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है ।

211. निगम की लघु ऋण गारंटी योजना 1981 में भाग लेने वाली संस्थाओं की संख्या बढ़कर जून 1984 के अंत में 387 हो गयी जिसमें 72 वाणिज्य बैंक, 110 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, 16 राज्य वित्त निगम, 7 राज्य विकास एजेंसियां तथा 182 सहकारी बैंक शामिल थे । लघु उद्योग क्षेत्र के गारंटीकृत अग्रिमों की राशि जून 1982 के अंत के 3,822 करोड़ रुपये से बढ़कर जून 1983 के अंत में 4,154 करोड़ रुपये हो गयी जो 8.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

212. 1983-84 (जुलाई-जून) की अवधि के दौरान निगम को अपनी गैर-औद्योगिक योजनाओं के संबंध में 34.23 करोड़ रुपए के 1,47,452 दावे तथा लघु उद्योगों के लिए गारंटी योजना के संबंध में 43.56 करोड़ रुपए के 15,751 दावे प्राप्त हुए । उक्त अवधि में कुल मिलाकर, गैर औद्योगिक योजना के संबंध में 27.31 करोड़ रुपए के 1,६5,419 दावों तथा लघु उद्योग योजना के संबंध में 17.94 करोड़ रुपए के 10,001 दावों का निपटान किया गया ।

213. निगम के कारोबार में हुई पर्याप्त वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, निगम की प्राधिकृत पूंजी को 15 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 50 करोड़ रुपए करने के लिए कदम उठाये गये हैं जो पूर्णतः रिजर्व बैंक द्वारा अभिदत्त होगी । इस संबंध में, संसद द्वारा आवश्यक कानून पारित किया जा चुका है और उस पर 12 फरवरी, 1984 को राष्ट्रपति की सहमति भी प्राप्त हो गयी है ।

गैर बैंकिंग कम्पनियों द्वारा जमा राशियां स्वीकार किया जाना

214. वर्ष के दौरान गैर-बैंकिंग वित्तीय तथा विविध गैर बैंकिंग कम्पनियों को बैंक द्वारा जारी किये गये निदेशकों के दो सेटों में कुछ

संशोधन किये गये 30 मार्च 1984 से लागू हुए इन संशोधनों के अनुसार पात्र नकद आस्तियों की सूची से नकदी के घटक को हटा दिया गया है। किराया-खरीद वित्त तथा आवासीय कम्पनियों को अब नकद आस्तियां रखने की अनुमति दी गयी है जो वे अनुसूचित बैंकों में किसी भी प्रभार/ग्रहणाधिकार से मुक्त जमा खातों अथवा भार रहित अनुमोदित प्रतिभूतियों अथवा दोनों के रूप में रख सकते हैं। इसके अलावा जमाराशियों के समय से पहले किये जाने वाले आहरणों के लिए वित्तीय तथा विविध गैर-बैंकिंग कम्पनियों द्वारा लिए जाने वाले दंडात्मक ब्याज की दर को भी दो प्रतिशत से घटाकर एक प्रतिशत कर दिया गया है ताकि वह वाणिज्य बैंकों द्वारा ली जाने वाली दंडात्मक ब्याजदर के बराबर हो जाये।

215. बैंकिंग विविध (संशोधन) अधिनियम 1963 द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम में एक नया अध्याय III सी शामिल किया गया है, जिसके अनुसार गैर निगमित निकायों को एक विनिर्दिष्ट सीमा के बाद जनता से जमा राशियां स्वीकार करने के लिए निषेधित किया गया है। इस प्रकार कोई व्यक्ति, विनिर्दिष्ट संबंधियों को छोड़कर 25 जमाकर्ताओं से अधिक से जमा राशियां स्वीकार नहीं कर सकता। इसी प्रकार, एक साझेदारी फर्म अथवा व्यक्तियों के अनिगमित संघ को प्रति साझेदार व्यक्ति 25 जमाकर्ताओं तथा कुल 250 जमाकर्ताओं से अधिक से जमा राशियां स्वीकार करने के लिए निषेधित किया गया है, इसमें उनके संबंधी शामिल हैं। लेकिन, यह अधिकतम सीमा जमाकर्ताओं की संख्या पर लागू है, जमा राशि के संबंध में लागू नहीं है।

गैर-बैंकिंग कम्पनियों की जमा राशियां

216. 31 मार्च 1983 को गैर-बैंकिंग कम्पनियों की जमा राशियों की वृद्धि के बारे में किये गये सर्वेक्षण से यह स्पष्ट होता है कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष के दौरान जमाखातों की संख्या 59.14 लाख से बढ़कर 75.11 लाख हो गयी तथा 5,356 रिपोर्टिंग कम्पनियों की कुल जमा राशि 9,194 करोड़ रुपए हो गयी जबकि गत वर्ष 5,420 रिपोर्टिंग कम्पनियों की कुल जमा राशि 5,492 करोड़ रुपए थी। 9,194 करोड़ रुपयों की कुल जमा राशि में से 2,557 गैर-वित्तीय कम्पनियों की राशि 6,764 करोड़ रु० (73.6 प्रतिशत), 2,296 वित्तीय कम्पनियां की राशि 2,201 करोड़ रुपये (23.9 प्रतिशत) तथा 503 विविध गैर-बैंकिंग कम्पनियों (चिट फंड कम्पनियों) की राशि 229 करोड़ रुपए (2.5 प्रतिशत) थी 1,955 पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों, अथवा 5,356 रिपोर्टिंग कम्पनियों की 36.5 प्रतिशत कम्पनियों की कुल जमा राशियां 8,455 करोड़ रुपये (92.0 प्रतिशत) थी, जबकि 3,401 प्राइवेट लिमिटेड कम्पनियों (63.5 प्रतिशत) की कुल जमा राशियां केवल 739 करोड़ रुपये (8.0 प्रतिशत) थी। 31 मार्च 1983 को, सरकारी कम्पनियों की कुल जमा राशियां 4,018 करोड़ रुपए (43.7 प्रतिशत) थी जबकि पिछले वर्ष ऐसी 52 कम्पनियों की कुल जमा राशियां 2,337 करोड़ रुपये थी। 1982-83 के दौरान नियमित किये जाने के उपायों के अधीन जमा राशियां 1,519 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,977 करोड़ रुपये हो गयी जबकि ऐसी राशियां जो सांविधिक प्रतिबंधों से मुक्त हैं, उदाहरण के लिए केन्द्र तथा राज्य सरकारों से उधार, 3,972 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,217 करोड़ रुपये हो गयी। 1982-83 में गैर-बैंकिंग कंपनियों की कुल जमा राशियों में 67.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि नियमित किये जाने के उपायों के अधीन जमाराशियों की वृद्धि 30.1 प्रतिशत के आसपास थी। इसकी तुलना में बैंक जमाराशियों में वृद्धि 20.1 प्रतिशत की थी।

निर्गम कार्यालय

217. इस वर्ष के दौरान त्रिवेन्द्रम स्थित निर्गम विभाग के उप-कार्यालय को पूर्ण निर्गम कार्यालय का दर्जा दे दिया गया और चंडीगढ़ में एक उप-कार्यालय खोला गया। इसके साथ, अब देश में 15 पूर्ण निर्गम कार्यालय तथा 2 उप-कार्यालय हो गये हैं।

करेंसी चेस्ट

218. देश में जून 1984 के अंत में कुल 3,878 करेंसी चेस्ट थे (इनमें 606 रिपाजिटरी शामिल नहीं हैं)। इनमें से, रिजर्व बैंक के पास 17 स्टेट बैंक समूह के पास 3,197 राष्ट्रीयकृत बैंकों के पास 389 तथा सरकारी कोषागारों/उपकोषागारों के पास 271 और जम्मू एण्ड कश्मीर बैंक लि. के पास 4 करेंसी चेस्ट थे।

सर्वेक्षण

219. मार्च 1984 में वाणिज्य बैंकों द्वारा सहायता प्राप्त लघु उद्योग इकाइयों, निजी निगमित इकाइयों तथा कारीगरों और दस्तकारों का एक देशव्यापी सर्वेक्षण प्रारम्भ किया गया। इस सर्वेक्षण के लिए क्षेत्र-आधार वित्त प्रदान करने वाले बैंकों द्वारा उपलब्ध किया जा रहा है। 'अवर्गित प्राप्तियों' से संबंधित जो सर्वेक्षण अब तक प्रति वर्ष एक तिमाही के लिए आयोजित किया जाता था, उसे वित्तीय वर्ष 1984-85 से सभी तिमाहियों के लिए शुरू किया गया है। यह ऐसी अवर्गित प्राप्तियों (विदेश से व्यक्तिगत रूप से 10,000 रुपये से कम के बराबर राशियों) के प्रेषण के प्रयोजनवार तथा देशवार अलग अलग ब्योरों से संबंधित है।

220. अखिल भारतीय ऋण और निवेश सर्वेक्षण 1981-82 से, जो बैंक की पहल पर राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन के सहयोग से आयोजित किया गया था, संबंधित आंकड़ों के अभिसंस्करण तथा सांख्यिकीय सारणियां बनाने के काम लगभग समाप्त हो चुका है।

221. भारत की विदेशी देयताएं और आस्तियां 1981-82 की गणना के लिए कम्पनियों से प्राप्त सूचियों के अभिसंस्करण का काम चल रहा है।

रिजर्व बैंक के संगठनात्मक मामले तथा सेवायें

कार्यों के लिए मानदंड

222. वर्ष के दौरान, लोक ऋण कार्यालयों तथा स्थापना अनुभाग को जहां तुलनात्मक रूप से अधिक कर्मचारी काम में लगाये गये हैं प्रमुख गतिविधियों के संबंध में लिपिकीय कार्य हेतु मानदंड निर्धारित करने के लिए प्रयास किये गये और उनके कार्यान्वयन के लिए चरणबद्ध रूप से कारंवाई की जा रही है।

मशीनीकरण/कम्प्यूटरीकरण

223. उत्पादकता ग्राहक सेवा में सुधार की दृष्टि से कई और कार्यों का मशीनीकरण/कम्प्यूटरीकरण किया गया। गैर-औद्योगिक दावों के निपटान तथा निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम के प्रीमियम/शुल्क के लेखाकरण से संबंधित कार्यों का कम्प्यूटरीकरण किया गया। नागपुर कार्यालय में सरकारी लेखों तथा प्रेषण समाशोधन खातों के रखरखाव से संबंधित कार्य का भी कम्प्यूटरीकरण कर दिया गया है और अगस्त में उक्त दोनों जगह एक साथ काम शुरू हो जाएगा। विदेशी लेखा प्रभाग, शीर्ष स्तर के प्रबन्ध के लिए सूचना प्रणाली तथा रिजर्व बैंक सर्विसेज बोर्ड के कार्यों के कम्प्यूटरीकरण के लिए बंबई में मिनी-कम्प्यूटर प्रणाली शुरू की जा रही है। निर्गम विभाग, भायखला में संसाधन परिचालन कार्य का भी कम्प्यूटरीकरण किया गया। जैसा कि पहले उल्लेख किया जा चुका है, अन्तर नगर चैकों के समाशोधन में तेजी लाने के लिए एम.आई.सी.आर. प्रौद्योगिकी पर आधारित कम्प्यूटर प्रणाली शुरू की जा रही है। दो और कार्यालयों अर्थात बेंगलूर और हैदराबाद में लेजर पोस्टिंग मशीनें लगायी जा रही हैं। रिजर्व बैंक द्वारा टेलिकम्युनिकेशन्स कंसल्टेंट्स आफ इंडिया लि० के परामर्श से दूर संचार का एक समर्पित तंत्र भी विकसित किया जा रहा है।

बैंकर प्रशिक्षण महाविद्यालय, बम्बई

224. बैंकर प्रशिक्षण महाविद्यालय ने केन्द्रीय वाणिज्य और विकास बैंकिंग के क्षेत्र में सामान्य कार्यक्रम, ऋण क्षेत्र में विशेष/प्रयोजन मूलक कार्यक्रम तथा कार्मिक प्रबंध औद्योगिक संबंध और संगठन तथा पद्धति से

संबंधित क्षेत्रों के लिए विशेष प्रबंधकीय कार्यक्रमों आदि का आयोजन करना जारी रखा। इसके अलावा, निष्पादन बजटिंग बैंकरों के लिए सांख्यिकीय, बैंकों के विधिक पहलू, व्यापार बैंकिंग, संकाय विकास, पोर्टफोलियो मैनेजमेंट आदि विषयों पर भी कार्य-क्रम आयोजित किये गये।

225. वर्ष के दौरान बैंक ने मानव संसाधन विकास रूपी इकाइयों की पुनर्संरचना (बैंक के तकनीकी अधिकारियों के लिए) प्रबंध सूचना प्रणाली, आदि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर 15 नये कार्यक्रम शुरू किये। निरीक्षण कार्यक्रम (रिजर्व बैंक के प्रमुख निरीक्षण अधिकारियों के लिये आयोजित), पट्टे पर वित्त विषयक कार्यशाला, औद्योगिक वित्त विषयक सेमिनार (रिजर्व बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए) तथा बैंक अर्थ-शास्त्रियों का सेमिनार। महाविद्यालय ने रिजर्व बैंक में ग्रेड 'बी' अधिकारी के पदों के लिए आवेदनों करने वाले अनुसूचित जनजातियों के उम्मीद-वारों के लिए एक नियुक्ति-पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। यूरो-करेंसी बाजार परिचालन, अन्तर शाखा लेखा समायोजन आदि जैसे क्षेत्रों के लिए सेमिनार/कार्यशालाएं भी आयोजित की गयीं। बैंक ने दूसरे बैंकों के अनुरोध प्राप्त होने पर उनकी प्रशिक्षण संस्थाओं में संकाय सहायता भी उपलब्ध करायी।

226. उक्त अवधि के दौरान आयोजित किये गये विभिन्न प्रकार के 90 कार्यक्रमों में से 17 कार्यक्रम बाहरी केन्द्रों पर चलाये गये। इनमें से 13 कार्यक्रम प्रयोजक संस्थाओं की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किये गये तथा उनके स्वयं के प्रशिक्षण केन्द्रों पर चलाये गये। छोटे बैंकों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारतीय निजी क्षेत्र के बैंकों के शाखा प्रबन्धकों के लिए सामान्य प्रशिक्षण सहित 3 बाहरी केन्द्र कार्यक्रम आयोजित किये गये। उक्त अवधि में रिजर्व बैंक के 2472 अधिकारियों को महाविद्यालय में प्रशिक्षित किया गया और इस प्रकार 1954 में महाविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक प्रशिक्षित अधिकारियों की संख्या बढ़कर 26,621 हो गयी है।

227. 'बी.टी.सी. बुलेटिन' के, नियमित प्रकाशन के अलावा महाविद्यालय ने निम्नलिखित दो प्रकाशन निकाले (1) प्लान एण्ड प्रोसीजर फॉर ऑडिटिंग दी डीलिंग रूम तथा (2) मैनेजमेंट आडिट।

रिजर्व बैंक स्टाफ महाविद्यालय, मद्रास

228. रिजर्व बैंक स्टाफ महाविद्यालय, मद्रास बैंक के विभिन्न विभागों में कार्यरत ग्रेड 'ए' से ग्रेड 'सी' तक के स्टाफ अधिकारियों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करता रहा।

वर्ष के दौरान 76 कार्यक्रमों के माध्यमों से 1,720 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ, 1963 में इसकी स्थापना से लेकर अब तक 14,509 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। सामान्य रूप से चलाये जाने वाले व्यापक तथा अन्य प्रयोजनमूलक कार्यक्रमों के अलावा, जिनमें से कुछ में पुनरीक्षा के बाद परिवर्तन किये गये थे, कुछ नये कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इनमें (I) डीलिंग रूम की कार्यप्रणाली, विदेशी मुद्रा व्यापार में निहित जोखिम आदि में ग्रेड ए/बी/सी के अधिकारियों को अवगत कराने के लिए विदेशी मुद्रा व्यापार (II) भारत में निर्यातों के संबन्ध में नियमों और विनियमों तथा क्रियाविधियों का विस्तृत जानकारी देने के लिए निर्यात विषयक अनुवर्ती कार्यवाई (III) सहभागियों को संप्रेषण के क्षेत्र में उनकी अप्रकट क्षमताओं से परिचित कराने के लिए सम्प्रेषण कार्यशाला (IV) आर्थिक विकास के एक उपकरण के रूप में भारत में बैंकिंग प्रणाली की सक्रिय भूमिका बताने के लिए तथा सहभागियों को जिला ऋण योजनाओं और वार्षिक कार्य योजनाओं की जानकारी देने के लिए विकास के लिए बैंकिंग योजनाएं तथा (V) एक मूल्यवान कार्यपालक संसाधन के रूप में समय का बोध और उपयोग विकसित करने के लिए आपके समय का प्रबन्धन आदि कार्यक्रम शामिल थे।

कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, पुणे

229. कृषि वित्त और उससे संबन्धित विषयों पर सामान्य और विशिष्ट कार्यक्रमों के अंतर्गत कृषि बैंकिंग महाविद्यालय ने, उक्त अवधि के दौरान 85 नियमित कार्यक्रमों के माध्यम से, विशिष्ट कार्यक्रम तथा दो बाहरी केन्द्र कार्यक्रम शामिल हैं, भारत तथा विदेश में स्थित विभिन्न बैंकिंग संस्थाओं तथा सरकार के 2,077 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया और इस प्रकार सितम्बर 1969 में महाविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक प्रशिक्षित अधिकारियों की कुल संख्या बढ़कर 21,247 हो गयी है। कृषि बैंकिंग में प्रशिक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केन्द्र ने महाविद्यालय परिसर में दो कार्यक्रम आयोजित किये—जिनमें से एक कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले गरीब लोगों के लिए परियोजना वित्त पर तथा दूसरा ग्रामीण क्षेत्र के गरीब लोगों के लिए उत्पादन वित्त पर आयोजित किया गया था। इन कार्यक्रमों में भारत के अलावा बंगलादेश, नेपाल तथा श्रीलंका के प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

230. महाविद्यालय ने दो सेमिनारों का आयोजन किया, जिनमें से एक "कमजोर वर्गों को ऋण सहायता" पर था जिसमें सरकार, बैंकों तथा भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम और 'भारतीय औद्योगिक विकास बैंक' आदि जैसी अन्य वित्तीय संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिये तथा दूसरा सेमिनार "ग्रामीण क्षेत्र के विशेष सन्दर्भ में 20 सूत्री आर्थिक कार्यक्रम के उत्पादकता तथा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को ऋण और विसपोषण" विषय पर वाणिज्य/सहकारी बैंकों के महाप्रबंधकों/संयुक्त महाप्रबंधकों के लिए आयोजित किया गया था। महाविद्यालय ने एशियाई और पेसिफिक क्षेत्रीय कृषि ऋण संघ द्वारा प्रायोजित एक राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला का भी आयोजन किया जिसका विषय "ग्रामीण क्षेत्र के गरीब लोगों के लिए ग्रामीण स्तर का ऋण परियोजना" था जिसमें भाग लेने वालों ने बैंकों से सहायता के लिए योग्य परियोजनाओं के चयन और तैयारी का कार्य किया। महाविद्यालय ने पहली बार शिक्षित बेरोजगार युवकों के लिए स्वनियोजन योजना तथा एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत गैरकृषि क्षेत्र वित्त पर भी एक सेमिनार आयोजित किया।

आंचलिक प्रशिक्षण केन्द्र

231. भायखाला (बम्बई) कलकत्ता, मद्रास और नयी दिल्ली स्थित आंचलिक प्रशिक्षण केन्द्रों ने लिपिकीय कर्मचारियों के लिए विशेष पाठ्यक्रमों, लिपिक ग्रेड II के लिए प्रारम्भिक पाठ्यक्रमों तथा टेलर/सिक्का/नोट परीक्षक ग्रेड I के लिए विशेष पाठ्यक्रमों का आयोजन करना जारी रखा। वर्ष के दौरान आंचलिक प्रशिक्षण केन्द्र भायखाला ने श्रेणी IV के कर्मचारियों को भी प्रशिक्षण प्रदान किया। चारों आंचलिक प्रशिक्षण केन्द्रों में कुल मिलाकर 2486 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया और इस प्रकार आंचलिक प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना से लेकर अब तक प्रशिक्षण पाने वाले कर्मचारियों की कुल संख्या 25,533 हो गयी। आंचलिक प्रशिक्षण केन्द्रों ने श्रेणी II के 137 कर्मचारियों को भी प्रशिक्षित किया है।

प्रशिक्षण के लिए कर्मचारियों की देश और विदेश में प्रतिनियुक्ति

232. बैंक ने अपने अधिकारियों को देश विदेश की प्रतिष्ठित प्रबंध तथा अन्य संस्थाओं द्वारा आयोजित किये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सेमिनारों तथा सम्मेलनों में भाग लेने के लिए प्रतिनियुक्ति करना जारी रखा। उक्त अवधि के दौरान, बैंक ने ऐसी संस्थाओं द्वारा आयोजित किये गये विभिन्न कार्यक्रमों में अपने 201 अधिकारियों को नामित किया, जिनके विषय प्रबंध तथा अन्य संबंधित क्षेत्रों के अलावा प्रशिक्षकों वाणिज्य बैंकिंग प्रशासन, विदेशी मुद्रा नियंत्रण आदि से संबंधित प्रयोजन मूलक कार्यक्रमों से संबंधित थे। कुल मिलाकर बैंक के 19 अधिकारियों को अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, स्विजरलैण्ड, कोरिया, पश्चिम जर्मनी, मलेशिया जापान, सिंगापुर, फिलीपीस, घाना, इंडोनेशिया, थाइलैण्ड आदि की बैंकिंग और वित्तीय संस्थाओं में प्रशिक्षण और अध्ययन दौरे पर प्रतिनियुक्त किया गया।

233. अन्य संस्थाओं को रिजर्व बैंक के संकाय सदस्यों की सेवाएं उपलब्ध कराने के एक भाग के रूप में रिजर्व बैंक स्टाफ महाविद्यालय के एक संकाय सदस्य तथा बैंकर प्रशिक्षण महाविद्यालय के उप-प्रधानाचार्य को नवम्बर 1983 में दक्षिण-पूर्वी एशियाई केन्द्रीय बैंक अनुसंधान और प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा काठमांडू में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में वित्तीय प्रबंध पर कुछ सत्र लेने के लिए भेजा गया ।

234. बैंकर प्रशिक्षण महाविद्यालय के दो संकाय सदस्यों को पीपल्स बैंक, कोलम्बो, श्रीलंका के अधिकारियों के लिए आयोजित विकास बैंकिंग कार्यक्रम में व्याख्यान देने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया तथा तीन अन्य संकाय सदस्यों को स्टेट कामर्शियल बैंक लि., मारीशस द्वारा बैंकों के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया । तंजानिया में आयोजित ईस्ट अफ्रीकन बैंकिंग कोर्स में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को व्याख्यान देने के लिए दो वरिष्ठ अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया ।

विदेशी बैंकों के अधिकारियों को उपलब्ध करायी गयी प्रशिक्षण सुविधाएं

235. बैंक ने विदेशों के केन्द्रीय और वाणिज्य बैंकों से प्राप्त विशेष अनुरोधों पर उनके अधिकारियों को प्रशिक्षण और अध्ययन सुविधाएं देना जारी रखा । इनमें एशियाई और पेसिफिक क्षेत्रीय कृषि ऋण संघ (ए. पी. आर. ए. सी. ए.) स्टाफ एक्सचेंज प्रोग्राम, कामनवेल्थ फंड टेक्निकल कोआपरेशन लंदन, कोलंबो प्लान की तकनीकी सहयोग की योजना यूनाइटेड नेशन्स डेवलपमेंट प्रोग्राम आदि जैसी अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता की योजनाओं के अन्तर्गत प्रायोजित कार्यक्रम भी शामिल थे । जिन 82 प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण सुविधाएं दी गयीं उनमें से, 36 श्रीलंका से, 17 नेपाल से, 9 अफगानिस्तान से, 4-4 भूटान और युगांडा से, 3 तंजानिया से, दो-दो नाइजीरिया तथा केन्या से तथा एक-एक मालदीव द्वीप, इथियोपिया, जाम्बिया, बंगलादेश तथा फिलिपीन्स से थे । इनमें से अंतिम दो देशों के प्रतिनिधि एशियाई और पेसिफिक क्षेत्रीय कृषि ऋण संघ (ए. पी आर. ए. सी. ए.) स्टाफ एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत आए थे ।

बैंक के प्रबंधकों तथा कर्मचारियों के बीच संबंध

236. औद्योगिक संबंधों की स्थिति, कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रही । अखिल भारतीय रिजर्व बैंक कर्मचारी संघ तथा बैंक के बीच श्रेणी III के कर्मचारियों के संबंध में किया गया वेतन समझौता जिसपर दिये न्यायाधिकरण की सहमति प्राप्त हुई थी व श्रेणी III के कर्मचारियों के संबंध में आल इंडिया रिजर्व बैंक वर्कर्स फेडरेशन और बैंक के बीच हुआ समझौता 31 अगस्त, 1982 को समाप्त हो गया । संघ फेडरेशन द्वारा बैंक को क्रमशः जुलाई 1983 तथा सितम्बर 1983 में प्रस्तुत किए गए नए मांग पत्रों पर बातचीत चल रही है ।

237. 'रिजर्व बैंक आफ इंडिया आफिसर्स एसोसिएशन' के साथ संयुक्त परामर्श समिति की बैठकों तथा वार्षिक बैठक के अलावा, जब-जब भी विशिष्ट मामले सामने आए, आल इंडिया रिजर्व बैंक स्टाफ अधिकारी एसोसिएशन के साथ, हमेशा की तरह, विचार-विमर्श किया गया ।

